आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 8 जून 2024 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-071 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

रामोजी राव का निधन

हैदराबाद,8 जून। मीडिया जगत की जानी मानी हस्ती एवं खबरों और मनोरंजन की दुनिया में व्यापक बदलाव लाने वाले रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव का शनिवार सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। समाचारपत्र 'ईनाडु' से जुड़े सूत्रों ने बताया कि राव को सांस लेने में परेशानी के कारण पांच जून को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आज सुबह चार बजकर 50 मिनट पर उनका निधन हो गया। राव के पार्थिव शरीर को शहर के बाहरी इलाके में स्थित रामोजी फिल्म सिटी में उनके आवास पर लाया गया। रामोजी राव ने समाचारपत्र ईनाडु और ईटीवी चैनल समूह की शुरुआत करके अविभाजित आंध्र प्रदेश में मीडिया जगत में क्रांतिकारी बदलाव किया। उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामोजी राव के निधन पर शनिवार को शोक व्यक्त किया और उन्हें भारतीय मीडिया में क्रांति लाने वाला दूरदर्शी व्यक्ति करार दिया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राव के समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत पर अमिट छाप छोड़ी है।

दो युवकों को अज्ञात वाहन ने चपेट में लिया 1 की मौत ,1 घायल

भखारा,8 जून। पुरानी रायपुर - धमतरी मुख्य मार्ग में स्थित नगर पंचायत भखारा में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं से नगर वासी सहम गए हैं आए दिन भारी वाहनों के कारण सड़क दुर्घटना घटित हो रहै है अज्ञात भारी वाहनों ने अनेकों लोगो की जान ले ली है जिसके चलते नगरवासियों में भारी आक्रोश है बता दे कि सुबह के समय में मॉर्निंग वॉक में निकले भखारा के दो युवक मृतक बेदराम यादव पिता स्व.जवाहर यादव उम्र 45 वर्ष वार्ड क्रमांक 08 व घायल चंद्रप्रास साहू उम्र 45 वर्ष को अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया है जिसके चलते एक युवक मौके पर ही मौत हो गया है वही एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया है भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाने एवं गति नियंत्रक ब्रेकर बनाने व बाईपास मार्ग को शीघ्र निर्माण करने की मांग को लेकर नगरवासियों ने मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया है चक्काजाम की स्तिथि को देखते हुए मौके पर तहसीलदार बलराम तम्बोली,थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर,प्रधान आरक्षक सीता राम नारंग,रामसिंग साहू मौजूद है!

उद्धव ठाकरे के घर के बाहर शिंदे गुट ने लगाए पोस्टर

मुंबई, 8 जून। नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं. वह 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे. इस शपथ ग्रहण को लेकर एनडीए गठबंधन में शामिल नेता जगह-जगह पोस्टर लगवा रहे हैं. शिवसेना-यूबीटी के नेता उद्धव ठाकरे के घर मातोश्री से सटे हाईवे पर भी पोस्टर लगाया गया है. इन पोस्टरों में लिखा, फिर एक बार मोदी सरकार, राजतिलक की करो तैयारी...एक अकेला सब पर भारी! बताया जा रहा है कि पोस्टर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी की ओर से लगाया गया है. जानकारी के मुताबिक, शिंदे गुट के विभाग प्रमुख कुणाल सरमलकर ने मातोश्री के बाहर ये पोस्टर लगाया है. गौरतलब है कि कुछ दिन पहले मातोश्री के बाहर बीजेपी नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नव निर्वाचित सांसद नारायण राणे का भी पोस्टर लगाया गया था. पोस्टर में उन्हें कोंकण का किंग बताया गया था. शिवसेना ने महायुति के साथ मिलकर पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा. महायुति को राज्य में 17 सीटों पर जीत मिली।

बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के ठिकानों पर ईडी का छापा

डोंगरगढ़,8 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

लोकसभा चुनाव के परिणाम सामने आते ही छत्तीसगढ़ में ईडी (केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय) एक बार फिर से छत्तीसगढ़ में एक्टिव हो गई है. ईडी ने आज रायपुर के साथ ही राजनांदगांव जिले की धर्म नगरी डोंगरगढ़ में दबिश दी है. ईडी ने मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और डोंगरगढ़ राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के रायपुर और डोंगरगढ़ स्थित ठिकानों पर ईडी की छापेमार कार्रवाई की है.डोंगरगढ़ राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के रायपुर निवास पर ईडी की कार्रवाई जारी. बता दें, ईडी ने कस्टम मिलिंग मामले पर मनोज अग्रवाल के ठिकानों पर रेड कार्रवाई की है. मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के घर पर सुबह 5 बजे से ईडी की छापेमार कार्रवाई जारी है. ईडी के अधिकारी दो अलग-अलग गाड़ी में पहुंचकर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के ठिकाने पर रेड कार्रवाई की है. फिलहाल ईडी की कार्रवाई जारी है. बता दें, लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आते ही प्रदेश में ईडी फिर से एक्शन मोड पर आ चुकी है. बीते दिनों ईडी ने प्रदेश के कई कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है. पिछले हफ्ते में रायपुर में 2 जगह, दुर्ग में 2 जगह और खरोरा में 1 जगह ईडी ने छापेमार कार्रवाई की. इसके बाद आज कस्टम मीलिंग घोटाला मामले में मनोज अग्रवाल के रायपुर और डोंगरगढ़ के ठिकानों पर सुबह से ही रेड कार्रवाई जारी है.

किराए पर वाहन लेने की व्यवस्था समाप्त

रायपुर,8 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने राज्य सरकार के सभी विभागों,निगम,मंडल,उपक्रम निकाय में वाहन किराए पर लेने की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से रोक दिया है।फ़ायनेंस डिपार्टमेंट ने वाहन किराए पर लेने को लेकर नीति निर्देशिका जारी करते हुए करीब 22 शर्तें प्रभावी की हैं। नीति निर्देशिका में यह बेहद स्पष्ट किया गया है कि,किस स्तर के अधिकारी को किस कस्मि के वाहन को किराए पर लेने की पात्रता होगी तथा उसका किराया क्या होगा।फ़ायनेंस सेक्रेटरी मुकेश बंसल ने उकाशय के आदेश जारी कर दिए हैं। वित्त विभाग ने आदेश जारी कर वाहन किराए पर लेने की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है।संबंधित वित्तीय अधिकार जो वाहन को किराए पर लेने की अधिकारिता देते है, उसे समाप्त कर दिया गया है।फ़ायनेंस डिपार्टमेंट के इस पत्र में उल्लेख है कि,विभिन्न विभागों और उनके अधिनस्थ कार्यालयों में जो किराए का वाहन उपयोग में लिया जा रहा है,उसमें एकरूपता नहीं है,यह एकरूपता हो इसके लिए व्यापक दिशा निर्देश तथा 22 शर्तें प्रभावी की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि,किराये के वाहन की दरें राज्य मद से से किराये पर लिए जाने वाले वाहनों के साथ साथ केंद्र पोषित अथवा अन्य मदों से वित्त पोषित योजनाओं के तहत किराये पर भी लिये जाने वाले वाहनों पर समान रूप से लागू होंगे। फ़ायनेंस डिपार्टमेंट के इस आदेश में बताया गया है कि यदि किराए पर वाहन लिया जाएगा तो वित्त विभाग की सहमति से ही वाहन विशेष उद्देश्य और निर्धारित अवधि के लिए किराए पर लिया जा सकता है। वित्त विभाग ने वाहनों के प्रकार (मॉडल) को पाँच श्रेणियों में बाँटा है,और इसके लिए दर भी निर्धारित कर दी है।फ़ायनेंस डिपार्टमेंट के इस आदेश में इनोवा/महिंद्रा एक्सयूवी 700/ टाटा हैरियर और टाटा सफ़ारी वाहनों को कलेक्टर,एसपी,विभागाध्यक्ष और उससे उच्च स्तर के अधिकारियों को ही पात्र बताया गया है। वित्त विभाग ने किराये के लिए तीन श्रेणियाँ तय की है। जिसमें 75 हज़ार प्रतिमाह का किराया तब दिया जा सकेगा जबकि 2000 किलोमीटर चला जाए।प्रतिदिन 100 किलोमीटर तक के लिए 4000 रुपए, और यदि मासिक/ प्रतिदिवस की निर्धारित सीमा से अधिक चले तो अतिरिक्त किराया 18 रुपया प्रति किलोमीटर होगा। इस किराये की दर भी वाहन के प्रकार के हिसाब से अलग अलग है। वाहन किराए पर लेने के लिए 22 शर्तें अधिरोपित की गई है।इनमें लॉग बुक का संधारण के साथ साथ यह उल्लेख भी है कि,वाहन मुख्यालय के बाहर रहने और मुख्यालय में रहने पर कोई किराया देय नहीं होगा।वाहन का उपयोग अवकाश दिवसों पर भी होगा।ड्राइवर के खिलाफ़ कोई अपराधिक मामला या कि दुर्घटना प्रकरण दर्ज नहीं होना चाहिए। इन 22 शर्तों का एग्रीमेंट कार्यालय प्रमुख करेंगे।

पांच साल नहीं चल पाएगी केंद्र सरकार: भूपेश बघेल

रायपुर,8 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सीडब्लूसी की बैठक में शामिल होने राजधानी दिल्ली रवाना हुए। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की बड़ी हार हुई है, पर भूपेश बघेल ने कहा, इस बार लगता था चार-पांच सीट आ जाएगी। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में लोगों का बीजेपी की तरफ रुझान रहा है। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरीके का रुझान रहा है। जनता के बीच हम लोग उस तरीके से बातें नहीं रख पाए है। एनडीए की सरकार 5 साल नहीं चलेगी। इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि, आंध्रप्रदेश और बिहार दोनों राज्य स्पेशल स्टेटस मांग रहे हैं। इसी आधार पर चंद्रबाबू नायडू उस समय एनडीए से अलग हुए थे। अग्निवीर और जाति जनगणना अलग होना चाहिए, यह इंडिया गठबंधन की मांग है। और ये सारी चीजें मोदी सरकार के विपरीत है। भाजपा यूसीसी की बात करेंगे तो नीतीश और नायडू दोनों खड़े हो जाएंगे। दोनों जगह मुस्लिम आरक्षण लागू है। भूपेश बघेल ने आगे कहा कि, मोदी अटल जी नहीं है, जो सबको साथ में लेकर चले। मोदी किसी की नहीं सुनते हैं। महतारी वंदन योजना की सरकार जांच कराएगी, इस मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि, वोट लेना था इसलिए ये योजना शुरू की गई थी।

वैष्णो देवी दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बस पलटी,2 की मौत

रायपुर,8 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के लोग जम्मू के वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन कर बस से वापस लौट रहे थे, लेकिन रास्ते पर यूपी के फिरोजाबाद में हादसे का शिकार हो गए. शनिवार तड़के साढ़े तीन बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर श्रद्धालुओं से भरी बस पलट गई. हादसे में मासूम बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई. वहीं 35 लोग घायल हो गए हैं. बताया जा रहा है कि मृतकों की संख्या और भी बढ़ सकती है. हादसा एक्सप्रेसवे पर नसीरपुर थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 51 के पास हुआ. 28 मई को श्रद्धालुओं से भरी बस छत्तीसगढ़ से जम्मू स्थित मां वैष्णों देवी के दर्शन के लिए गई थी. बस में सभी 65 लोग छत्तीसगढ़ के रहने वाले सवार थे. श्रद्धालु मां वैष्णों देवी के दर्शन करके वृंदावन पहुंचे थे. यहां से बीती रात करीब 1 बजे प्रयागराज होते हुए छत्तीसगढ़ जाने के लिए निकले. बताया जा रहा है कि चालक को नींद की झपकी आने की वजह से ये हादसा हुआ है. बस अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस वे से नीचे जाकर पलट गई. सूचना के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायलों में 7 साल और 14 साल की दो बालिकाएं भी शामिल हैं, जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई. दोनों की अभी शिनाख्त नहीं हुई है. सभी लोग छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं, जो वैष्णो देवी से दर्शन कर वृंदावन आए थे और शुक्रवार की रात वापस छत्तीसगढ़ जा रहे थे. बस पलटने के बारे में सूचना मिलते ही एक्सप्रेस वे पर मौजूद कर्मचारी व नसीरपुर इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे और तुरंत घायलों को निकालकर संयुक्त चिकित्सालय व फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज पहुंचाया. यहां दो लोगों की मौत हो गई. वहीं 35 लोग घायल हो गए हैं. इसमें कई व्यक्तियों की हालत गंभीर है. उन्हें सैफई के लिए रेफर कर दिया गया है, बाकी घायलों का अभी इलाज किया जा रहा है.

ये हुए हादसे के शिकार

हादसे में भूषण कुमार साहू निवासी छत्तीसगढ़ पटोरा, नूतन साहू निवासी आरकार जिला बालोद थाना सनोल, भाग्य लक्ष्मी, नेमा निवासी आमा लोरी जिला दुर्ग, कांति यादव, पुष्पेंद्र निवासी आमा लोरी जिला दुर्ग, गीता ठाकुर निवासी आमा लोरी, परशराम निवासी मर्रा थाना उदई जिला दुर्ग, आरती साहू निवासी रायपुर, कारती ठाकुर निवासी आमा लोरी, पुलेस्वर प्रसाद साहू निवासी रायपुर, प्रतिभा निवासी बतौरा जिला दुर्ग, तामेस्वरी निवासी आमा लोरी, विमला बाई निवासी आमा लोरी, पूर्णिमा निवासी आमा लोरी, चेतन लाल मटियारा, लक्ष्मी मटियारा निवासी आमा लोरी, लक्ष्मी साहू निवासी पतोरा, कामती निवासी गुण्डरदयी, जिवराखन पटेल निवासी आमा लोरी, ललिता निवासी ऊतई, पिंगला निवासी दुर्ग, रूपा साहू निवासी निवासी दुर्ग, धिरोपति निवासी मर्रा थाना उतयी घायल हुए हैं.

नक्सलियों ने ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

कोंडागांव,8जून। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है. मुठभेड़ में माओवादी मारे जा रहे हैं या फिर आत्मसमर्पण कर रहे हैं. पुलिस की इस कार्रवाई से बौखलाए नक्सली कायराना वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. नक्सलियों की कायराना हरकत एक बार फिर सामने आई है. धनोरा थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की मुखबिरी के शक में हत्या कर दी है. नक्सलियों ने ग्रामीण के घर में घुसकर उसकी गोली मारकर हत्या की है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना पुलिस को दी गई है. पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. मिली जानकारी के अनुसार, धनोरा थाना अंतर्गत ग्राम तिमरी गांव की घटना है. देर रात शादी कार्यक्रम से ग्रामीण दिनेश कुमार मंडावी लौट रहे थे. तभी नक्सली उनके सामने आ गए और मुखबिरी के शक में दिनेश कुमार की उनके घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी. इस घटना की पुष्टि थाना प्रभारी यशवंत श्याम ने की है. फिलहाल, पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है.

दो सगे भाइयों की घर में मिली सड़ी-गली लाश

दुर्ग,8 जून। जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. कुम्हारी के खारुन ग्रीन्स कॉलोनी में दो सगे भाइयों की सड़ी-गली लाश मिली है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है. यह हत्या या आत्महत्या पुलिस जांच कर रही है. यह मामला कुम्हारी थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, कुम्हारी पुलिस को शुक्रवार शाम 6.30 बजे खारुन ग्रीन्स कॉलोनी से फोन आया कि कॉलोनी के एक घर से बदबू आ रही है. जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और दरवाजा तोड़ा तो घर के अंदर घुसी. जहां अलग-अलग कमरे में दो सगे भाई सुधांशु शर्मा और हिमांशु शर्मा की लाश मिली. जिसके बाद पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई. मामले में पूछताछ पर कॉलोनी वासियों ने बताया कि दोनों भाइयों को पिछले दो दिनों से किसी ने नहीं देखा. जब लोगों को उनके मकान से बदबू आई तब इसकी सूचना पुलिस को दी गई. मामले में पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सुपेला अस्पताल स्थित मरचुरी भेज दिया है. घटना के बाद पुलिस ने मृतक भाइयों के परिजनों को बुलाया है. बताया जा रहा है कि दोनों के माता-पिता पहले ही निधन हो चुका है. उसी कॉलोनी में उनके परिवार वाले रहते हैं. पूछताछ के दौरान परिजनों ने पुलिस को बताया कि माता-पिता की मौत के बाद वे दोनों सदमे में थे. दोनों भाई काम पर ध्यान नहीं देते थे और शराब पीने के आदी हो गए थे. दोनों की मौत को लेकर पुलिस को आशंका है कि दोनों भाइयों ने घर में बैठकर शराब पी और अधिक शराब पीने से उनकी मौत हो गई. फिलहाल इस पूरा मामले में पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है.

रायपुर-कालाहाण्डी-रायपुर की नई फ्लाईट शुरू

केसिंगा,8 जून। 31 अगस्त 2023 से कालाहाण्डी जिले के उत्केला विमानतल से शुरू हुई उड़ान सेवा का विस्तार गत 6 जून से रायपुर के लिये भी हो गया है. शुरुआत में उड़ान सेवा सप्ताह में तीन दिन महज उत्केला-भुवनेश्वर-उत्केला के बीच सीमित थी, लेकिन गुरुवार से इसका विस्तार सप्ताह में एक दिन प्रति गुरुवार उत्केला- रायपुर-उत्केला के बीच भी हो गया है. जानकारी के अनुसार उत्केला से रायपुर के लिये प्रति सप्ताह गुरुवार को प्रातः साढ़े नौ बजे यह उड़ान सेवा उपलब्ध होगी, जबकि रायपुर से उत्केला उसी दिन प्रातः 10.55 बजे वापसी की उड़ान होगी. गुरुवार को शुरू हुई उत्केला-रायपुर उड़ान के समय बतौर मुख्य अतिथि जूनागढ़ सांसद कैप्टन दिव्यशंकर मिश्र के अलावा निर्देशक उत्केला विमानतल निरंजन पटनायक तो उपस्थित थे, परन्तु कालाहाण्डी सांसद सुजीत कुमार की गैर-मौजूदगी से सभी हैरान थे. इस उड़ान सेवा से लोग खुश तो हैं, परन्तु इसका समूचित लाभ तभी मिल सकता है, जबकि यह सातों दिन उपलब्ध हो. अंचल वासियों की शुरू ही से यह मांग भी रही है कि उड़ान सेवा का विस्तार विशाखापट्नम तक किया जाये, इसका बड़ा कारण अंचल के लोगों का चिकित्सकीय कारणों से विशाखापट्नम पर निर्भर होना है. वैसे भी इण्डिया वन की नौ सीटों वाली यह विमानसेवा कालाहाण्डी अंचल के आकार एवं विमान यात्रा में निरंतर हो रही वृद्धि के मद्देनजर पर्याप्त नहीं है और इसके लिये अधिक सीटों की व्यवस्था किया जाना जरूरी है. उत्केला से रायपुर का यात्री भाड़ा 2486 रुपये रखा गया है.

राहुल गांधी को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

नई दिल्ली,8 जून। लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद अब साफ हो गया है कि एनडीए की सरकार बनने जा रही है। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया ने भी विपक्ष में बैठने की तैयारी कर ली है। अब सवाल है कि इस बार लोकसभा में विपक्ष का नेता कौन होने वाला है। एक तरफ एनडीए सरकार बनाने की कवायद में लगी है। तो दूसरी तरफ शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी और कांग्रेस संसदीय दल की भी बैठक है। रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल गांधी का नाम नेता प्रतिपक्ष के लिए आगे किया जा सकता है। अब वह इस पोस्ट को स्वीकार करेंगे या नहीं, इसपर संदेह बना हुआ है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को इस बार 99 सीटों पर जीत हासिल हुई है जिसका क्रेडिट राहुल गांधी को दिया जा रहा है। नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी की दो भारत जोड़ो यात्रा का भी असर देखने को मिला है। उनकी इस यात्रा की वजह से कांग्रेस पार्टी को पूरे देश में फायदा मिला। 2019 के चुनाव में कांग्रेस केवल 52 सीट ही जीत पाई थी और बीजेपी कांग्रेस मुक्त भारत का सपना देखने लगी थी। हालांकि इस चुनाव परिणाम ने भारत के इस सपने पर पानी फेर दिया। कांग्रेस नेता मनिकम टैगोर ने कहा, कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी। वहीं शाम के 5 बजे के बाद होने वाली कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी का नेता चुनाव जाएगा। हम सबको लगता है कि राहुल गांधी को यह जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। अगर वह स्वीकार करते हैं तो लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। हम सब जानते हैं कि इस बार बीजेपी को बहुमत नहीं मिला है इसलिए उनकी निर्भरता चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार पर ज्यादा है। उनके पास सरकार बनाने का केवल यही रास्ता है। इंडिया गठबंधन ने वेट ऐंड वॉच का फैसला लिया है और सही समय पर सही फैसला किया जाएगा। एएनआई की मानें तो सोनिया गांधी को फिर से कांग्रेस संसदीय दल का अध्यक्ष चुना जा सकता है। वहीं वायनाड और रायबरेली दोनों सीटों पर जीत दर्ज करने वाले राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद स्वीकार करेंगे या नहीं इसपर सस्पेंस बरकरार है। आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सभी चुने गए पार्टी के सांसदों को डिनर भी देंगे।

जनता ने तानाशाही और संविधान विरोधी ताकतों को दिया करारा जवाब: खरगे

नई दिल्ली,8 जून। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने शनिवार को पार्टी की कार्य समिति की बैठक में अपनी भविष्य की रणनीति तैयार करने के लिए लोकसभा चुनाव परिणामों पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श शुरू किया। बैठक में पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा सहित शीर्ष नेता भाग ले रहे हैं, इसके अलावा अन्य नेता भी विचार-विमर्श में भाग लेंगे। नई दिल्ली में विस्तारित सीडब्ल्यूसी बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रारंभिक टिप्पणी में कहा कि मैं इस तथ्य पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि जहां भी भारत जोड़ो यात्रा गई, हमने कांग्रेस पार्टी के लिए वोट प्रतिशत और सीटों की संख्या में वृद्धि देखी।

खड़गे ने कहा कि मणिपुर में हमने दोनों सीटें जीतीं। हमने नागालैंड, असम और मेघालय में भी सीटें जीतीं। महाराष्ट्र में हम सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरे। देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए सभी क्षेत्रों के लोगों ने कांग्रेस पार्टी का समर्थन किया। इसके अलावा, हमने एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक मतदाताओं के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभुत्व वाली सीटों में वृद्धि देखी। आगे चलकर हमें शहरी क्षेत्रों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। उन्होंने कहा कि जब हम पुनरुद्धार का जश्न मना रहे हैं, तो हमें थोड़ा रुकना चाहिए क्योंकि कुछ राज्यों में हमने अपनी क्षमताओं और अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया है। इसके अलावा, हम उन राज्यों में अपना प्रदर्शन नहीं दोहरा सके जहां हमने पहले विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया था और सरकार बनाई थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम जल्द ही ऐसे प्रत्येक राज्य पर अलग-अलग चर्चा करेंगे। हमें तत्काल उपचारात्मक कदम उठाने होंगे।' ये वे राज्य हैं जो परंपरागत रूप से कांग्रेस के पक्षधर रहे हैं, जहां हमारे पास अवसर हैं जिनका उपयोग हमें अपने फायदे के लिए नहीं बल्कि अपने लोगों के लाभ के लिए करना है। मैं इस अभ्यास को बहुत जल्द आयोजित करने का प्रस्ताव करता हूं। उन्होंने कहा कि हमें अनुशासित रहना चाहिए, एकजुट रहना चाहिए। लोगों ने बड़े पैमाने पर हम पर अपना विश्वास जताया है और हमें इसे कायम रखना चाहिए। हम इस फैसले को सच्ची विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं।' उन्होंने कहा कि यदि मैं इंडिया अलायंस के साझेदारों को स्वीकार नहीं करता, तो मैं अपने कर्तव्य में असफल होऊंगा, जिसमें प्रत्येक पार्टी ने अलग-अलग राज्यों में अपनी निर्दिष्ट भूमिका निभाई, प्रत्येक पार्टी ने दूसरे को योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस पर भरोसा कर तानाशाही और संविधान विरोधी ताकतों को करारा जवाब दिया है। 'इंडिया' के घटक दलों ने एक टीम के रूप में काम किया, हमें यह याद रखना चाहिए कि हम परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हरा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एससी/एसटी/ओबीसी, अल्पसंख्यक और ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस की सीटें बढ़ी हैं लेकिन शहरी मतदाताओं के बीच अपना प्रभाव बनाने के लिए हमें काम करना होगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कायम रहना चाहिए; हम संसद के अंदर और बाहर सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें अनुशासित और एकजुट रहना होगा। लोगों ने हम पर एक बार फिर भरोसा किया है और हमें इसे कायम रखना होगा।

जामुल मंडल ने किया सांसद विजय बघेल का भव्य स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जामुल, 8 जून। जामुल मंडल के नेतृत्व में समस्त कार्यकर्ताओ द्वारा सांसद विजय बघेल का उनके निवास में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत की कड़ी में भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, वरिष्ठ भाजपा नेता व पार्षद दीपक गुप्ता, महामंत्री द्वय नूतन वर्मा, बंटी प्रशांत गुप्ता, जिलाउपाध्यक्ष युवामोर्चा जितेंद्र साहू, पार्षद रामदुलार साहू गुल्ली, पूर्व मंडल अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि हलधर साहू, जिलामंत्री ओबीसी मेघनाथ साहू, जिलामंत्री एससी बी आर रामटेके, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, अरुण यादव, ठाकुर विक्रम सिंह, कोषाध्यक्ष सुभाष पंचाल, मंडल मंत्री संजय यादव, युवामोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, महिलामोर्चा अध्यक्ष रूपेश्वरी वर्मा, महामंत्री अनूप राय, मोर्चा अध्यक्ष दौवा राम ठाकुर, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामचंद्र साहू, दुर्गा देवांगन, गायत्री निषाद, निशा पांडे, पूर्व पार्षद राजेन्द्र वर्मा, पूर्व एल्डरमैन नंद कुमार साहू, पूर्व पार्षद सरस बर्मन, पूर्व पार्षद अश्वनी यादव, पूर्व पार्षद संतोष ठाकुर, पूर्व पार्षद विशेसर वर्मा, पूर्व पार्षद योगेश वर्मा, रमेश बघेल, पूर्व एल्डरमैन नंद कुमार साहू, पूर्व एल्डरमैन ओमप्रकाश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता देवदत्त शर्मा, भगवान सिंह चौहान, सुरेश मानिकपुर, ओमप्रकाश साहू, ध्रुव देवांगन, अश्वनी पांडे, कुलेश्वर वर्मा, लल्लन सिंह, उपाध्यक्ष युवा किशन गर्ग, लक्ष्मी छत्री, तीरथ साहू, जगदीश देवांगन, प्रह्लाद जंघेल, अभय जोजो भाई, राजेन्द्र सिंह, दूजे वर्मा, भुनेश्वर देवांगन, नवीन शर्मा, शिव वर्मा, देवनाथ यादव, बुथ अध्यक्ष बजरंग सिन्हा , दूजे वर्मा, भुनेश्वर देवांगन, लक्ष्मण वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

दीदियों को स्वच्छता सुरक्षा कीट का वितरण किया

जामुल,8 जून। नगर पालिका परिषद जामुल में स्वच्छ भारत मिशन के तहत महिला समूह के स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता सुरक्षा कीट का वितरण किया गया। जिसमें साड़ी, जूता, दस्ताना, मास्क, जैकेट शामिल है। उसका उपयोग अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया गया है। ताकि कार्य करते समय किसी भी प्रकार संक्रमण ना हो। सुरक्षा कीट वितरण अवसर पर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, अन्य पार्षदगण सहित पालिका के अधिकारी, कर्मचारी सहित स्वच्छता समूह के महिलाए उपस्थित थी।

एनसीसी कैडेट्स ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

भिलाई, 8 जून। 37 छग बटालियन एनसीसी दुर्ग के द्वारा 1 से 5 जून तक सिकलसेल व थैलेसीमिया जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट ने रैली निकालकर व प्रत्यक्ष भेंट कर लोगों को इस हेतु जागरूक किया। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेo डॉo हरीश कुमार कश्यप ने बताया कि समापन अवसर पर वन विभाग दुर्ग के साथ एनसीसी बटालियन के 38 कैडेटों ने विशाल रैली आयोजित की । बायोडायवर्सिटी पार्क में कैडेटों ने वृक्षारोपण कर प्रत्येक कैडेट कम से कम 10 पौधे लगाने का संकल्प लिया। तत्पश्चात कैडेटों ने महाविद्यालय पहुंचकर परिसर में आए हुए परीक्षार्थियों को सिकलसेल, थैलेसीमिया की जानकारी प्रदान करते हुए पर्यावरण को सुरक्षित रखने, प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर एनसीसी बटालियन के सूबेदार विकास खत्री, हवलदार आशीष के साथ कैडेट जय कुमार, भावेश, किशन, पुष्पेंद्र, हंसराज, उदित राज, सहित 18 कैडेटों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

शराब का अवैध परिवहन करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,8 जून। पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव (भापुसे) के द्वारा समस्त थाना-चौकी प्रभारियो को अवैध शराब पर प्रभावी रूप से कार्यवाही करने एवं अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अति.पुलिस अधीक्षक विकास कुमार (भापुसे), अति.पुलिस अधी. पुष्पेन्द्र सिंह बघेल (रापुसे) एंव पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पण्डरिया पंकज कुमार पटेल (रापुसे) के मार्गदर्शन में थाना पंडरिया द्वारा क्षेत्र में लगातार सूचना एकत्र की जा रही थी,इसी तारतम्य में थाना पंडरिया पुलिस को दिनांक 07.06.24 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुकदूर रोड से पंडरिया रोड जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति अपने मोटर सायकल में अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहा है। सूचना को वरिष्ठ अधिकारीयो को अवगत करा कर सउनि मोहन लाल खुंटे के हमराह स्टाफ को पाढी तिराहा की ओर रवाना किया गया था जो पाढी तिराहा में आने जाने वाले वाहनो को चेकिंग के दौरान पेड्रीखुर्द थाना पंडरिया का निवासी अजीत राम कश्यप की मोटर सायकल को रोक कर चेक करने पर उसके पास रखे एक सफेद रंग की बोरी में 32 पौवा देशी प्लेन मदिरा कीमती 2880/-रूपये मिला जिसके संबंध में अजीत राम कश्यप पिता तुलाराम कश्यप उम्र 60 साल साकिन पेड्रीखुर्द थाना पंडरिया को शराब परिवहन करने के संबंध में दस्तावेज पेश करने हेतु नोटिश देने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एकट के तहत थाना पंडरिया में अपराध पंजीबद्ध कर मदिरा एवं परिवहन में लाये गये मोटर सायकल ष्टत्र-09-छ्ढ्ढ-7984 हीरो एचएफ डीलक्स को जप्त कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड हेतू माननीय न्यायालय पेश किया गया अग्रिम कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनिष मिश्रा, सउनि मोहन लाल खुटे,आरक्षक-द्वारिका चंद्रवंशी, शैलन्द्र राजपुत, राजू चंद्रवंशी,ओम प्रकाश का विशेष योगदान रहा।

नागरिकों को परेशान करने वाले अधिकारियों की खैर नहीं :आयुक्त

रिसाली,8 जून। परेशान व्यक्ति को अनावश्यक रूप से दफ्तर का चक्कर लगाने वाले अधिकारी-कर्मचारी की खैर नहीं। आयुक्त मोनिका वर्मा ने समय पर सभी को कार्यालय पहुंचने की हिदायत दी। आचार संहिता खत्म होते ही उन्होंने बैठक लेकर प्रत्येक कार्य को समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने की बात कही। खास तौर पर ऐसे कार्य को सजगता के साथ पूरा करने कहा जिसे नागरिक सीधे कार्यालय पहुंच कर आवेदन करते हैं। निगम आयुक्त ने शुक्रवार को अधिकारियों की क्लास ली। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारी से हितग्राही मूलक योजना- राशन कार्ड, नल कनेक्शन, आधार अपडेट, जन्म-मृत्यु और स्वच्छता से संबंधित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने निर्देश दिए। आगाह करते कहा कि अगर कोई अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय पहुंचे नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान करने की शिकायत उन तक पहुंचती है तो वे सीधे कार्यवाही करेंगी। विभाग प्रमुखों और डिलिंग क्लर्क की बैठक में निगम सचिव रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त ने कहा कि कई कर्मचारी फील्ड व सर्वे का बहाना कर पूरे दिन गायब रहते हैं। प्रत्येक कर्मचारी को अपने विभाग प्रमुख से अनुमति लेकर फिल्ड में निकलना होगा। उन्होंने अवकाश के लिए भी दिशा निर्देश दी। आयुक्त ने एक दिन पूर्व अथवा कार्यालय समय शुरू होने से पूर्व अवकाश लेने की सूचना को अनिवार्य किया है। आयुक्त ने निर्माण कार्य से लेकर शिकायतों को बहाने बाजी के बिना समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि कई निदान 1100 में सीधे शिकायत दर्ज करते है। इन शिकायतों का त्वरित निराकरण पोर्टल में अवश्य दर्ज करें। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने विकास कार्यो पर आयुक्त से चर्चा की। उन्होंने निगम क्षेत्र में विकास के प्रस्ताव को सूचीबद्ध करने कहा। विधायक ने स्पष्ट कहा है कि निगम कार्यालय पहुंचे नागरिकों का कार्य समय सीमा में हो। साथ ही उन्होंने नागरिकों के हित और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बड़े प्रस्ताव तैयार करने निर्देश दिए। प्रस्ताव को वे शासन स्तर पर स्वीकृत कराएंगे।

कबीर प्राकट्य महोत्सव कबीर आश्रम नेहरू नगर में

भिलाई, 8 जून। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कबीर आश्रम नेहरू नगर में दो दिवसीय कबीर प्राकट्य महोत्सव 8 व 9 जून को मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई और कबीर सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित हो रही है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता संत सुधाकर साहेब शास्त्री धर्माधिकारी कबीर मठ खरसिया होंगे। इसके साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र कुमार बंजारे डिप्टी कमिश्नर नगर पालिक निगम भिलाई होंगे। 9 जून को ख्याति प्राप्त पंडवानी गायिका रूही साहू अपनी प्रस्तुति देंगी। इसके बाद चौका आरती का कार्यक्रम होगा।

राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में धनराज ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

भिलाई, 8 जून। राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के 59 किलो, जूनियर वर्ग में धनराज काण्डरा ने पावरलिफ्टिग खेल के अंतिम इवेंट डेडलिफ्ट में अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरे राउंड में 212.5 किलो लिफ्ट कर पुनः राष्ट्र रिकॉर्ड बनाया और इतिहास रच दिया । इसके साथ 495 किलो टोटल लिफ्ट करने का रिकॉर्ड भी धनराज के नाम हो गया है । उल्लेखनीय है कि इस वर्ग में धनराज ने स्क्वॉट इवेंट में 172.5 किलो, बेंच प्रेस इवेंट में 110 किलो तथा डेडलिफ्ट में 212.5 किलो, कुल टोटल 495 किलो लिफ्ट कर चार-चार कीर्तिमान बनाया है जो कि छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी एक रिकॉर्ड हो गया है । ज्ञात हो कि श्रीगंगानगर (राजस्थान) में 6 से 9 जून तक चल रही 4 दिवसीय राष्ट्रीय सब जूनियर व जूनियर पावर लिफ्टिंग

प्रतियोगिता के पहले दिन का खेल खत्म होने तक धनराज काण्डरा 4 स्वर्ण पदक अपने नाम किया तथा छत्तीसगढ़ टीम की बालिका खिलाड़ी प्रेरणा नाथवानी और अंकित कुमार राजपूत के पदक जीतने की उम्मीद है । धनराज के इस राष्ट्रीय कीर्तिमान बनाने में छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग टीम के कोच, अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टर कृष्णा साहू (विक्रम, गुंडाधुर, वीर हनुमान सिंह खेल अवार्ड) एवं राष्ट्रीय पदक विजेता महेश पटेल का सराहनीय प्रयास रहा । इस उपलब्धि के साथ धनराज भारतीय पावर लिफ्टिंग टीम में जगह बनाने में सफल हुए है । उल्लेखनीय है कि विश्व पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता अगस्त माह में माल्टा में आयोजित है । इस वर्ग में झारखंड के खिलाड़ी यश कुमार प्रजापति को दूसरे स्थान (480 किलो लिफ्ट) तथा जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ी विनय शर्मा को (437.5 किलो लिफ्ट) तीसरे स्थान पर

भिलाई की श्रुति ने नीट में प्राप्त किए 720 में से 706 अंक

भिलाई, 8 जून। दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई की छात्रा श्रुति ने अखिल भारतीय प्री-मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-2024 में 720 में से 706 अंक प्राप्त किए हैं। श्रुति का ऑल इंडिया रैंक 820 है तथा महिला वर्ग में उन्होंने 476वां स्थान प्राप्त किया है। श्रुति , महाप्रबंधक शैलेंद्र अग्रवाल की सुपुत्री हैं तथा उनकी माता श्रीमती किरण अग्रवाल गृहणी हैं। उल्लेखनीय है कि कक्षा 12वीं में भी 98.40 प्रतिशत अंकों के साथ सुश्री श्रुति अग्रवाल ने अपने विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। श्रुति अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से एमबीबीएस की शिक्षा प्राप्त कर एक कुशल डॉक्टर बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करना चाहती हैं । भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार सहित बीएसपी के वरिष्ठ प्रबंधन ने श्रुति को उनकी सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन आज

भिलाई, 8 जून। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर समापन समारोह आज 8 जून को संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में पंत स्टेडियम, सेक्टर-01 के फुटबॉल ग्राउंड में संध्या 6 बजे सम्पन्न होगा। अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक पवन कुमार करेंगें। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2024 में शामिल 25 खेलों, एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बॉल बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैण्डबॉल, हॉकी, कराटे, जूडो, पावर लिफ्टिंग, कबड्डी, टेनिस, टेबल टेनिस, वालीबॉल, योगा, सायकल पोलो, कराटे, फेंसिंग, जिम्नास्टिक, खो-खो, नेटबॉल, भारोत्तोल तथा कुश्ती का विभिन्न खेल परिसरों, शालाओं के हॉल एवं क्रीड़ागणों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र एकमात्र ऐसा संगठन है जो खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने इस तरह का विशाल खेल प्रशिक्षण सुविधा का विगत 50 वर्षों से आयोजन करता आ रहा है।

एक नजर

गांजा की अवैध तस्करी करने वाला गिरफ्तार

भिलाई, 8 जून। भिलाई दुर्ग जिले में बड़े पैमाने पर गांजा की अवैध तस्करी और उसका व्यापार किया जा रहा है इस साल के बीते पांच महीनों में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में 300 किलो से अधिक गांजा जब्त कर 20 से अधिक आरोपितों को जेल भेजा है सबसे अधिक गांजा तस्करी के मामले मोहन नगर थाना क्षेत्र में दर्ज किए गए हैं बता दें कि दुर्ग जिले में ओडिशा से गांजा की खेप लाई जा रही है यहां सड़क और ट्रेन से गांजा का परिवहन किया जा रहा है दो दिन में पुलिस ने कुल 168 किलो गांजा जब्त किया है इसमें सिर्फ जामुल पुलिस ने अकेले ही 150 किलो गांजा जब्त किया और तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं नेवई पुलिस ने ओडिशा निवासी एक महिला और पुरुष को पकड़ा था ये लोग ओडिशा के नुआपाड़ा जिला से गांजा लेकर भिलाई पहुंचे थे इनके पास से 18 किलो गांजा मिला था वहीं ट्रेन से गांजा लेकर पहुंचने वाले कई तस्करों और कोचिया को जीआरपी और मोहन नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है जीआरपी ने दुर्ग रेलवे स्टेशन, पावर हाउस से लावारिस हालत में भी काफी मात्रा में गांजा बरामद किया है इन मामलों में आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है वहीं कुछ मामलों में जीआरपी ने गांजा परिवहन करते हुए भी आरोपितों को गिरफ्तार किया है जनवरी से लेकर अब तक पुलिस ने जिलेभर में कार्रवाई करते हुए 300 किलो से अधिक गांजा जब्त किया है इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि दुर्ग जिले में गांजा की बड़े पैमाने पर तस्करी और खपाने का काम किया जा रहा है इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध भी नहीं लग पा रहा है पांच माह में 300 किलो से अधिक गांजा जब्त, ओडिशा से ला रहे खेप मोहन नगर थाना क्षेत्र में सबसे अधिक मामले हुए दर्ज।

तेज रफ्तार इको स्पोर्ट्स कार रोड से 40-50 फीट दूर बीएसपी आवास में जा घुसी

भिलाई, 8 जून। भिलाई बीएसपी टाउनशिप में तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाएं थमने के नाम नहीं ले रही हैं रात को तेज रफ्तार इको स्पोर्ट्स कार रोड से करीब 40-50 फीट दूर बीएसपी आवास में जा घुसी बताया जा रहा है कि घटना के समय पास में एक युवती भी थी जिसे चोट आई है हालांकि पुलिस ने किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है दुर्घटना के बाद आरोपित कार चालक अपने एक दोस्त को बुलाकर उसके साथ बाइक से भाग निकला पुलिस मौके पर पहुंच गई है व वाहन नंबर के आधार पर पतासाजी में लग गई है जानकारी के मुताबिक किया घटना देर शाम सात बजे के आसपास सेक्टर-10 में हुई बताया जा रहा है कि पंथी चौक की ओर से यह कर सेक्टर-आठ चौक की ओर आ रही थी। कार की रफ्तार काफी तेज थी और वह अनियंत्रित होकर रोड से उतरते हुए बीएसपी के सेक्टर 10 स्थित क्वार्टर में जा घुसी। कार सेक्टर 10 के सड़क नंबर 45 स्थित एक आवास के बाउंड्रीवाल को तोड़ते हुए उसमें फंस गई प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के समय कार चालक नशे में था दुर्घटना होते ही आरोपित चालक कार से उतरा व एक अन्य व्यक्ति को फोन पर बुलाकर उसके साथ बाइक से भाग गया यह भी बताया जा रहा है कि उक्त कार ने एक युवती को भी ठोकर मारी है और उसे अस्पताल भिजवाया गया है पुलिस को कार के भीतर एक एटीएम कार्ड मिला है जो किसी केशव बुधराज के नाम का वहीं कार नंबर के आधार पर बताया जा है रहा है कि कार किसी जितेंद्र बुधराज के नाम पर पंजीकृत है

मोटरसाइकिल चोरी करने वाला गिरफ्तार

भिलाई, 8 जून। भिलाई छावनी थाना क्षेत्र बाइक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है छावनी प्रभारी चेतन सिंह चंद्राकर ने बताया कि मुखबिर ने पुलिस सूचना दिया कि पावर हाउस मार्केट के पास एक युवक दो बाइक को बेचने की फिराक में घूम रहा था इस दौरान पुलिस मौके पर पहुची और उसे पकड़कर पूछताछ किया इस दौरना युवक ने अपना नाम लीलाधर निर्मलकर होना बताया है पुलिस ने युवक के पास से दो बाइक सीसी 07 एसी 7915, सीजी 07 एव्ही 7511 वाहन को जब्त किया है।

जायसवाल समाज ने बाबा दीप सिंह नगर में किया वृक्षारोपण

भिलाई, 8 जून। जायसवाल समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में पर्यावरण दिवस के अवसर पर बाबा दीप सिंह नगर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। जायसवाल समाज अपने सामाजिक दायित्वों का निर्माण करते हुए 11 नग छायादार पौधों का रोपण किया तथा समाज के सदस्यों ने उनकी देखरेख की जिम्मेदारी ली।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के मार्गदर्शक सरवन जायसवाल, अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, अनु जायसवाल, राज किशोर जायसवाल, महामंत्री प्रकाश जायसवाल, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, सचिव उमेशचंद्र जायसवाल, कार्यसमिति सदस्य संतोष जायसवाल, श्रीराम जायसवाल, तीरथ जायसवाल, हनुमान जायसवाल, विक्की जायसवाल, सोनू जायसवाल, अमित जायसवाल, शंकर जायसवाल, अजय जायसवाल, विनोद जायसवाल, रविंद्र जायसवाल, निहाल जायसवाल, विवेक जायसवाल सहित समाज के सम्मननिया नागरिक उपस्थित थे।

बीएसपी ने भारतीय रेलवे को भेजी हीट-ट्रीटेड रेल के चार रेक

भिलाई, 8 जून। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपने आधुनिक यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) से अप्रैल 2024 में आर 350 हीट-ट्रीटेड (एचटी) रेल की तीन रेक भेजे हैं। भारतीय रेलवे, अपना आधुनिकीकरण करने के साथ ही रेल परिवहन में उच्च गति और एक्सल लोड की ओर बढ़ रहा है जिसके लिए रेलवे, सेल से माइक्रो-अलॉय रेल और हीट-ट्रीटेड रेल दोनों की मांग कर रही है। यूनिवर्सल रेल मिल ने माइक्रो-अलॉय आर-260 ग्रेड रेल के नियमित उत्पादन के साथ-साथ भारतीय रेलवे के स्पेसीफिकेशनों के अनुसार हीट-ट्रीटेड रेल की रोलिंग प्रारंभ कर दी है। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को 260 मीटर लंबाई में आर350 एचटी रेल की 1000 टन की पहली खेप भारतीय रेलवे को भेजी गई। अब तक भेज गए आर350 एचटी रेल के रेकों की कुल संख्या चार हो गई। प्रत्येक रेक में 1000 टन 260 मीटर लंबी रेल की लोडिंग कर प्रेषण किया गया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता व कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने रेल अभियान की सफलता हेतु सभी संबद्ध विभागों को बधाई दी है।

शहरी आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक

भिलाई, 8 जून। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में शहरी आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें रायपुर से राज्य स्तरीय शहरी आजीविका मिशन टीम निगम सभागार में पहुंचकर शासन से जारी गाइडलाइन से संबंधित दिशा-निर्देश दिये। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में शासन की विभिन्न योजना से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें राज्य स्तरीय शहरी आजीविका मिशन रायपुर की टीम प्रमुख रूप में स्टेट मैनेजर प्रशांत तम्बोली, उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरि ने शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पूर्व में चल रहे प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रोग्रेस के बारे में पूछ नये दिशा निर्देश दिये कि किस प्रकार से शहरी लाभार्थियों को इस योजना से जोड़के उनको विकासमुखी बना सकते हैं। स्व-निधि योजना जिसके अंतर्गत ऐसे छोटे व्यापारी जिनको अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता होती है उन्हें शासन की गारंटी पर आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक को आधार मानकर व्यापार करने के लिए प्रारंभिक अवस्था में 10000 का लोन प्रदान किया जाता है। जो बाद में बढ़ते क्रम में बढ़ते जाता है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य कारीगरों एवं शिल्पकारो की पहचान कर विश्वकर्मा के रूप में उन्हे सभी लाभ प्राप्त करने के योग्य बनाना, उनके कौशल का विकास करना, उनो योग्यता क्षमता बढ़ाने के लिए आधुनिक रोजगार बढ़ाना, उन्हे ऋण प्रदान करना तथा उन्नति के लिए विभिन्न बाजारो से जोड़ना है। प्रमुख रूप से प्रारंपरिक व्यवसाय करने वाले बढ़ईई, नाव बनाने वाले, असरत्रा कार, लोहार, लोहे का औजार निर्माता, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, राजमिस्त्री, पैरदान बनाने वाले, नाई, घोबी, दर्जी, जाल निर्माता इत्यादि शामिल है।

भिलाई इस्पात संयंत्र के एमआरडी विभाग में राजभाषा कार्यशाला संपन्न

भिलाई, 8 जून। भिलाई इस्पात संयंत्र के मटेरियल्स रिकवरी डिपार्टमेन्ट के सभागार में विभाग प्रमुख व मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार के मुख्य आतिथ्य एवं महाप्रबंधक दीनामणि नायक, सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे एवं अन्य कार्मिकों की उपस्थिति में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एमआरडी के कार्यक्षेत्र में पदस्थ एफ़एसएनएल के अधिकारीगण उप प्रबंधक डी. डी. नवरंगे, सहायक प्रबंधक राहुल रॉय, कनिष्ठ प्रबंधक सुनील कुमार नायक सहित अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार- मनीष श्रीवास्तव, द्वितीय पुरस्कार- कुलदीप सिंह तोमर तथा तृतीय पुरस्कार - कमलेश कुमार राजपूत ने प्राप्त किया। प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता अभिनय कुमार, राकेश रोशन कर्ण एवं व्ही मोहन राव रहे। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी।

गरीब की दुकानों पर नपा ने चलाया बुलडोजर

■ दुकान से चलता था परिवार, अब हो गए बेरोजगार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 8 जून। डोंगरगढ़ खैरागढ़ मार्ग के नाकापारा स्थित लगभग 10 दुकानों पर नपा प्रशासन के बुलडोजर का कहर बरपा और देखते ही देखते सभी दुकानों को धराशाही कर दिया गया। शुक्रवार को नपा प्रसाशन का जेसीबी तहसीलदार मुकेश ठाकुर व पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई। बताया जाता है कि पक्की दुकान ना बनाने की हिदायत के बाद निर्माण कार्य करने के कारण एक दुकानदार की गलती का खामियाजा बाकी के दुकानदारो को भुगतना पड़ा। बताया गया कि सागर वैध के द्वारा पक्की दुकान निर्माण किया जा रहा था जिस पर नपा प्रसाशन के कर्मचारी की उपस्थिति में दीवार का एक भाग जेसीबी से ही छिन गया। नपा की अतिक्रमण पर कार्यवाही के बाद दुकानदार बेरोजगार हो गए है व उनको अपने परिवार को पालने के लिए विकट परिस्थिति आ गई है। पान ठेला दुकानदार रवि गिराया गया था। जिस पर सागर वैध ने पुलिस में शिकायत करते हुए रिपोर्ट लिखाई थी कि उसे बिना नोटिस दिए दुकान तोड़ दी गई है। जिसके बाद नपा प्रशासन हरकत में आते हुए कुछ दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने नोटिस दिया था। दुकान टूटने से हुए बेरोजगार। परिवार पालने का आसरा बाघमारे ने बताया कि मैं लगभग 15 वर्षो से पान की दुकान चला अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा हूँ । मुझे कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुई है। चंदू मिस्त्री ने बताया कि मैं लगभग 10 वर्षो से मोटर साइकिल मिस्त्री का कार्य कर परिवार चला रहा था अब मेरे परिवार को पालने के आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई है। मैं नपा प्रशासन को अपनी अस्थाई दुकान का 5 रु प्रति दिन के हिसाब से टैक्स भी देता था पर एक दुकानदार की गलती से हम सभी दुकानदारों पर गाज गिर गई है। वहीं नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि 07 जून 2024 को खैरागढ़ रोड़ नाका पारा वार्ड क. 01 रोड़ के किनारे किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिये सर्वप्रथम अतिक्रमणकारियों को बार-बार सूचना दिया गया तथा उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा) डोंगरगढ़ एवं तहसीलदार एव नायब तहसीलदार तथा चन्द्रकांत शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन तथा नगर पालिका के अतिक्रमण दस्ता के सहयोग से उक्त स्थल में स्थित अतिक्रमण की 07 दुकानों को हटाया गया। एवं थाना चौक एवं पिछे आरा मशीन के सामने तथा कोहिनूर लॉज के पास की होर्डिंग तथा ओवर ब्रिज के निचे की दुकान को हटाया गया। उन्हे हिदायत दी गई है कि भविष्य में इस प्रकार अतिक्रमण ना करें यदि अतिक्रमण किया जाता हैं तो अनुशांसनात्मक कार्यवाही की जावेंगी। तथा शहर की आम जनता से अपील की जाती है कि अतिक्रमण न करें एवं अतिक्रमण को बढ़ावा न दें।

एक नजर

डोंगरगढ़ पुलिस ने 2 वर्ष पूर्व गुमशुदा युवती को मिलाया परिजनों से

डोंगरगढ़ 8 जून। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा द्वारा अभियान चलाकर लगातार गुम इंसानों का पता तलाश कर दस्तयाब किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्रमांक 44/2022 के गुमशुदा उम्र- 20 वर्ष जो दिनांक 12.04.2022 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई थी जिसको आज दिनांक- 07.06.2024 को सकुशल बरामद कर दस्तयाब किया गया है। पुछताछ करने पर गुमशुदा द्वारा अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताने पर गुमशुदा को उनके परिजनों को सुपूर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद, देर रात जीआरपी आरक्षक पर किया जानलेवा हमला

डोंगरगढ़ 8 जून। गुरुवार देर रात 11:30 बजे के दरमियान शहर के कुछ बदमाशों ने जीआरपी आरक्षक पर जानलेवा हमला कर दिया । इस हमले में आरक्षक को कई गंभीर चोटे आई है। थाना प्रभारी सी आर चंद्रा की माने तो आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपी जल्द पुलिस गिरफ्त में होंगे । वही प्रार्थी आरक्षक आदित्य शर्मा पिता आशुतोष शर्मा उम्र 28 साल नें थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह देर रात अशोका होटल के सामने से खाना खाकर रेलवे स्टेशन ड्यूटी करने जा रहा था। इसी दौरान कुछ युवक सफेद रंग की कार क्रमांक सी जी 08 एपी 8022 को बीच रोड में खड़े कर आने जाने वालों के लिए परेशानी का कारण बन रहे थे । आरक्षक कि माने तो गाड़ी हटाने का अनुरोध करने पर स्थानीय अशरफ खान उन से गाली गलौज करने लगा। मामला बढ़ता देख अशरफ के सभी 5 साथियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया । जिसमें उनको कई चोटे आई है। सूत्रों की माने तो इस घटना में कुछ आदतन अपराधी भी शामिल थे। जिनके कारण पहले भी शहर का माहौल खराब हो चुका है।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 9 जून को

राजनांदगांव 8 जून। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2024-25 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा रविवार 9 जून 2024 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला मुख्यालय राजनांदगांव के 6 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री में रोल नंबर 1911001 से रोल नंबर 1911300 तक कुल 300, ठाकुर प्यारेलाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1912001 से रोल नंबर 1912300 तक कुल 300, जेएमजे नवजीवन स्कूल राजनांदगांव में रोल नंबर 1913001 से रोल नंबर 1913300 तक कुल 300, देवानंद जैन स्कूल वर्धमान नगर राजनांदगांव में रोल नंबर 1914001 से रोल नंबर 1914300 तक कुल 300, गुजराती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में में रोल नंबर 1915001 से रोल नंबर 1915200 तक कुल 200 तथा बाल भारती स्कूल बल्देवबाग राजनांदगांव में में रोल नंबर 1916001 से रोल नंबर 1916150 तक कुल 150 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई है। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र एकलव्य की वेबसाईट में लॉगिन कर आवेदन क्रमांक एवं पालक के मोबाईल नंबर से डॉउनलोड कर सकते है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव से कार्यालयीन समय में प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।

पीएटी व पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 9 जून को

राजनांदगांव 8 जून। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा पीएटी व पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 2024 का आयोजन रविवार 9 जून 2024 को सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एक पालन में आयोजित की गई है। जिला मुख्यालय राजनांदगांव में परीक्षा के आयोजन के लिए कुल 7 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों को अपने साथ फोटो युक्त प्रवेश पत्र एवं मूल आईडी रूपफ साथ लेकर आना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी परीक्षा के 1 दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अवलोकन कर ले।

आचार संहिता के दौरान जुआ, सट्टा के 68 आरोपियों पर की गई कार्रवाई

राजनांदगांव 8 जून। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में लोकसभा चुनाव के समय आचार संहिता के दौरान विगत लोकसभा चुनाव की तुलना में शराब/गांजा/जुआ/सट्टा जैसे अपराधों में पुलिस द्वारा अधिक कार्यवाही किया गया जैसे शराब माफिया/कोचियों व सर्वजनिक जगहों पर शराब पिलाने वालों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत् पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में 169 प्रकरणों में 175 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देशी शराब 311.9 बल्क लीटर कीमती 93207/- रूपये अंग्रेजी शराब 150.48 बल्क लीटर कीमती 72320/- रूपये कुल मात्रा 462.38 बल्क लीटर कीमती 165527/- रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटरसायकल 04 नग कीमती 100000/-रूपये जुमला कीमती 265527/- रूपये जप्त किया गया और लोकसभा चुनाव 2024 में 243 प्रकरणों में 253 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देशी शराब 1066.145 बल्क लीटर कीमती 463660/- रूपये अंग्रेजी शराब 691.76 बल्क लीटर कीमती 443610/- रूपये कुल मात्रा 1757.905 बल्क लीटर कीमती 907270/- रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटरसायकल 09 नग कीमती 385000/-रूपये, कार 04 नग कीमती 2050000/- रूपये जुमला कीमती 3342270/- रूपये जप्त किया गया।

महावीर चौक से गुरूद्वारा चौक तक पार्किंग के लिये आयुक्त ने कर्मचारियों को सौंपा दायित्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 8 जून। जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सुथरा कर व्यवस्थित रखने एवं सु-व्यवस्थित पार्किंग के लिये नगर निगम तथा यातायात की टीम सुनियोजित अभियान चलाकर बेतरतीब खडे वाहनो तथा अव्यवस्थित रखे ठेला खोमचा को हटाया गया तथा महावीर चौक से गुरूद्वारा चौक तक सुचारू पार्किंग के लिये आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने कर्मचारियों को दो पालियों में दायित्व सौपा है। उक्त कर्मचारी प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक दोपहर 3:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक दो पालियो में दो पहिया, चार पहिया वाहन तथा माल वाहक की नियमानुसार पार्किंग करेगे। उल्लेखनीय है कि जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे पूर्व वर्षो में नगर निगम द्वारा साफ सुथरा कर सौदर्यीकरण किया गया था तथा शहर आने वाले लोगों व शहर के अंदर मार्केटिंग हेतु आने जाने वाले लोगों के लिये सुगम पार्किंग करने प्रक्रिया की गयी थी, किन्तु बेतरतीब खडे वाहनो तथा अव्यवस्थित रखे ठेला खोमचा के कारण फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सफाई नहीं हो पाई और वहा गंदगी व्याप्त हो गयी। जिसे ध्यान में रखकर फ्लाई ओव्हर के नीचे के गाडी एवं ठेला खोमचा हटाये गये और आज से आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में राजस्व विभाग के कर्मचारी निगम द्वारा निर्धारित दर पर दो पालियों में महावीर चौक से गुरूद्वारा चौक तक सुचारू पार्किंग व्यवस्था का संपादन करेंगे। राजस्व अधिकारी श्री अग्रवाल ने बताया कि 6 घण्टे की दर से दो पहिया वाहन 10 रूपये, 6 घण्टे से अधिक होने पर 20 रूपये पार्किंग शुल्क लिया जावेगा। इसी प्रकार चार पहिया वाहन सवारी 20 रूपये, 6 घण्टे से अधिक होने पर 50 रूपये तथा चार पहिया वाहन माल वाहक 50 रूपये एवं 6 घण्टे से अधिक होने पर 100 रूपये पार्किंग दर निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि पार्किंग शुल्क प्रातः 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक प्रभावशिल रहेगा, रात्रि 9 बजे के पूर्व वाहन ले जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने सुगम यातायात एवं अपने वाहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर फ्लाई ओव्हर के नीचे वाहन पार्क कर सहयोग करने की अपील की है।

छुरिया के बूथों में भाजपा को बढ़त, तो कांग्रेस फिसड्डी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 8 जून। लोकसभा चुनाव के रिजल्ट आने के बाद हार जीत की समीक्षा होना शुरू हो गया है। कहां जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जनता ने नहीं हराया है बल्कि कांग्रेस के नेताओं व बूथ प्रभारियो ने हराया है हालांकिखुज्जी विधानसभा से भूपेश बघेल की जीत हुई है लेकिन भोलाराम साहू लगभग 26000 मतों से जीते थे उसमें लोकसभा चुनाव में गिरावट आई है और कांग्रेस को लगभग 15000 वोट की बढ़त मिले हैं । जीत के वोट प्रतिशत गिरने के कारण भी स्पष्ट नजर आ रहा है छुरिया ब्लॉक में गुडबाजी हावी है यहां पर दो-दो ब्लॉक अध्यक्ष है और दोनों अपने-अपने बूथों से कांग्रेस को जीत दिला नहीं सके हैं वहीं पूर्व विधायक भी अपने गांव अपने में कांग्रेस को नहीं जीता पाये। घोघरे मे कांग्रेस की हार को नहीं रोक पाये है । वही डूमरडीह पांडे टोला कललु टोला छुरिया रंगी टोला शिकारी माहका हार गए ,इन बुथो पर कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ा बूथ क्रमांक 26 में कांग्रेस को नहीं जीता पाए। छुरिया बुथ क्रमांक 33 256 वोट से हारी कांग्रेस, बुथ क्रमांक 34 बुथ 16 वोट से हारी कांग्रेस ,बुथ क्रमांक 35 321 वोट से हारी, बूथ क्रमांक 30 217 वोट से हारी कांग्रेस ,बुथ क्रमांक 69 18वोट से हारी, बूथ क्रमांक 15 डूमरडी 15 वोट से हारी कांग्रेस ,बुथ क्रमांक 26 बूथ 17 वोट से हारी कांग्रेस, बूथ क्रमांक 18 बूथ प्रभारी जानेमाने नेता कहलने वा विभिन्न पदों पर हैं फिर भी अपना बुथ नहीं बचा पाए रंगी टोला 72 वोट से हारी कांग्रेस ,बूथ क्रमांक 37 61वोट से हारी कांग्रेस, बूथ क्रमांक 38 पैरी टोला 53 वोट से हारी कांग्रेस ,बूथ क्रमांक 55 बम्हनी चार भाटा 31 वोट से हारी कांग्रेस।

राजनांदगांव लोकसभा की बात करें तो मोहला मानपुर , खुज्जी और पड़रिया से ही कांग्रेस को लीड मिली है। बाकी 6 विधानसभा कवर्धा ,डोंगरगढ़,खैरागढ़, राजनंदगांव , डोंगरगांव से भाजपा को लीड मिली है जिसके फलस्वरूप भाजपा के संतोष पांडे ने लगभग 44000 मतों से लोकसभा सांसद चुनाव में दूसरी बार जीत हासिल की संसदीय क्षेत्र के आठ विधानसभा क्षेत्र के नतीजे पर नजर डालें तो कहीं कांग्रेस तो कहीं भाजपा की बढ़त दर्ज की लेकिन चुनाव के नतीजे भाजपा के पक्ष में आए विधानसभा नतीजे के सर्वाधिक मत से इतिहास मे आदिवासी बाहुल्य सीट मोहला मानपुर में कांग्रेस को करीब 40000 मत हासिल हुए जबकि भाजपा को राजनांदगांव विधानसभा में 57 000 मतों से बढ़त मिली है।

बंगाल का सावनसुखा ज्वेलरी ब्राण्ड अब रायपुर में

रायपुर 8 जून। सावनसुखा एक प्रसिद्ध ज्वेलरी ब्रांड है जिसने रायपुर में अपना रिटेल स्टोर खोला है। सावनसुखा एक अनूठी दृष्टिकोण के साथ, बेहतरीन कलकत्ता शिल्प कौशल के साथ हीरे, सोने और जड़ाऊ ज्वैलरी की एक श्रृंखला से युक्त ट्रेंड-सेटिंग डिज़ाइन के साथ प्रीमियम शापिंग का अनुभव प्रदान करेगा। बेहतरीन कारीगरी के ज्वेलरी चाहने वालों के लिये सावनसुखा बेस्ट डेस्टिनेशन है। सावनसुखा ज्वैलर्स के एमडी सिद्धार्थ सावनसुखा ने एक संबोधन में कहा कि हम रायपुर में अपने नए स्टोर को खोलकर रोमांचित हैं। यह दो मंजिला इमारत आभूषण प्रेमियों के लिए एक नया गंतव्य है। पहली मंजिल पूरी तरह से दुल्हन के लिए समर्पित है। सावनसुखा को दुल्हन के आभूषणों के लिए जाना जाता है। ग्राउंड फ्लोर पर भी कई मनभावन आकर्षण रेंज हैं। पूरे सेक्शन में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए हल्के वजन के गहने मिलेंगे। उद्घाटन का जश्न मनाने के लिए, सावनसुखा सबसे मीठा ऑफर चलाएगा, जहां ग्राहकों को लॉन्च के एक सप्ताह बाद तक हीरे, सोने और जड़ाऊ आभूषणों के निर्माण शुल्क पर 100 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी, उन्होंने जोड़ा। उन्होंने कहा कि सावनसुखा पश्चिम बंगाल में अग्रणी रहा है। अब छत्तीसगढ़ के रायपुर में हम कदम रख रहे हैं। यह ब्रांड शिल्प कौशल, गुणवत्ता और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है। 8 पीढ़ियों की समृद्ध विरासत के साथ, इसने बेजोड़ डिजाइन और आभूषणों के लिए अद्वितीय दृष्टिकोण के लिए 87 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं।

छुरिया का सेल्समेन 1300 सौ राशनकार्ड धारकों पर भारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 8 जून। नगरी निकाय व ग्राम पंचायतों मे अप्रैल माह में ही 2 महीने का राशन वितरण हो चुका है लेकिन छुरिया नगर पंचायत का सेल्समेन एक ही माह का चावल वितरण किया है। महीने का ऐसा कोई दिन नहीं है जो 15 से 20 तारीख के पहले वितरण चालू हुआ हो, हमेशा सेल्समैन 15 से 20 तारीख बाद ही राशन का वितरण शुरु करता है, जिससे भीड़ बड़ जाता हैं, कड़ी धूप में भरी दोपहरी में लोगों को लाइन में लगवा कर मशीन खराब हो गया है । बहाना बताकर राशन वितरण नहीं किया जाता हैं शासन के मंसा को ठेस पहुंचा कर अपने मनमर्जी हिसाब से खाद्यान्न का वितरण करता है । सेल्समैन के कारण कार्डधारियों में आए दिन तू तू मै मय होता हैं , कई बार राशन के कारण तना तनी व मारपीट की स्थिति बन जाता हैं। छुरिया में लगभग 1200 से 1300 कार्ड धारी है और बताया जाता है सेल्समेन लाममेटा व छुरिया दो जगह का वितरण प्रणाली का दुकान संभलता है। जिसके कारण भी आज यह सब स्थिति निर्मित होती है छुरिया नगर पंचायत को चाहिए कि यहां दो दुकान खाद वितरण का करना चाहिए ।जिससे सुचारू रूप से एवम् निर्विवाद खद्यान वितरण हो सके। वहीं समय में राशन दुकान नहीं खुलता, यह भी बहुत बड़ी वजह है कई बार गरीब परिवार को समय में राशन नहीं मिलने से किराना दुकान में महंगी दाम में चावल खरीदकर अपने बच्चों का पेट भरता है । समय और व्यवस्था में सुधार की अत्यंत जरूरत है। यहां की जनप्रतिनिधि जनहित के मुद्दों पर ध्यान नहीं देते हैं ,जहां फायदा दिखता है वही ध्यान देते हैं विडंबना है नगर पंचायत छुरिया की।

आयुक्त ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

वर्षा ऋतु में वृहद वृक्षारोपण के लिये स्थल चयन के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 8 जून। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक में तकनीकि अधिकारियों से शहर में चल रहे निर्माण कार्यो एवं योजना के कार्यो में तेजी लाकर अतिशीघ्र पूर्ण करने एवं अप्रारंभ कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में निगम सीमांतर्गत वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जाना है, इसके लिये सभी उप अभियंता अपने अपने प्रभारित वार्ड में स्थल चयन कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करे।

बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की वार्डवार जानकारी लेकर समस्त निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओं से कहा कि विधायक, सांसद निधि व अन्य योजनांतर्गत चल रहे कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करे तथा पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो की शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे, जिन कार्यो की उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेज पाये है उसे तत्काल भेजना सुनिश्चित करे। इसके अलावा उन्होंने शहर में चल रहे निर्माण कार्य के प्रगति की वार्डवार जानकारी लेकर कहा कि निर्माण कार्यो में तेजी लावे तथा कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी फिल्ड में रहकर कार्यो की मानिटरिंग करेंगे, ठीक से कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करें। उन्होने कहा कि कार्य की प्रगति से उच्च अधिकारियों को अवगत करायेगे और पीडब्लूडी गाईड लाईन के आधार पर स्तरबद्ध कार्य करेंगे तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें, जिससे आगे के कार्य कराने राशि जारी हो सके।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे कार्यो में प्रगति लावे एवं अप्रारंभ कार्यो को तत्काल प्रारंभ कराये तथा जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया गया है एवं जिनके द्वारा अधुरा कार्य किया गया है, उन्हे नोटिस जारी कर अविलंब कार्य प्रारंभ कराये। निर्माण कार्यो का चरणबद्ध बिल तैयार करे ताकि कार्य में प्रगति आ सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखेंगे। निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगी। योजना के कार्यो मुख्यमंत्री घोषणा, सांसद विधायक निधि, महापौर व पार्षद निधि के कार्यो को प्राथमिकता से करे, डामरीकरण के शेष कार्य जल्द पूर्ण कराये। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि वर्षा ऋतु में निगम सीमांतर्गत वृहद रूप से वृक्षारोपण के लिये सभी उप अभियंता अपने अपने प्रभारित वार्डो में जाकर स्थल चयन करे,जिसमें रिक्त भूमि,रोड के किनारे,उद्यान,तालाब के किनारे,शासकीय सामाजिक संस्थाओं,स्कूलो व कालेजो में वृक्षारोपण किया जाना है। उन्होंने कहा कि पौध रोपण के लिये स्थान,बाण्ड्रीवाल व फैसिंग की स्थिति के साथ साथ पानी की उपलब्धता की जानकारी उपलब्ध कराये।

समाचार संक्षेप

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई

राजनांदगांव 8 जून। 7 जून को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर श्री राहुल देव शर्मा, अतिए पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार खेस, श्री नवरतन कश्यप सउनि श्री वेनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव, शरद मसीह एवं यातायात टीम द्वारा शहर के अम्बेडकर चौक से फुरसत के पल, कविता काम्पलेक्स, रेस्ट हाउस तक पेट्रोलिंग कर बेतरतीब तरीके से नो पार्किंग में खड़े वाहन, दुपहिया वाहन में 03 सवारी, मालवाहन में सवारी बिठाना, चारपहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट लगाये मोबाईल उपयोग करने वाले कुल 39 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर 13400 रूपये जुर्माना वसूला गया। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस की आम जन से अपील है कि अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाये एवं तीन सवारी न चलें, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट लगाये, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करें। यातायात व्यवस्था बनाये रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन करे एवं सुरक्षित रहें।

रामदरबार चौक पर ट्रैफिक सिग्नल चालू

राजनांदगांव 8 जून। 7 जून को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय खेस, नवरतन कश्यप एवं राघव एडवरटाईजमेंट रायपुर के सहयोग से शहर के रामदरबार चौक में सुगम यातायात संचालन, आम जनता के सुविधा एवं सुरक्षा हेतु नया ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है, यातायात संचालन हेतु सिग्नल पाईंटों में प्रातः 09.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक यातायात बल ड्यूटी में तैनात रहेंगे। शहर में अब नो पार्किंग, तीन सवारी के साथ-साथ रेड सिग्नल जंप पर भी लगातार कार्यवाही होगी। यातायात पुलिस राजनांदगांव की आम लोगो से अपील है कि ट्रैफिक सिग्नल का पालन करें, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग न करें, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाये, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाये, शराब सेवन कर वाहन न चलायें एवं माल वाहन में सवारी न बिठायें। यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित यात्रा करें।

सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत उरईडबरी के सचिव को किया निलंबित

राजनांदगांव 8 जून। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम एवं ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम पंचायत उरईडबरी, अंजोरा, देवादा, टेडेसरा, तोरणकट्ठा, कोपेडीह, तुमड़ीबोड़ के पंचायत कार्यालयों, विकास कार्यो एवं स्वच्छता का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के उरईडबरी ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। सचिव ग्राम पंचायत उरईडबरी को कई दिनों से पंचायत नहीं आने तथा निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर निलंबित किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों को मुख्यालयों में रहने के निर्देश दिए है।उन्होंने राजनांदगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत देवादा में गंदगी अधिक पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ग्राम पंचायत देवादा में गंदगी और साफ-सफाई नहीं होने पर ग्राम पंचायत सचिव कारण बताओ नोटिस और 250 रूपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत देवादा में चल रहे विकास कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम पंचायत टेडेसरा और तोरणकट्ठा के ग्राम मनकी में गंदगी पाये जाने पर संबंधित सचिव पर 250 रूपए का जुर्माना लगाया है। उन्होंने राजनांदगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत अंजोरा में स्वच्छता दीदीयों को कचरा संग्रहण के लिए प्रोत्साहित किया। ग्रामीणों ने बताया कि स्वच्छता दीदीयों को प्रतिमाह प्रत्येक घर से 30-30 रूपए शुल्क दिया जाता है। सीईओ जिला पंचायत ने डोंगरगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कोपेडीह के सचिव से पंजी संधारण की जानकारी ली। उन्होंने नेशनल हाईवे किनारे निर्मित सामुदायिक शौचालय को उपयोग में लाने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में घर-घर कचरा संग्रहण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी दुकानदारों के साथ यूजर शुल्क लेने के लिए अनुबंध करने के निर्देश दिया।

संपादकीय

बातचीत तो बिना शर्त ही होनी चाहिए

जब भी दो पक्षों में किसी मसले पर बातचीत होती है तो यह बातचीत जो पक्ष मजबूत होता है उसके हिसाब से होती है। अगर दोनों बराबर होते हैं तो दोनों अपनी शर्तों पर बातचीत पर अड़ सकते हैं और एक पक्ष को झुकना पड़ता है अगर बातचीत करनी होती है। इसी तरह अगर एक पक्ष कमजोर है और एक पक्ष मजबूत है तो मजबूत पक्ष की शर्त पर ही बातचीत होती है। कमजोर पक्ष बातचीत के लिए शर्त रख ही नहीं सकता क्योंकि मजबूत पक्ष उसकी शर्त मान ही नहीं सकता। इसलिए कमजोर पक्ष को बातचीत के लिए शर्त रखना ही नहीं चाहिए। यह जानते हुए भी बस्तर के नक्सली संगठन आपसी बातचीत के लिए शर्त रख रहेहैं कि वह बातचीत के पहले हथियार नहीं डालेंगे। साय सरकार इन दिनों बस्तर में बहुत सारे कैंप खुल जाने के कारण मजबूत स्थिति में है तथा उसकी मजबूत स्थिति के कारण कई तरह से बस्तर से नक्सलियों का सफाया हो रहा है, बस्तर में नक्सलियों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है। बस्तर में नक्सलियों को सुरक्षित समझे जाने वाले इलाकों में कैंप खुल जाने से उनकी गतिविधियों की सही जानकारी पुलिस व जवानों को मिल रही है और वह निरंतर सफल आपरेशन चलाकर नक्सलियों का सफाया कर रहे हैं। हर सप्ताह नक्सली मारे जा रहे हैं, जितने मारे जा रहे हैं, उससे ज्यादा सरेंडर कर रहे हैं, साथ ही बड़ी संख्या में नक्सली गिरफ्तार भी किये जा रहे हैं। यही सिलसिला चलता रहा तो जो लक्ष्य है कि दो साल में नक्सलियों का सफाया कर दिया जाएगा,वह पूरा हो सकता है। बस्तर में नक्सलियों की निरंतर कम होने से नक्सलियों की कमरपहली बार बुरी तरह टूट गई है। न तो वह नई भर्ती कर पा रहे हैं, न ही पैसे वसूल कर पा रहे हैं। न ही पहले की तरह गांवों में आतंक फैला पा रहे हैं। न ही पहले की तरह चुनाव को प्रभावित कर पा रहे हैं। कांग्रेस की सरकार न रहने से नक्सलियों को जो राजनीतिक संरक्षण मिल जाता था साय सरकार आने के बाद वह भी नहीं मिल रहा है। माना जाता है कि नक्सली इसलिए बचे हुए हैं कि उन्हें राजनीतिक संरक्षण भी मिलता रहा है। जब सरकारें कमजोर होते हैं तो उन्हें नक्सली की बातें माननी पड़ती हैं। पहले नक्सली नहीं चाहते थे कि उनके इलाके में कोई विकास कार्य हो तो सरकारें उनके इलाकेंमें विकास कार्य कराने के लिए जाती नहीं थी, सरकारें नक्सली इलाकों में फोर्स तक नहीं भेजती थी।तब सरकारे कहती थी जवानों के मरने के लिए नक्सली इलाके में नहीं भेजा जाता था, नक्सली जिस इलाके में कैंप नहीं चाहते थे, वहीं कैंप खोलने का विरोध किया जाता था, ग्रामीणों के विरोध के कारण ही पहले नक्सली इलाके में कैंप नहीं खुल पाते थे। नक्सली ग्रामीणों को भड़काते थे कि सुरक्षा बल का कैंप खुला तो वह तुम लोगों पर अत्याचार करेंगे, तुम लोगों को पकड़ कर ले जाएंगे।तब नक्सलियों का आतंक इतना रहा कहता था कि सरकार व ग्रामीणों को नक्सलियों की बात माननी पड़ती थी। सरकार पहले कभी मजबूत स्थिति में नहीं थी इसलिए वह नक्सलियों का सफाया करने की सोच नहीं पाती थी, वह नक्सलियों का सफाया संभव ही मानती थी इसलिए बड़े आपरेशन जैसे आज चलाए जा रहे हैं, वैसे पहले चलाना तो तूस सोचा तक नहीं जाता था। साय सरकार बनने के बाद सरकार की स्थिति बस्तर में कैंपों के कारण इतनी मजबूत है कि नक्सली पहले की तरह न तो अपनी गतिविधि चला पा रहे हैं न ही लोगों में आतंक फैला पा रहे हैं। आज तो स्थिति यह है कि नक्सली कुछ बड़ा की सोचते हैं इससे पहले ही सरकार उन पर हमला कर उनका सफाया कर देती है, गिरफ्तार कर लेती है।साय सरकार के पास नक्सलियों के सफाए को पूरा मौका है, यह मौक बरसों के बाद आया है, इसलिए इस मौके का फायदा उठाकर सरकार को नक्सलियों पर इतना दवाब बढ़ाना चाहिए कि उनको लगे कि सरेंडर के अलावा के कोई चारा नहीं बचा है। साय सरकार को नक्सलियों व कांग्रेस के दवाब में आए बगैर एक तरफ सफाया करते रहना चाहिए तथा दूसरी तरफ उनकी गिरफ्तारी की सिलसिला भी जारी रहना चाहिए। इन दोनों तरह कार्रवाई के कारण ही नक्सलियों पर सरेंडर का दवाब बढ़ेगा और वह सरेंडर करेंगे। यान सरकार को सफाए के रास्ते पर चलना चाहिए और गिरफ्तारी के रास्ते पर भी चलना चाहिए। नक्सलियों को जब लगेगा कि या तो उनकी गिरफ्तारी होगी या वह मारे जाएंगे तो ही वह सरेंडर करेंगे। नक्सली जैसे जैसे कमजोर होंगे वह शांति व बातचीत की बात करेंगे, सरकार को ऐसी स्थिति में उनकी कोई शर्त नहीं माननी चाहिए। साफ कह देना चाहिए कि बातचीत होगी तो बिना शर्त होगी।

समसामयिक

मनोज कुमार अग्रवाल

उम्मीदों के नए क्षितिज पर कितना खरा उतरेंगे नरेन्द्र मोदी !

भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पुनः सत्ता में आ रहा है।शुक्रवार को पुराने संसद भवन के सैंट्रल हॉल में राजग के तमाम नेताओं की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजग का नेता सर्वसम्मति से चुन लिया गया। जैसाकि सर्व विदित है अठारहवीं लोकसभा में भाजपा अकेली बहुमत से दूर है, इसलिए उसे सरकार चलाने के लिए राजग के अन्य दलों विशेषकर नीतीश कुमार के जनता दल युनाइटेड और एन. चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी के सहयोग की जरूरत पड़ेगी। स्पष्ट है कि यह गठबंधन की सरकार होगी और भाजपा अब उस तरह के कड़े फैसले नहीं ले पाएगी, जिन पर कथित सर्वसम्मति से डिक्टेटर निर्णय होने का दष्पा लगता रहा है।दरअसल अभी तक पीएम नरेंद्र मोदी अपने सलाहकार मंडल की राय पर अथवा स्वयं की राय पर जो फैसला लेते थे वही सरकार का रोडमैप होता था उसमें कोई रोका टोकी या सवाल नहीं उठाया जाता था यहां तक कि संगठन की भी इतना साहस नहीं होता था कि वह मोदी की राय को काट सकते। ज्यादातर यस मैन की भूमिका में होते थे लेकिन अब गठबंधन की भावी सरकार में इस कायशैंली पर तकरार संभव है।

आपको बता दें कि अभी केवल मतगणना और गठबंधन के नेता का चयन हुआ है, न प्रधानमंत्री ने शपथ ली है और न ही मंत्री बनाने का कोई सूत्र तय हुआ है, लेकिन अभी से अन्य दलों ने आंखें तरेरना शुरू कर दिया है। मात्र 2 सीटें जीतने वाले जनता दल (सेक्यूलर) यानी जेडीएस ने अपने नेता एचडी कुमारस्वामी के लिए कृषि मंत्रालय की मांग रख दी है। राजग में तीसरा सबसे बड़ा दल बनकर उभरे नीतीश के जदयू के पास मात्र 12 सांसद हैं, किन्तु सूत्रों के अनुसार उन्होंने 5 मंत्रालय की मांग की है। जदयू ने एक और बड़ा कदम उठाते हुए भाजपा द्वारा जोर-शोर से लाई गई 'अग्निवीर' योजना पर पुनर्विचार करने की मांग की है। इस योजना के तहत सेना में 4 वर्ष के लिए युवाओं को भर्ती किया जाता है। इस योजना का उन राज्यों में भारी विरोध है जहां से सेना में सबसे अधिक जवान भर्ती होते हैं। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इस योजना के कड़े विरोध का ही परिणाम है कि चुनाव परिणाम भाजपा की उम्मीद के विपरीत रहे। हरियाणा में भाजपा की सरकार है फिर भी आधी सीटें हार गए, राजस्थान में भाजपा सरकार है फिर भी सीटें जीतने में कांग्रेस से भी पीछे रह गए, उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार है, वहां भी ऐसा ही हश्र हुआ, पंजाब में तो खाता ही नहीं खुला।

नरेंद्र मोदी तीन बार गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और दो कार्यकाल प्रधानमंत्री के तौर पर पूरे किए, इन पांचों कार्यकाल में उनकी पार्टी को पूर्ण बहुमत हासिल था। अब तक उन्होंने गठबंधन सरकार चलाई ही नहीं है।नरेंद्र मोदी ने जो कायशैंली विकसित की उसमें उनका फैसला ही पार्टी और सरकार पर बाध्यता बतौर लागू होता रहा है यह दीगर बात है कि उनकी नीति या फैसले पार्टी और सरकार के लिए फायदेमंद साबित होते रहे। 2014 और 2019 में भले ही कहने को राजग गठबंधन सत्ता में था, किन्तु दोनों बार भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला हुआ था, इसलिए गठबंधन में शामिल दलों के सामने उन्हें बेबसी नहीं दिखानी पड़ी। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है।भले ही भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है, फिर भी उन्हें गठबंधन के अन्य दलों के सामने कठोरता या मनमानी भारी पड़ सकती है। जब जदयू 12 सांसदों में से 5 को मंत्री बनाने की मांग रख रही है तो

स्वाभाविक है कि उससे 4 सीटें अधिक यानी 16 सीटें जीतने वाली तेदेपा तो और अधिक उम्मीद रखेगी। देखना होगा कि मोदी सरकार सब सहयोगियों को कैसे संतुष्ट करती है।गठबंधन की विवशता नई सरकार के निणर्यों में भी झलकेगी। कम से कम पहला साल सरकार कोई कड़ा कदम

उठाने से कतराएगी। शीघ्र ही सरकार पूर्ण बजट पेश करेगी, उसमें लोकलुभावन घोषणाओं की उम्मीद की जा सकती है। बुनियादी ढांचे का निर्माण, रक्षा उपकरण क्षेत्र, बिजली और रेलवे के क्षेत्र में सुधार जारी रहने की संभावना है, क्योंकि तेदेपा मुखिया चंद्रबाबू नायडू स्वयं बुनियादी ढांचे पर जोर देने वाले नेता हैं। लेकिन नीतीश व अन्य दलों के दबाव में अब किसानों पर ध्यान देने, मध्यम वर्ग की संभाल लेने, मुफ्त राशन की मात्रा बढ़ाने, रोजगार सृजन के प्रयास करने तथा सरकारी उपक्रमों को बेचने की रफ्तार धीमी होने की संभावना है। राष्ट्रीय मुद्दों पर बड़ी-बड़ी बातें करने की बजाय अब उन मुद्दों पर भी ध्यान दिया जाएगा, जो धरातल पर आम आदमी को सीधे प्रभावित करते हैं। इनमें महंगाई पर नियंत्रण, ब्याज दरों में कटौती, टैक्स में राहत जैसे उपाय किए जा सकते हैं। पांच साल सरकार तो भाजपा चला ही लेगी, भले इसके लिए अन्य दलों में तोड़-फोड़ करनी पड़े, निर्दलीय व छोटे दलों को अपने साथ लाना पड़े, लेकिन फिर भी नेताओं का गुट प्रधानमंत्री मोदी के एकतरफा फैसले पर रोका टोकी शुरू कर सकता है क्योंकि पूर्व तक मोदी मैजिक के चलते किसी भी नेता में उनके सुर से अलग सुर निकालने की हिम्मत नहीं थी अब कमोबेश यह परिदृश्य चलने वाला नहीं है। लेकिन आज संसद भवन के कम्युनिटी हॉल में नरेंद्र मोदी को राजग नेता चुने जाने के समय जिस तरह का माहौल राजग के विभिन्न घटकों के नेताओं के बयान सामने आए हैं उससे इस विचार को बल मिलता है कि राजग के नेताओं में नरेंद्र मोदी के प्रति न सिर्फ समर्थन है वरन इन नेताओं के दिल में उनके प्रति सम्मान का भाव है कम से कम यह भाव राजग सरकार के भविष्य का बेहतर संकेत दे रहा है। देखना है कि सहयोगी दलों का नरेंद्र मोदी के प्रति सम्मान और सहयोग का यह भाव कहीं किसी आकांक्षा स्वार्थ के पूरा न होने पर दरक तो नहीं जाएगा? और उम्मीदों के नए क्षितिज पर नरेन्द्र मोदी कितना खरा उतरा पाएंगे? (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

सम्पर्क 9219179431

आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज वित्तीय योजनाओं से जुड़े कामों पर ध्यान देंगे। आज आपको किसी काम में विशेष फायदा होने वाला है। आज घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम की योजना बन सकती है। छात्रों को अपने किसी प्रतियोगिता संबंधी समस्या का समाधान मिलने से रिलैक्स फील होगा। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी, लेकिन विरोधियों की गतिविधियों पर नजर रखें। घर में सुख शांति रहेगी, वैवाहिक रिश्ते अच्छे रहेंगे।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज किसी विशेष काम के प्रति आपकी बहुत अधिक मेहनत होगी और उसके सकारात्मक परिणाम भी मिलेंगे। अगर प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई काम रुका है तो उससे संबंधित फैसले लेने का उचित समय है। धार्मिक यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज अधिकारियों से वार्तालाप करते समय अपनी मान प्रतिष्ठा का भी ध्यान रखें। नौकरीपेशा लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती हैं। कार्यभार भी मन मुताबिक रहेगा। दांपत्य जीवन की गलतफहमी आज समाप्त होगी, आपसी सामंजस्य बनाकर रखना जरूरी है।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पिछले कुछ समय से किसी कार्य को लेकर चल रही योजनाएं कामयाब होंगी। आपकी लगन और मेहनत आपको उचित परिणाम हासिल करवाएगी। आपका सहयोग परिवारजनों का हिम्मत और हौसला बढ़ाएगा। मोबाइल व ई-मेल द्वारा शुभ समाचार मिलने की संभावना है। आज अपनी कामयाबी का दिखावा न करें और अपनी खास योजनाएं सीक्रेट रखें। आज किसी पर भी अधिक भरोसा ना करें। आज समाज में आपका दबदबा बना रहेगा। जीवनसाथी और परिवार के साथ खुशनुमा पल व्यतीत करेंगे।

कर्क राशि-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में जरुरत पड़ने पर भाइयों या नजदीकी मित्रों का सहयोग मिलेगा। उनकी सलाह से परेशानियों से निजात मिलेगी। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति से उलझने से बचना चाहिए। आज ऑफिस के माहौल में राजनीति जैसी स्थिति रहेगी। आपकी परेशानियों को हल करने में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आज खर्चों के साथ बजट का भी ध्यान रखना जरूरी है, वरना बाद में परेशानी आ सकती है। आपकी भौतिक सुख-सुविधाएं बनी रहेंगी। नए कामों को करने के लिए आपका भाग्य आपका पूरा साथ देगा।

सिंह राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज दिन भर कुछ ना कुछ नया करने के बारे सोचेंगे। किसी भी प्रकार की समस्या के समय परिवार का सहयोग आपके लिए मददगार साबित होगा। पति-पत्नी के बीच आपसी सामंजस्य से घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आज किसी प्रिय मित्र से मुलाकात हो सकती है। किसानों के लिए ये समय अनुकूल रहेगा, अच्छा धन लाभ होगा। आज आपके मनपसंद जगह पर ट्रांसफर होने के योग बन रहे हैं।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। आज आप आत्मविश्वास और ऊर्जा द्वारा अपने अन्य कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे। आज कहीं फंसा हुआ पैसा वापस मिल सकता है जिससे आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। साझेदारी के कार्यों में पारदर्शिता बनाकर रखना जरूरी है। ऑफिशियल डाक्यूमेंट्स संभालकर रखें। पारिवारिक वातावरण सुखद और शांतिपूर्ण रहेगा। आज मित्रों के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल करना पड़ सकता है।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज अचानक ही किसी खास मित्र के साथ मेल मुलाकात होगी, और किसी विशेष मुद्दे पर लाभदायक विचार-विमर्श होंगे। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में भी कुछ समय लगाने से मानसिक ऊर्जा बनी रहेगी। आज घर परिवार के मामलों में अपनी उपस्थिति और सहयोग देना जरूरी है। आज किसी को भी वादा करने से पहले अपने आपसे सामर्थ्य का भी ध्यान रखें। व्यापार के नजरिये से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज दिन की शुरुआत में कोई खुशखबरी मिलने से पूरा दिन खुशनुमा बीतेगा। प्रभावशाली और अनुभवी व्यक्ति के सानिध्य में समय बिताने का मौका मिलेगा। आपके व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। विशेष काम में चल रही समस्याएं आज दूर होंगी। आज दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करने से बचें, अन्यथा कोई आपका विरोध कर सकता है। बेहतर होगा कि अपने काम से ही मतलब रखें। आज बेवजह की गतिविधियों में अपना ध्यान ही ना दें। इससे व्यवसाय में मन मुताबिक तरीके से काम पूरे हो जाएंगे। आज आप कोई नया कार्य शुरू करने का मन बनाएंगे।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज घर में बदलाव या सुधार संबंधी योजना बन रही है तो उस पर काम करने के लिए अच्छा समय है। कोशिश करने पर कोई मनचाहा काम पूरा हो सकता है। कोई उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने की पूरी संभावना है। अध्ययनरत युवाओं को पढ़ाई में उचित सफलता मिलेगी। आज व्यापार संबंधी कोई भी फैसला जल्दबाजी में न लें। अपनी कार्यप्रणाली के परिवर्तन संबंधी योजनाओं पर भली-भांति विचार विमर्श करें। अभी की गई मेहनत का परिणाम भविष्य में लाभ दायक साबित होगा।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवरटाइम भी करना पड़ेगा। विवाहित जीवन मधुरता से परिपूर्ण रहेगा। घर के बड़े बुजुर्गों के अनुशासन व देख रेख से घर की व्यवस्था उचित बनी रहेगी। लवमेट आज एक दूसरे को उपहार देंगे। आयात-निर्यात के बिजनेस में फायदे के अच्छे मौके मिलेंगे। कोई नई योजना बन सकती है। आज ऑफिशियल यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। आपकी व्यवस्थित दिनचर्या और खान-पान आपको स्वस्थ और सकारात्मक रखेगा।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको कोशिश और मेहनत से अच्छे नतीजे मिलने के योग है। आज किसी प्रशासनिक कार्य में किसी राजनीतिक व्यक्ति की मदद भी मिल सकती हैं। व्यवसाय में आज आप कुछ नया करने का मन बनायेंगे। आपने नए काम संबंधी योजनाएं बनाई है तो उस पर काम करने के लिए समय अच्छा है। विरोधी आपके धैर्य को देखकर हार मानेंगे और अपने काम को अच्छे से करने के लिए आपसे हेल्प मांगेंगे। जो लोग फेशर हैं, उनकी अच्छी जॉब लगेगी। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज व्यस्तता के बावजूद सभी कार्य सहज रूप से पूरे हो जाएंगे। घर में आए मेहमानों के उचित आवभगत भी करेंगे। आध्यात्मिक गतिविधियों में भी आपकी रूचि बढ़ेगी। परिवार के साथ शॉपिंग करने जाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। किसी प्रकार के निवेश से पहले उस विषय के जानकर किसी अनुभवी की सलाह आपके लिये कारगर सबित होगी। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है, पहले दिये किसी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आएगा।

सामयिक आलेख

तेवर ने दिलाई टिकट, अब थप्पड़ पक्का बनाएगा मंत्री

सुशील कुमार 'नवीन'

बॉलीवुड अभिनेत्री और मंडी से भाजपा की नई सांसद कंगना रनौत के साथ गुरुवार चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर जो हुआ,वह मौके पर चौका है। किसानों पर अमर्यादित टिप्पणी के नाम पर सीआईएसएफ जवान द्वारा कंगना को थप्पड़ मारने से आंदोलनकारियों को नया मुद्दा मिला है, वहीं कंगना को गर्म लोहे पर सीधी चोट मारने का अवसर। इस एक थप्पड़ से कंगना को कोई नुकसान नहीं होने वाला। इस तरह के हजारों थप्पड़ रीटेक के नाम पर इन्होंने अपनी फिल्मों की शूटिंग में खूब खाए हैं। जितना तेज थप्पड़ उतना बड़ा चेक। ऐसे में ये थप्पड़ भी उनके लिए ब्लैंक चेक है। अब इससे कंगना को क्या हासिल होना है और कितना मिल पाएगा। यह अब उनके विवेक पर निर्भर रहेगा। ' क्वीन' का एक फेमस डायलॉग तो आपने सुना ही होगा ' मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर बहुत अच्छा है आपको धीरे धीरे पता चलेगा। हर समय अपने विवादित बयानों से चर्चा में रहने वाली 'पंगा क्वीन' को इससे फायदा ही फायदा है। मुंबई में बीएमसी ने इनका बंगला न तोड़ा होता तो उद्धव ठाकरे से इनका पंगा क्यों होता? पंगा नहीं होता तो मोदी जी तक उनकी मुखरता कैसे पहुंचती। इसी मुखरता ने भाजपा से उनको टिकट दिलाई और सांसद बन गई। इसी तरह देश की सबसे बड़ी कौम के खिलाफ उन्होंने जो टिप्पणी की थी वो बिना सोचे समझे थोड़े ही की होगी। उन्हें साफ पता होगा कि उनका यह बयान कितना चर्चा दिलाएगा। चार वर्ष बाद कंगना को इसे कैश कराने का अब पूरा मौका मिला है। दिल्ली जाते ही सीधे मोदी जी के समक्ष एक्टिंग बढ़िया की तो मंत्री पद रूपी तोहफा मिलने का पूरा मौका रहेगा। एक्टिंग तो ' तनु वेड्स मनु ' में हम देख ही चुके हैं। मंत्री पद नहीं दिया तो मोदी जी को ' मनिकर्णिकाँ' का ये डायलॉग थोड़े ही सुनना है ' ये राज महल, ये सिंहासन मुझे रानी नहीं बनाता है। झांसी के लोगों का प्यार, उनका विश्वास मुझे रानी बनाता है '। वैसे कंगना और विवाद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। चाहे फिल्म क्षेत्र हो चाहे राजनीति। कंगना अपनी तीखी जुबानी तरकश से आग उगलते देर नहीं लगाती है किसान आंदोलन से पहले भी कंगना ने अपनी बयानबाजी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी हुई थी। बॉलीवुड में नेपोटिज्म पर चर्चा हो या देश में राजनीति का मुद्दा अपनी ' मणिकर्णिकाँ ' ने हर बार मुखर होकर बेबाक राय रखी। यहां तक कि हमारी इस गैंगस्टर ने मुंबई में रहते हुए शिवसेना के खिलाफ भी तीखी बयानबाजी करने से गुरेज नहीं किया। सोशल मीडिया की तो हमारी कंगना क्वीन रही है। उनके बयानों के भूकंप से ट्विटर भी थरा चुका है।एक बार तो अकाउंट तक सस्पेंड करना पड़ा था।

इनके श्री मुख से ' भारत को आजादी भीख में

वॉशिंग मशीन में अटके रहते हैं कपड़ों के रेशे

कपड़े धोने के मामले में वॉशिंग मशीन हर किसी का काम बेहद आसान कर देती है, लेकिन वॉशिंग मशीन में कपड़ों के रेशे फंस जाते हैं, जिसे साफ करना काफी मशक्कत भरा होता है. आइए आपको ऐसे हैक्स बताते हैं, जिनसे आपकी वॉशिंग मशीन चुटकियों में साफ हो जाएगी.

इन चीजों से साफ होगी वॉशिंग मशीन–वॉशिंग मशीन की सफाई शुरू करने से पहले आपको कुछ चीजें जुटा लेनी चाहिए, जिससे बार-बार परेशान न होना पड़े. इस काम के लिए आपको व्हाइट विनेगर, बेकिंग सोडा, सूती कपड़ा या स्पंज, पुराना टूथब्रेश, गर्म पानी, जरूरत पड़ने पर डिटर्जेंट पाउडर पास रख लेना चाहिए. इसके अलावा मशीन धोने के लिए बाल्टी या बेसिन का इस्तेमाल आप अपने हिसाब से कर सकती हैं.

सबसे पहले डिस्पेंसर ड्रॉअर करें साफ–वॉशिंग मशीन के डिस्पेंसर ड्रॉअर को साफ करने के लिए सबसे पहले डिटर्जेंट, फैब्रिक सॉफ्टनर और ब्लीच को वॉशिंग मशीन के डिस्पेंसर ड्रॉअर से निकाल लीजिए. अब गर्म पानी में थोड़ा-सा डिटर्जेंट मिला लीजिए और पुराना टूथब्रश लेकर डिस्पेंसर ड्राअर पर लगे दाग-धब्बों को रगड़कर साफ कर लीजिए. अब सभी ड्रॉअर को एयर ड्रायर से सुखा लीजिए और उन्हें वॉशिंग मशीन में दोबारा लगा दीजिए.

यह है ड्रम साफ करने का तरीका–वॉशिंग मशीन का ड्रम साफ करने के लिए उसमें दो कप व्हाइट विनेगर डाल दीजिए. इसके बाद मशीन को फुल पर चला दीजिए. विनेगर की मदद से ड्रम में जमे मिनरल डिपॉजिट्स, डिटर्जेंट के निशान और मशीन में फंसे कपड़ों के रेशों को हटाने में मदद मिलती है. इसके अलावा विनेगर से मशीन से आने वाली बदबू भी दूर होती है. जब विनेगर वाला राउंड पूरा हो जाए तो मशीन को एक बार धोकर उसमें एक कप बेकिंग सोडा डाल दीजिए.

चिंतन

डॉ . सूर्यकांत मिश्रा

शब्दों की मर्यादा छोड़ , सबने उगले विष !

बीते विधानसभा चुनाव से लेकर वतर्मान लोकसभा चुनाव तक राजनीति के शूरमाओ द्वारा दिए गए वक्तव्य बिगड़े बोल के रूप में दर्ज किए जा सकते हैं ! भारतवर्ष में किसी भी स्तर के चुनाव में नेताओं द्वारा एक - दूसरे पर की गई टिप्पणियां केवल एक या दो प्रदेशों तक ही सीमित नहीं है , बल्कि पूरे हिंदुस्तान में चर्चा का विषय बनती रही हैं । जो पिएगा वो मरेगा से लेकर गर्मी शांत कर देंगे तक नेताओं के बिगड़े बोल सुखिर्या बनकर आम जनता के समक्ष आते रहे हैं । विधानसभा चुनाव के दौरान नीतीश कुमार के जो पिएगा वो मरेगा के बाद योगी आदित्यनाथ द्वारा कहे गए 10 मार्च के बाद सारी गर्मी शांत कर देंगे ने राजनीतिकारों के चरित्र को उजागर किया है । विवादित बयान देने वाले शीर्ष राजनीतिकारो की सूची लंबी है । इसमें उत्तर प्रदेश , बिहार , मध्य प्रदेश , कर्नाटक , असम और दिल्ली के मुख्य मंत्री तक चर्चा में रहे हैं । इन नेताओं द्वारा कहे गए वचनों के बाद ऐसा प्रतीत होता है मानों शब्दों को भी अपना मुंह छिपाना पड़ रहा हो । नेताओं के ऐसे ही विष भरे वचनों को सुनकर मुझे याद आता है - शब्द सम्हालकर बोलिए , शब्द के हाथ न पांव । एक शब्द औषधि करे ,एक शब्द करे घाव ।। जिसने भी इन पंक्तियों को लिखा है , उसकी सोच युग कालीन कही जा सकती है । लोकसभा चुनाव 2024 में बिगड़े बोलों ने मानों एशियाड , ओलिंपिक और विश्वकप स्पर्धा के बड़े खिलाड़ी होने का सबूत देते हुए अपने शब्दों की मर्यादा को बिसरा दिया है ! कांग्रेस के चरणदास महंत ने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिर फोड़ने की ताकत रखने वाले को ही खुले मंच से आमंत्रण दे डाला ! बिगड़े बोल की प्रतिस्पर्धा में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने भी अपना चांस खोना उचित नहीं समझा ! उन्होंने अहमदाबाद में एक चुनावी रैली के दौरान राहुल गांधी की बढ़ी हुई दाढ़ी को लेकर उनकी तुलना सद्दाम हुसैन से कर दी ! अरे ! भाई ! बढ़ी दाढ़ी तो हमारे देश के बड़े कवि और लेखक भी रखा करते थे , भला इसमें क्या बुराई है ? बिहार में जहरीली शराब पीने से 82 लोगों की मौत पर वहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सारी हदें पार करते हुए मुआवजे की मांग को ठुकराते हुए यहां तक कह डाला कि मरने वालों को कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा उन्होंने विधानसभा में यह कहने से कोई परहेज नहीं किया कि जो पिएगा , वो मरेगा इस वक्तव्य के बाद एक बार फिर शराब बंदी नीति पर बड़ा सवालिया निशान आकर खड़ा हो गया । इसी तरह मध्य प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्य के पूर्व मंत्री राजा पटेरिया ने लोगों से संविधान और अल्पसंख्यकों , दलितों एवं आदिवासियों के भविष्य को बचाने की चिंता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहने वालों का आव्हान कर डाला ! बिगड़े बोल के अलावा देवी - देवताओं के पोस्टर के साथ छेड़छाड़ के मामले भी नेताओं के इशारे पर होते दिख रहे हैं । मां काली के पोस्टर में उन्हें सिगरेट पीते हुए दिखाना भी हम सबके सामने आ चुका है । कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो मर्यादा शब्द को शमर्शार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना रावण से कर दी। लोकसभा चुनाव में अपने - अपने वादों - इरादों को गिनाते हुए नेताओं के बोल शोले उगलने लगे हैं ! कहीं - कहीं तो ये ज्वालामुखी की तरह फट रहे हैं ! नेताओ के अपशब्द के चलते शब्दों ने अपना अर्थ को दिया है । अब तो वोट जिहाद जैसे शब्द भी सुनने में आ रहे हैं , जिनकी पहले कोई कल्पना नहीं की गई थी । इन सारे ध्रुवीकरण नामक छोड़े जा रहे हथियार को रोकने चुनाव आयोग भी सामने नहीं आ रहा है ! ध्रुवीकरण करके अपनी जीत पक्की करने के लिए अपराधियों को शहीद बताने की होड़ भी शुरू हो गई है ! अखिलेश यादव की जनसभा में मुरादाबाद के सपा जिला अध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान ने माफिया अतीक अहमद , मुख्तार अंसारी और शहाबुद्दीन को याद करते हुए वोट करने की अपील कर डाली । भड़काऊ भाषण देने पर नेताओं के खिलाफ चुनाव आयोग में लगातार शिकायतें भी की जा रही हैं । एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ भाजपा ने वाराणसी में भड़काऊ भाषण देने की शिकायत दर्ज कराई । दूसरी ओर सपा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कई बयानों पर आपत्ति जताते हुए आयोग में शिकायत की । भड़काऊ भाषण के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश और दूसरे नंबर पर बिहार में होने की बात पता चली है । कांग्रेस के रणदीप सुरजेवाला ने एक विवादित बयान देते हुए बीजेपी की विचारधारा का समर्थन करने वालों को राक्षसी प्रवृत्ति का बता डाला । नेताओ के बिगड़े बोल का दौर कोई नया नहीं है । 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए मौत का सौदागर , चायवाला और चौकीदार चोर है जैसे विशेषणों का इस्तेमाल किया जा चुका है । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के समय जहर उगलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए यह तक कह डाला कि मोदी जहरीले सांप की तरह है । आप इसे जहर समझें या न समझें लेकिन अगर आप इसे चखेंगे तो मर जाएंगे ! नेताओ के बिगड़े बोल तब और ज्यादा सालने वाले लगते हैं जब वे महिलाओं पर छींटाकशी करते हैं । भारतीय राजनीति में ऐसे नेताओं की भी कमी नहीं जिनकी जुबान का निशाना महिलाएं बनी हैं ! समाजवादी पार्टी के प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने एक रैली में कहा था - लड़के - लड़की में विवाद होने पर लड़की बयान देती है कि लड़के ने मेरा बला... र किया है । इसके बाद लड़के को सजा दे दी जाती है , ये गलत

एक नजर

पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प

तिल्दा नेवरा 8 जून। कोरोना काल में आई आपदा ने लोगों को प्रकृति के महत्व को समझा दिया है। यही वजह है कि लोग पौधरोपण कर प्रकृति के संरक्षण के लिए संकल्प दिखा रहे हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र तिल्दा नेवरा में पौधरोपण कर लोगों ने प्रकृति के संरक्षण का संकल्प दोहराया है। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र तिल्दा नेवरा परिवार ने विश्व विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वास्थ केंद्र परिसर में हर्बल गार्डन बना करके वृक्षारोपण किया और वृक्षों की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली बी एम ओ डाक्टर उमा पैकरा ने कहा की धरती को हरा-भरा और खुशहाल बनाने के लिए हम सबको यह संकल्प लेना चाहिए और सबको जागरूक करना चाहिए कि धरती को भी स्वच्छ रखें और अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर इसको संतुलित करें, ताकि हमें भरपूर मात्रा में जल और इसके अलावा जीवन के लिए जो अनिवार्य तत्व है वह पूर्ण रूप से मिल सकें। प्रकृति ने हमें अभी तक दिया ही दिया है और दे ही रही है लेकिन अब हमारी बारी है कि उसे हम प्यार, सम्मान और सहानुभूति दें ताकि हमारे कारण यह जो प्राकृतिक संतुलन बिगड़ा है उसमें फिर से सुधार हो सके। वृक्षारोपण में प्रमुख रूप से डाक्टर आशीष सिन्हा ,डाक्टर सरोज गंधर्व ,बी पी एम ममता सुनानी ,आशीष जेम्स ,भोला ,देवशरण नेताम के साथ नर्स और कर्मचारीगण शामिल रहे।

संस्कार भारती व लोकरंजनी करेगी 21 कवियों व साहित्यकारों का सम्मान

रायपुर 8 जून। रविवार 09.06.2014 संध्या 5.30 बजे से कला एवं साहित्य तथा रंगमंच के लिए समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती एवं लोकरंजनी लोक कला मंच रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में कवि व साहित्यकारों का सम्मान कार्यक्रम रायपुर के वृंदावन हाल सिविल लाइन में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कवि पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे, मीर अली मीर, रामेश्वर वैष्णव , रामेश्वर शर्मा , सुशील भोले, डॉ. चितरंजन कर, श्रीमती शकुंतला तरार, डॉ सीमा श्रीवास्तव, श्रीमती उर्मिला देवी उर्मी,राजेश जैन राही , डॉ. देवधर महंत, डॉ अनिल कुमार भतपहरी, गोविंद धनगर, राजेश चौहान, सुखनवर हुसैन,लोकनाथ साहू ललकार, शशि भूषण सनेही, मिनेश कुमार साहू, डॉ. इंद्रदेव यादु ,विजय मिश्रा अमित, आरंग से महेन्द्र कुमार पटेल सम्मानित होंगे।इस संबंध में बोडरा आरंग निवासी डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर संस्कार भारती रायपुर के अध्यक्ष व लोकरंजनी लोक कला सांस्कृतिक मंच के संचालक ने बताया गीत, कविता लेख,शोध सहित कला जगत व छत्तीसगढ़ के समृद्ध साहित्य में लंबे अरसे से साधनारत व उल्लेखनीय कार्य कर रहे प्रदेश के मूर्धन्य राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कवियों व साहित्यकारों को छत्तीसगढ़ साहित्य रत्न सम्मान 2024 से विभूषित किया जाएगा।

1 लाख का ईनामी नक्सली आरपीसी अध्यक्ष गिरफ्तार

सुकमा 8 जून। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत ग्राम दुलेड़ में नक्सली बैठक की आसूचना पर थाना चिंतागुफा से जिलाबल, डीआरजी एवं सीआरपीएफ का संयुक्त बल ग्राम दुलेड़ जंगल पहाड़ी व आस-पास क्षेत्र की ओर नक्सली धर-पकड़ अभियान हेतु रवाना हुए थे। अभियान के दौदान ग्राम कहेर दुलेड़ के जंगल से 01 नक्सली कड़ती मुत्ता उर्फ दिनेश पिता स्व. पाण्डू निवासी पटेलपारा दुलेड़ थाना चिंतागुफा जिला सुकमा को गिरफ्तार किया गया है। थाना चिंतागुफा में गिरफ्तार नक्सली कड़ती मुत्ता उर्फ दिनेश का रिकार्ड की जांच करने पर उसके विरूद्ध नक्सल संगठन में विगत 30-35 वर्षों से सक्रिय रहने एवं पूर्व से नामजद 04 प्रकरणों में अपराध पंजीबद्ध पाये जाने पर कार्यवाही उपरांत आज शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

प्लेसमेंट कैम्प 14 जून को

उत्तर बस्तर कांकेर, 8 जून। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में 14 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 470 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी श्री बी.आर. ठाकुर ने जानकारी दी है कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सेक्युरिटी गार्ड के 300, सेक्युटरी सुपरवाईजर के 50, लेबर के 100 और शिक्षक के 20 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाएगा।

जैतखाम कांड की उच्चस्तरीय जांच की मांग सर्व अजा वर्ग एवं सतनामी समाज ने सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कोंडागांव 8 जून। सर्व अनुसूचित जाति वर्ग एवं सतनामी समाज के संयुक्त तत्वाधान में चौपाटी मैदान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रैली के शक्ल में हजारों की संख्या में एसडीएम कर ले जाकर ज्ञापन सौपा गया तत्पश्चात मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय जाकर कलेक्टर कार्यालय में महामहिम राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन , माननीय गृह मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ,राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग नई दिल्ली के नाम ज्ञापन सौपा गया मुख्य मांग (1) सतनामी समाज के आस्था के प्रमुख केन्द्र गिरौदपुरीधाम से लगा हुआ महकोनी ग्राम के पास गुरूघासीदास जी ज्येष्ठ पुत्र गुरु अमरदास जी के नाम से अमर गुफा स्थित है। जहां पर विगत कई वर्षो गुरूगदी एवं जैतखाम स्थापित है। दिनांक 15/05/2024 को रात्रि में असामाजिक तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से तीन जैतखाम को आरी से काट-काट कर फेक दिया गया तथा अमरदास गुफा के सुरक्षा के दृष्टिकोन से लगाये गये लोहे की चैनल गेट को काटकर फेंक दिया गया। पूजारी कसमदास भास्कर द्वारा 16/05/2024 को सुबह पूजा करने गया तब घटना की जानकारी हुआ समाजिक एवं गुरू बंशजो को अवगत कराने के पश्चात दिनांक 17/05/2024 को गिरौदपुरी में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया। समाज के प्रति मंडल कलेक्टर बलौदाबाजार एवं पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार से उक्त घटना की भर्त्सना करते हुए अतिशीघ्र दोषियों को गिरफ्तार करने ज्ञापन सौंपा गया। समाज के युवाओं एवं समाजिक पदाधिकारियों द्वारा न्याय की मांग को लेकर

पुलिस चौकी गिरौदपुरी में पुलिस अधिकारियों से अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग किया गया। प्रशासन द्वारा 19/05/2024 को सभी अपराधी के पकडे जाने तथा 20/05/2024 को प्रेस कांफ्रेस कर घटना का खुलासा करने की आश्वासन के आधार पर आन्दोलन समाप्त किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार समाज को गुमराह करते रहे लगभग 3 बजे सूचना आया कि अपराधियों को जेल दाखिल किया जा चुका है। जिसमें बिहार सहरसा जिला के 3 आरोपी जो किसी ठेकेदार द्वारा पानी टंकी निर्माण का पैसा नहीं दिये जाने से आक्रोशित होकर जैतखाम को रात्रि 11:00 बजे काटे जाने की जानकारी व्हाटसॉप के माध्यम से प्राप्त हुआ। पुलिस प्रशासन द्वारा जांच एवं की गयी कार्यवाही से समाज संतुष्ट नहीं हैं। चूंकि अमरदास गुफा जैतखाम और ठेकेदार तथा बिहार के लोगों को जिसे अपराधी बनाया गया है। अमर गुफा से किसी प्रकार का लेना-देना होना प्रतीत नहीं होता है। पुलिस प्रशासन द्वारा जो कहानी बनाया गया है। उससे पूरा छत्तीसगढ़ के 50 लाख सतनामी समाज एवं गुरूघासीदास जी के अनुयायी संतुष्ट नहीं है। सुनियोजित ढंग से समाज के आस्था एवं स्वाभिमान के प्रतिक जैतखाम को काटा जाना जहेय अपराध है। पूरा छत्तीसगढ़ के सतमानी समाज में अपने अराध्या गुरूघासीदास जी के प्रतीक जैतखाम को काटे जाने से समाज में आक्रोश है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों में पूर्व में भी जैतखाम को जलाने तोड़ने की घटनाएं होती रही। जैसे धरमपुरा, बिलासपुर, मुंगेली, रसौटा सहित छ.ग. प्रदेश के अन्य स्थानो में भी घटनाएं हो चुकी है। जब भी समाज के उपर अन्याय एवं अत्याचार की घटनाएं हुई है तब-तब समाज न्याय के लिए आवाज उठाते रहे है। अब मामला लाखों-लाखों गुरूघासीदास जी के अनुयायीओं के आस्था का प्रमुख केन्द्र छत्तीसगढ़ के प्रमुख धार्मिक स्थल गिरौदपुरी तक पहुंच चुके है। जो अपने आप में गंभीर घटना है। असामाजिक तत्व एवं जातिवादी मानसिकता के लोग शांति के टापु कहे जाने वाले छ.ग. प्रदेश में सामाजिक सदभाव बिगाडकर अशांति फैलाना चाह रहे है। गुरु अमरदास गुफा गिरौदपुरीधाम में सुनियोजित ढंग से जैतखाम को काटे जाने एवं लोहे की दरवाजा को तोड़ने के घटना की गंभीरता एवं समाज की धार्मिक भावनाओं एवं आस्था को चोट पहुंचाने की मामले की घटना का सही-सही जांच हो तथा इस घटना में संलिप्त वातविक अपराधियों एवं मुख्य अपराधियों की गिरफ्तारी हो ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्रि न हो सके।

जल्द खुलेगा सीतागाँव में आईटीबीपी का फील्ड अस्पताल

27वीं बटालियन आईटीबीपी का सीतागाँव कैंप में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला 8 जून। ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों के लिए पहल करते हुए भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने चिकित्सा सुविधा को और बेहतर बनाने के प्रयास प्रारंभ किए हैं द्य इसी सिलसिले में आईटीबीपी के सीतागांव में एक फील्ड अस्पताल स्थापित करने जा रही है द्य क्षेत्र के ग्रामीणों को यहाँ निःशुल्क आधार चिकित्सा सुविधाएँ और दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध होंगी। 27वीं बटालियन आईटीबीपी द्वारा कमांडेंट विवेक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में सीतागाँव आईटीबीपी कैंप परिसर में स्थानीय जनता हेतु एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा कई ग्रामीणों का चिकित्सा जांच कर उनका प्राथमिक उपचार किया गया द्य डॉ रघुवेन्द्रन जी, मेडिकल ऑफिसर ने स्थानीय ग्रामीणों के लिए आयोजित इस निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर को संचालित किया। इस अवसर पर गाँव पटेल, सरपंच और सीतागाँव के नागरिक उपस्थित थे चकमांडेंट द्वारा

उपस्थित जन समूह को अपने संबोधन में बताया गया कि स्थानीय गाँवों के नागरिकों की चिकित्सा सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आईटीबीपी द्वारा सीतागांव में एक फील्ड अस्पताल स्थापित किए जाने का निश्चय किया गया है द्य कमांडेंट ने कहा कि यह सुविधा आम जनता के लिए भी उपलब्ध होगी जिसका भविष्य में उत्तरोत्तर विकास किया जाएगा। कई आधार चिकित्सा सुविधाओं के साथ इस फील्ड अस्पताल को स्थापित किया जा रहा है द्य इसमें विभिन्न जाँच एवं दवाओं आदि का वितरण पूर्णतया निःशुल्क होगा। डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ भी हमेशा उपलब्ध रहेंगे ।आईटीबीपी के इस फील्ड अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी, दवाखाना, लैबोरेट्री के साथ-साथ कई अन्य चिकित्सीय सुविधाएँ भी निःशुल्क उपलब्ध होंगी द्य ऐसी आशा है कि इस फील्ड अस्पताल के खुल जाने से आसपास के दर्जनों गाँवों के ग्रामीणों का इलाज संभव हो सकेगा। आईटीबीपी मोहला मानपुर के क्षेत्रों में आम जनता के लिए लगातार चिकित्सा शिविरों और सिविक एक्शन कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है ।

कोटमसर गुफा का प्रवेश द्वार 15 जून से बंद हो जाएगा

जगदलपुर 8 जून। बस्तर जले के कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित प्रसिद्ध कोटमसर गुफा का प्रवेश द्वार 15 जून को बंद हो जाएगा। इस वर्ष समय पर मानसून आने और बारिश शुरू होने के चलते यह गुफा अपने तय समय में बंद हो रहा है, जिसे एक सितंबर को पुन-खोला जायेगा। कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के संचालक के अनुसार यह गुफा के बारिश के मौसम में चार माह के लिए सुरक्षा के दृष्टि से बंद कर दिय जाता है। कोटमसर गुफा के अलावा कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के भीतर चल रहे बैम्बू राफ्टिंग, कायकिंग सहित अन्य एडवेंचर बारिश के शुरू होने तक जारी रहेंगे। उल्लेखनीय है पिछले दो वर्षो में मानसून की बेरूखी के चलते कुटुमसर गुफा 30 जून तक खुले रहे। लगातार दो वर्षो तक बारिश में देरी के चलते पार्क प्रबंधन ने कुटुमसर गुफा को 15 के बजाय 30 जून को बंद करने का निर्णय लिया था। पिछले वर्ष भी कोटमसर गुफा 30 जून को बंद को बंद किया गया था।

छू लो आसमान संस्था के 42 छात्रों ने नीट परीक्षा में किया उत्साहजनक प्रदर्शन

दंतेवाड़ा 8 जून। छू लो आसमान संस्था ने इस वर्ष नीट परीक्षा में एक उपलब्धि हासिल की है। इस परीक्षा में संस्था के 42 छात्रों ने उत्साहजनक प्रदर्शन किया है, जिसमें से 8 छात्रों को शासकीय कॉलेज में एमबीबीएस और 9 छात्रों को बीएएमएस, बीडीएस और वेटरनरी कोर्स में प्रवेश मिलने की संभावना है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी सफल छात्रों और उनके पालकों को सम्मानित किया। कलेक्टर ने अपने संबोधन में छात्रों की मेहनत और संस्थान की उत्कृष्टता की सराहना करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छू लो आसमान संस्था की इस शानदार सफलता के लिए सभी छात्र, उनके पालक और संस्था के शिक्षक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार सफलताएं प्राप्त करते रहेंगे। समारोह के बाद सभी अतिथियों के लिए एक विशेष भोज का भी आयोजन किया गया, जहां छात्रों, उनके पालकों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एसपी गौरव राय, डीईओ एसके अम्बस्ता सहित छू लो आसमान संस्था से प्रभारी अधिकारी वीएस ताटी, अधीक्षिका सैनी रविंद्र, अधीक्षक राजा पाल, मधुसूदन राव उपस्थित थे।

जिले की सहकारी समितियों में पर्याप्त बीज एवं उर्वरक उपलब्ध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 8 जून। जिले में खरीफ फसल सीजन की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है, इसके साथ ही किसानों के द्वारा कृषि आदान जैसे बीज और उर्वरकों के उठाव में तेजी आई है। कृषकों को अच्छी गुणवत्ता के बीज एवं उर्वरक प्राप्त हो इसके लिए कृषि विभाग ने अप्रैल- मई के महीने में ही बीज एवं उर्वरकों के नमूने प्रयोगशाला में भेज दिया है जिससे मानक स्तर के बीज एवं उर्वरक ही अब कृषकों द्वारा उपयोग किया जा रहा है। जिले में अब तक सहकारी समितियों में उच्च गुणवत्तायुक्त धान बीज जैसे एमटीयू 1010 एमटीयू 1001, महामाया एवं बम्लेश्वरी किस्म के कुल 7169 क्विंटल एवं लघु धान्य फसलें यथा कोदो एवं रागी के बीजों का कुल 260 क्विंटल मात्रा में भण्डारण किया गया है। जिसके विरूद्ध अब तक 4333 क्विंटल धान बीज एवं 66 क्विंटल मिलेट्स बीज का उठाव किसानों के द्वारा किया जा चुका है। इसी तरह यूरिया 4846 मीट्रिक टन, डीएपी 3859 मीट्रिक टन, पोटाश 1663 मीट्रिक टन तथा एनपीकेएस 1373 मीट्रिक टन समितियो में भण्डारण के विरूद्ध क्रमशः 3487 मीट्रिक टन, 2933 मीट्रिक टन, 971 मीट्रिक टन, एवं 911 मीट्रिक टन, वितरण कृषकों को किया गया है। उपसंचालक कृषि के द्वारा उक्त जानकारी देते हुए कृषकों को समसामयिक कृषि सलाह में बताया गया है कि डीएपी उर्वरक के स्थान पर किसान एनपीकेएस (20:20:0:13) एवं सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग कर अधिक पैदावार प्राप्त ले सकते हैं। डीएपी उर्वरक में नाइट्रोजन तत्व 18 प्रतिशत एवं फास्फोरस 46 प्रतिशत पाया जाता है। साथ ही डीएपी उर्वरक का मूल्य 1350 रुपए प्रति बोरी शासन द्वारा निर्धारित की गई है। जबकि एनपीकेएस (20:20:0:13) उर्वरक में नाइट्रोजन 20 प्रतिशत एवं फास्फोरस 20 प्रतिशत के अतिरिक्त सल्फर तत्व भी 13 प्रतिशत पाया जाता है, जिसका मूल्य 1250 रुपए निर्धारित है। सल्फर फसलों मे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे पौधों में बढ़वार एवं विकास के साथ ही फसल की परिपक्वता भी समय पर होती है। सिंगल सुपरफास्फेट उर्वरक का उपयोग खेतों मे एनपीकेएस के साथ करने पर 16 प्रतिशत फास्फोरस अतिरिक्त प्राप्त होती है। सिंगल सुपरफास्फेट में फास्फोरस तत्व के अतिरिक्त 11 प्रतिशत सल्फर एवं 21 प्रतिशत कैल्शियम भी पाया जाता है। सिंगल सुपरफास्फेट में जिंक एवं बोरॉन जैसे अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्व भी पाये जाने से फसलों की गुणवत्ता में वृद्धि के साथ ही फसलों में दाने भरने में भी सहायक होता है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि वे गुणवत्तायुक्त बीजों एवं उर्वरकों का स्थानीय सहकारी समितियों के माध्यम से यथाशीघ्र उठाव कर सकते हैं।

मरीज की लगातार मॉनिटरिंग और समय पर उपचार से रोका जा सकता है कार्डियक अरेस्ट

रायपुर. 8 जून। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के एनेस्थीसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा आयोजित बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट की कार्यशाला का उद्घाटन शुक्रवार को आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. के. पात्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. अरविंद नेरल, अम्बेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस. बी. एस. नेताम तथा एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जैन शाह भी मौजूद रहीं। शुक्रवार को संपन्न हुई कार्यशाला में एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट के अंतर्गत कार्डियक अरेस्ट (पूर्ण हृदय अवरोध) होने पर उसके त्वरित चिकित्सीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने बताया कि मरीज की लगातार मॉनिटरिंग करके तथा समय पर उपचार के जरिये कार्डियक अरेस्ट को रोका जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने डिफिब्रिलेटर एवं पेसमेकर कब और किन मरीजों को लगाया जाता है, इसकी जानकारी दी। कार्यशाला में बाहर से आये विशेषज्ञों ने एडवांस एयरवे एवं उसके उपकरणों के बारे में संक्षिप्त विवरण दिया एवं मैनिकिन पर प्रैक्टिस करवाया। कार्डियक अरेस्ट के दौरान रिसस्टिटेशन की प्रक्रिया में टीम वर्क करके मरीज को बचाने के तरीकों की जानकारी दी। छह-छह छात्रों के पांच समूह में मैनिकिन के माध्यम से एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यशाला के कोर्स इंस्ट्रक्टर डॉ. प्रतिभा जैन शाह, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. शिवम पटेल एवं डॉ. अनीषा नागरिया हैं। वहीं गुजरात से विशेष रूप से प्रशिक्षण देने के लिए डॉ. जनक खम्बोल्झा एवं डॉ. पल्लियाल पैलेट आए हुए हैं।

कलेक्टर ने किया मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर और एमआरसी का निरीक्षण

जगदलपुर 8 जून। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने शुक्रवार को बुरुदवाड़ा सेमरा में स्थित मटेरियल रीसाइकल फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सेंटर में प्रतिदिन पहुँच रहे कचरे की रीसाईकल हेतु छटनी और उनके प्रबंधन के संबंध में संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किए। सेंटर के समीप सिरी सेंटर में प्लास्टिक के दाने बनाने की मशीन स्थापना को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मशीन संचालन के लिए आवश्यक विद्युत व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एमआरएफ सेंटर के प्रभारी, ईएंडएम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सेमरा में स्थित समृद्धि-मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) और सिरी-एमआरसी (मटेरियल रिसाइक्लिंग सेंटर) की स्थापना श्यूखे और प्लास्टिक कचरे से मुक्त ग्रामीण और शहरी परिदृश्यश् परियोजना के तहत की गई है। सभी एकत्र किए गए सूखे कचरे और प्लास्टिक को शहर के नगर निगमों (सीएमसी), अपशिष्ट बीनने वालों और अन्य हितधारकों से एमआरएफ के लिए प्राप्त किया जाता है। एमआरएफ सभी प्रकार के सूखे कचरे को अलग करता है, इसमें प्लास्टिक भी शामिल है जो अपशिष्ट आपूर्ति श्रृंखला में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। पीईटी, पीई, एचडीपीई, एलडीपीई, पीवीसी, पीएस, और पीपी कचरे को यत्रवत् रूप से जमा किया जाता है, टुकड़े किया जाता है और रिसाइक्लर्स (पैलेट या अन्य सामग्रीध्उत्पादों का उत्पादन करने के लिए), सीमेंट भट्टियों(सह-प्रसंस्करण) को आपूर्ति की जाती है।

कलेक्टर ने हिट एंड रन के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के दिए निर्देश

उत्तर बस्तर कांकेर, 8 जून। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आज 'हिट एंड रन मोटर दुर्घटना स्कीम-2022' के क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने बैठक में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को हिट एंड रन वाहन दुर्घटना के विभिन्न प्रकरणों पर मुआवजे के लिए कार्यवाही में तेजी लाते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने आज सुबह जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले के अब तक हिट एंड रन प्रकरण एवं उनके निराकरण के संबंध में संख्यात्मक जानकारी ली। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि 01 अप्रैल 2022 से 15 मार्च 2024 तक जिले में अज्ञात वाहनों से हुए सड़क दुर्घटना के लंबित प्रकरणों की जानकारी एफआईआर, पीएम रिपोर्ट सहित सभी आवश्यक दस्तावेज संबंधित एसडीएम एवं दावा जांच अधिकारी को प्रेषित करें, ताकि प्रकरणों पर नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण जून माह में करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में इसके अलावा हिट एंड रन प्रकरण के निराकरण में आ रही समस्याओं के बारे में समिति के सदस्यों ने बात रखी। साथ ही उनके समाधान के लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एडीएम श्री एस. अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर, सभी एस.डी.एम., मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

चित्रकोट जलप्रपात पर 150 फीट लंबा बनेगा कैटिलिवर स्काई वॉक

जगदलपुर 8 जून। जिले के दर्शनीय पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बिंदु चित्रकोट जलप्रपात पर कैटिलिवर स्काई वॉक कांच का पुल 7 करोड़ की लागत से बनेगा। करीब सौ फीट की ऊंचाई से वाटर फॉल की खूबसूरती को निहारने का नजारा बेहद दिलचस्प होगा। यह पुल देश का सबसे लंबा कैटिलिवर स्काई वॉक कांच का पुल डेढ़ सौ फीट लंबा होगा। इस कांच के पुल का निर्माण बिहार के राजगीर में बने स्काई वॉक ग्लास ब्रिज की तर्ज पर होगा, जो चीन के हांगझोऊ प्रांत में बने कांच के पुल की तर्ज पर बना है। इस पुल पर एक साथ पचास लोग सैर कर सकेंगे। यह पुल स्टील के स्ट्रक्चर से बनेगा जिसमें पांच सौ टन स्टील का उपयोग होगा। इस ब्रिज के ऊपर चढ़ने से ऐसा लगेगा जैसे आप हवा में चल रहे हैं। विदित हो कि केरल के इडुक्की में वागामोन पर वर्तमान में देश का सबसे लंबा कैंटिलीवर स्काईवॉक ग्लास ब्रिज है, यह पुल चालीस मीटर लंबा है, और जमीन से डेढ़ सौ फीट ऊंचा है। इसके बाद बिहार के राजगीर का ग्लास ब्रिज देश का दूसरा इस तरह का ब्रिज है। यह ब्रिज तीस मीटर लंबा है। जल संसाधन विभाग के ईई व्हीपी पांडेय ने बताया कि मंत्री केदार कश्यप की पहल पर कलेक्टर विजय दयाराम के निर्देश और सिंचाई विभाग इस पर काम कर रहा है। यह पुल डीएमएफ मद से लगभग सात करोड़ की लागत से छह महीने के भीतर पुल बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होने बताया कि कैटिलिवर स्काई वॉक ब्रिज के लिए ड्राइंग, डिजाइन तैयार कर ली है।

कलेक्टर ने मानसून के पूर्व आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 8 जून। कलेक्टर श्री हरिस.एस ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाढ़ आपदा प्रबंधन समिति की बैठक लेकर राजस्व, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून में अतिवर्षा के कारण आने वाली बाढ़ से निपटने के लिए अभी से सभी आवश्यक तैयारियां करें एवं बाढ़ से निपटने के लिए व्यवस्थित कार्ययोजना बनाएं।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में विकासखण्ड कोंटा शबरी नदी के किनारे बसे होने के कारण डुबान क्षेत्र में आता है। इसके अलावा गोदावरी नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण शबरी नदी के पानी से कोंटा सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में आंशिक रूप से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है।उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि शबरी और गोदावरी नदी के जल स्तर का नियमित मॉनिटरिंग करेंऔर इसकी सूचना जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष को समय पर दी जाये ताकि बाढ़ से उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए समय रहते तैयारी की जा सके। उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी को बाढ़ प्रभावित और पहुंचविहीन क्षेत्र के ग्रामों में वर्षा से पूर्व सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करें साथ ही राशन कार्डधारियों को वितरित किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को उचित मूल्य

दुकानों के भौतिक निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जो गांव वर्षा ऋतु में पहुंचविहीन हो जाते हैं, वहां पर स्वास्थ्य केन्द्र और मितानिनों के पास जीवन रक्षक दवाएं पर्याप्त मात्रा में वर्षा शुरू होने से पहले ही उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा,सयुंक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप सहित जिले में पदस्थ एसडीएम, तहसीलदार तथा जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को जिले में तैराकों को पहले से चिन्हित करने के साथ ही नाव व लाइफ जैकेट,टार्च,रस्सा इत्यादि आवश्यक सामग्री की उलब्धता रखने के निर्देश दिए, ताकि अतिवृष्टि की स्थिति में यह सामग्री काम आ सके। उन्होंने वर्षाकाल के पहले ही से बोट को आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में एसडीएम और तहसीलदार को अतिवर्षा की स्थिति में बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के ठहरने अस्थायी शिविरों हेतु स्कूल,पंचायत या सामुदायिक भवनों को भी पहले से चिन्हित किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वर्षामापक यंत्रों का समुचित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय अमले पटवारी,पंचायत सचिव,रोजगार सहायक इत्यादि को चिन्हाकित कर आपात स्थिति में सहायता के लिए प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए। वहीं सभी हैडपंप और कुआं में ब्लीचिंग पाउडर डालने के निर्देश दिए। साथ ही पानी टैंकर तथा चलित शौचालय की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने सड़क किनारे एवं मुख्य बसाहटों में अवस्थित पेड़ों की आवश्यक छंटाई करने तथा विद्युत लाइनों का समुचित संधारण किये जाने के निर्देश दिए। शबरी नदी सहित नाले में अतिवर्षा होने पर चिन्हाकित खतरे वाले स्थानों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं बिजली विभाग को रोस्टर वाइस ड्यूटी लगाने और नगरपालिका, नगर पंचायत अपने क्षेत्रों की सभी नालियों की बारिश से पूर्व अनिवार्य रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित करने के साथ ही शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के लिए आवश्यक पहल करने कहा।

एक नजर

लाभ से वंचित समुदाय के बच्चों को समान शिक्षा प्रदान करने पर जोर

महासमुंद। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत नोडल प्राचार्यों का ओरिएंटेशन एवं आरटीई के तहत विभागीय योजनाओं पर चर्चा करने के लिए बैठक आयोजित की गई। शिक्षा विभाग रायपुर संभागीय संयुक्त संचालक के निर्देशानुसार 7 जून 2024 को दोपहर 10 बजे बीआरसीसी कार्यालय महासमुंद की बैठक में सहायक संचालक नंदकुमार सिन्हा ने उपस्थित प्राचार्यों को आरटीई अधिनियम 2009 के तहत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आरटीई योजनाओं का मुख्य उद्देश्य कमजोर और दुर्बल वर्ग तथा लाभ से वंचित समुदाय के बच्चों को समान शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया गया। यह सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारियों को सतत निरीक्षण किए जाने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। बैठक में विकासखंड महासमुंद के 21 नोडल प्राचार्यों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कि समय अवधि में कार्य एवं डाटा वार जानकारी इकट्ठा करने को निर्देशित किया गया। ताकि, रिपोर्ट समय अवधि में संभागीय कार्यालय को प्रस्तुत किया जा सके। जिनकी डाटा वार समीक्षा होगी, यह निर्देशित किया गया कि आरटीई के तहत शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थी बीच की कक्षाओं में विद्यालय ना छोड़े और आरटीई के अंतर्गत विद्यार्थियों से कोई भी शुल्क नहीं लेंगे तथा सभी नोडल प्राचार्य को अपने अपने आबंटित अशासकीय शालाओं में सतत निरीक्षण और भौतिक सत्यापन करना सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया गया। बैठक में ब्लॉक में 9वीं से 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के बारे में भी चर्चा हुई। शिक्षा विभाग द्वारा 9वीं से 12वीं तक शिक्षा जारी रखने के लिए आरटीई अधिनियम 2009 के तहत कक्षा 8वीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के लिए विशेष प्रावधानों से अवगत कराया गया। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम एवं गजेंद्र ध्रुव ने सभी प्राचार्यों को अपने-अपने आबंटित अशासकीय विद्यालय में आरटीई योजनाओं पर चर्चा करने के लिए बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया।

मां धूमावती सिद्धपीठ में अखण्ड ज्योति कलश स्थापना

रायपुर 8 जून। मां धूमावती सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी ने जानकारी दी कि मां धूमावती सिद्धपीठ में एक वर्षीय अखण्ड ज्योति कलश स्थापित किया जाना है। मां धूमावती जयंती के शुभ अवसर पर शुक्रवार दिनांक 14 जून 2024 को स्थापित किया जायेगा। जो भी धर्मप्रेमी इस आध्यात्मिक कार्य का हिस्सा बनना चाहते है तथा सर्वसमस्या निवारण, मनवांछित फल प्राप्ति मनोकामना पूर्ति एवं आत्म कल्याण निमित्त सौभाग्य प्राप्ति अखण्ड ज्योति कलश स्थापित कर सकते है। इन सभी के कल्याण हेतु प्रतिदिन मंत्र जाप-पाठ, हवन-पूजन सिद्धपीठ में किया जायगा। एक वर्षीय अखण्ड ज्योति कलश स्थापना सेवा राशि25,00/- रूपये प्रतिवर्ष है।

महासमुंद में अवैध रेत उत्खनन के विरोध में कब धरने पर बैठेंगे विमल चोपड़ा : विनोद चंद्राकर

महासमुंद,8 जून। पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने महासमुंद विस क्षेत्र के महानदी में विभिन्न रेत घाटों पर रेत का हो रहे अवैध उत्खनन मामले में सत्ता पक्ष के नेताओं की खामोशी को उनकी मौन सहमति का परिचायक बताया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद के पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा हर मामले में अपनी टांग अड़ाते हैं। लेकिन, महासमुंद क्षेत्र के महानदी के रेत घाटों से अंधाधूंध रेत का अवैध उत्खनन पर वे मौन क्यों हैं? बात-बात पर धरना आंदोलन करने का आडंबर करने वाले पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा जिले में हो रहे रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन मामले में माफियाओं के खिलाफ धरना प्रदर्शन कब करेंगे? चंद्राकर ने कहा कि सत्ता संरक्षण में भाजपा के रेत माफिया महासमुंद विधानसभा की चिंगरौद, बड़गांव, बरबसपुर, मोहकम, खड़सा, खमतराई, केडिग्राडीह, सेनकपाट, कांडीह, बम्हनी आदि महानदी क्षेत्र से बेखौफ रेत तस्करी कर उसे कई गुना अधिक दामों में बेच रहे हैं।

डड़सेना कलार समाज का दो दिवसीय अधिवेशन आज से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 8 जून। डड़सेना कलार समाज बस्तर संभाग का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन आज से मेंढक्का डोबरा मैदान में आयोजित होने जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वन मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा, सन्जारी बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा एवं जिला पंचायत दंतेवाड़ा अध्यक्ष श्रीमती तुलिका कर्मा उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डड़सेना कलार समाज के बस्तर संभाग अध्यक्ष पुरूषोत्तम गजेन्द्र करेंगे। इस दो दिवसीय आयोजन में संभाग भर के सामाजिक स्व जातिय सदस्य शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि खण्ड महासभा को लेकर दंतेवाड़ा में भव्य तैयारी की गई है। आयोजन को सफल बनाने जिला और ब्लाक स्तर पर बैठक कर पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। यह पहला मौका है कि जब किसी सामाजिक सम्मेलन में प्रदेश शासन के मंत्री और अनेक विधायक शामिल हो रहे है। वहीं कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के निर्माता निर्देशक सतीश जैन भी शामिल हो रहे हैं, जिसे लेकर कलार समाज के लोगों में काफी उत्साह भी देखा जा रहा है।

क्षेत्र में भाजपा की अब तक की सबसे बड़ी जीत : योगेश्वर

महासमुंद,8 जून। महासमुंद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा सांसद रूपकुमारी चौधरी के चुने जाने पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जनता जनार्दन और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि महासमुन्द संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पहली महिला सांसद चुने जाने का इतिहास रूपकुमारी चौधरी ने रचा है। भाजपा की क्षेत्र में यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है।जारी बयान में सिन्हा ने कहा कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से रूपकुमारी चौधरी की जीत छत्तीसगढ़ की साय सरकार के सुशासन की जीत है। मोदी की गारंटी की जीत है। महासमुन्द विधानसभा क्षेत्र से 21 हजार 755 मतों की शानदार बढ़त हासिल कर भाजपा ने क्षेत्र में अपने बढ़ते जनाधार का प्रमाण दिया है। क्षेत्र की जागरूक जनता विकास का पक्षधर है। इस जनमत से यह साबित हो गया है कि जात-पात की राजनीति अब नहीं चलने वाली है। चाहे विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा का चुनाव परिणाम, जनता ने राष्ट्रहित, विकास और सुशासन पर भरोसा जताया है। जात-पात में भेदभाव करने वाले और पक्षपातपूर्ण राजनीति करने वालों को जनता ने दरकिनार करते हुए बता दिया है कि जनहित के सरोकार ही सर्वोपरि है।

आबकारी विभाग ने की अवैध शराब निर्माण और भंडारण पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

रायगढ़, 8 जून। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री रामकृष्ण मिश्रा के अवैध शराब पर कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देश के परिपालन में आज अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण की सूचना पर त्वरित टीम गठित कर वृत्त-खरसिया प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मनोज राठौर के नेतृत्व में बरभीना में छापेमारी एवं घेराबंदी कर ऋषि डनसेना के द्वारा तालाब के किनारे अवैध रूप से दो नग चढ़ी भट्ठियों से महुआ शराब का निर्माण करते पाया गया उक्त भट्ठियों से आसवित 20 बल्क लीटर महुआ शराब कीमती 4000 रूपये तथा शराब बनाने के बर्तन आदि बरामद होने से तथा उसका विधि विरुद्ध निर्माण एवं धारण करने पर आबकारी अधि.की धारा 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में आरक्षक रमन नेमी, प्रवीण जांगड़े स्टाफतेजराम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

क्लीन ग्रीन विलेज सप्ताह का आयोजन

रायगढ़, 8 जून। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ के सभी जनपद पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा के तहत क्लीन ग्रीन विलेज सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज ग्राम पंचायत कुसमुरा और लाखा में स्वच्छता रैली और शपथ, जल संरक्षण हेतु संकल्प, सोख्ता गड्ढा निर्माण एवं नालों, तालाब की साफ -सफाई की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन, महिला समूह की सदस्य, ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम आगामी 12 जून तक चलेगा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने स्वच्छता रैली निकाली और लोगों को अपने आसपास परिवेश को स्वच्छ रखने हेतु आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शहर व गांव को साफ रखने में अपना योगदान दें तथा अन्य को भी सफाई के प्रति जागरूक करें। यदि सभी लोग अपने घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखेंगे तो पूरे जिले में स्वच्छता बनी रहेगी, जिससे बीमारियां भी दूर होगी और सभी स्वस्थ रहेंगे। मौके पर ग्रामवासियों ने मिलकर अपने आसपास के एरिया में उगे घास-फूस एवं रास्ते के गड्डे में जमे पानी की सफाई की। इस दौरान महिलाओं ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए शपथ भी ली। उन्होंने कहा कि वन पर्यावरण बचेगा, तभी धरती पर जीवन का वजूद रहेगा। इसलिए हरेक व्यक्ति को पौधरोपण और वन संरक्षण को

स्वामित्व योजना: आबादी भूखंडों का मालिकाना अधिकार दिलाने हो रहा है सर्वेक्षण

चारामा, 8 जून। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को और भी ज्यादा सशक्त बनाने के उद्देश्य से नित नए-नए प्रयास किए जा रहे हैं । वर्तमान समय में गांव की सरकारी संपत्ति (आबादी भूमि) का सर्वेक्षण कर अस्थाई रूप से निवासरत ग्रामीणों के लिए प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना संचालित की जा रही है। जिसके तहत गांव की आबादी भूखंडों पर वहां के स्थानीय लोगों को सरकारी तौर पर मालिकाना अधिकार दिलाने के लिये राजस्व अमलों के द्वारा उनके अस्थाई कब्जे की आबादी भूमि का सर्वेक्षण किया जा रहा है । जिसके लिये कुछ समय पूर्व ड्रोन कैमरे की मदद से भी सर्वेक्षण कार्य कराए जा चुके हैं । स्वामित्व योजना की शुरुआत वर्ष 2020-21 में की गई थी लेकिन कोरोना काल के चलते इस योजना को आगे बढ़ाने में प्रशासन को बहुत सारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा । समय के साथ इस योजना को गति देने के लिए प्रशासन एक बार फिर से पूरी तैयारी के साथ इस काम में जुट गया है । और अब चारामा तहसील के राजस्व अमलों के द्वारा उन आबादी भूखंडों के सर्वेक्षण कर मैपिंग एवं मार्किंग की जा रही है । सर्वेक्षण के पश्चात भूखंडों का डिजिटलीकरण कर अधिकार अभिलेख भी तैयार किया जाना है । जिससे उस भूखंड में निवासरत या कब्जेधारी लोगों को मालिकाना अधिकार मिल सकेगा । जिसके बाद शासन के द्वारा उक्त संपत्ति के कार्ड का वितरण हितग्राहियों को किया जाएगा । जिससे कि संपत्ति कर का निर्धारण और वित्तीय संस्थाओं से संपत्ति ऋण का लाभ भी हितग्राहियों को मिलेगा। इसी क्रम में गुरुवार 06 मई को ग्राम भिरौद में भी आबादी भूखंडों का सर्वे किया गया । जिसमे जिला प्रशासन कांकेर एवं अनुविभागिय अधिकारी राजस्व चारामा राहुल कुमार रजक के निर्देश अनुसार हल्का पटवारी इंद्रदेव कश्यप व पटवारी सुश्री गणेशा गोटा और ग्राम के कोटवार संतु राम मानिकपुरी भी आबादी भूमि का सर्वेक्षण कर प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना को गति प्रदान करते हुए दिखाई दे रहे हैं । वहीं इस सर्वेक्षण कार्य के दौरान ग्रामीणों में भी भूखंडों के मालिकाना अधिकार मिलने की बात को लेकर अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है ।

सड़क हादसे में विद्युत विभाग के ऑपरेटर की मौत

पत्थलगांव, 8 जून। सड़क हादसे मे मरने वाले लोगो की मौत का ग्राफहर रोज बढते जा रहा है। लापरवाही पूर्वक अनियंत्रित वेग से चलने वाली वाहनो पर लगाम ना लग पाने के कारण हर रोज सडक हादसे हो रहे है। गुरूवार की देर शाम विद्युत विभाग के सब स्टेशन मे कार्यरत ऑपरेटर की सडक दुर्घटना मे मौत हो गयी,वही उसके साथ बैठा दूसरा साथी भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हॉस्पिटल मे ईलाज जारी है,परंतु स्थितिनाजुक बनी हुयी है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की देर शाम बदुराबहार सब स्टेशन मे कार्यरत नरेन्द्र एक्का पिता विनोद एक्का उम्र 27 वर्ष निवासी लिली अपनी मोटरसायकल क्रमांक. सी.जी.14 एम.के.9362 मे अपने एक अन्य साथी के साथ किलकिला की ओर घुमने के लिए निकला था,ठीक उसी दौरान किलकिला की मांड नदी पर बने पुल के उपर अज्ञात वाहन ने दोनों बाईक सवार को जोर की ठोकर मार दी,इस ठोकर के बाद दुर्घटना को अंजाम देने वाली वाहन वहा से फरार हो गयी। घटना मे लिली निवासी नरेन्द्र एक्का को काफी गंभीर चोट लगी,जिसके कारण उसने घटना स्थल पर ही दम तोड दिया। वही उसका साथी की स्थिती भी गंभीर बनी हुयी है,जिसका ईलाज पत्थलगांव सिविल हॉस्पिटल मे किया जा रहा है। बताया जाता है कि बाईक सवार दोनो ही लोगो को ठोकर मारने वाली वाहन की स्पीड बहुत अधिक थी। घटना की शिकायत के बाद पुलिस दुर्घटना को अंजाम देने वाली वाहन व चालक की तलाश मे जुटी हुयी है।।

अवैध खनन दुर्घटना का कारण- दुर्घटना के समय किलकिला मांड नदी के पुल के आस-पास खडे कुछ लोगो की माने तो मोटरसायकल सवार दोनो युवक को बालु का अवैध उत्खनन करने वाली टैऊक्टर ने अपनी चपेट मे लिया है। घटना को अंजाम देने के बाद टैऊक्टर वहा से फरार हो गयी। दरअसल इन दिनो किलकिला मांड नदी के अलावा ठाकुरपोढी,हर्रामार,बहनाटांगर से अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है,इन जगहो से दिनभर मे सैकडो टैऊक्टर बालु अवैध रूप से निकाली जा रही है। ट्रैक्टर चालक अधिक ट्रिप मारने की फिराक मे बेतहाशा वाहन दौडाकर बेगुनाहो को अपने चपेट मे ले रहे है। एक साप्ताह पूर्व भी अवैध रेत से लदी एक ट्रैक्टर ने सुरेशपुर के करीब दो गौवंशो को अपनी चपेट मे लेकर मौत के घाट उतार दिया था।।

शासन ने नही की रायल्टी फिक्स-:मंगरेलगढ से निकली मांड नदी आस-पास के कई गांवो से होकर गुजरती है,जिसके कारण इन गांव मे अवैध रेत खनन का धंधा बेखौफ चल रहा है। अत्यधिक मात्रा मे रेत का अवैध उत्खनन देखने के बाद भी अब तक शासन ने मांड नदी के घाटो पर रायल्टी का निर्धारण नही किया है,जिसके कारण मांड नदी के अनेक घाट से हर रोज सैकडो टैऊक्टर बालू का अवैध उत्खनन किया जा रहा है।

टेस्ट सीरीज को लेकर विद्यार्थियों में भारी उत्साह

महासमुंद। छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में शुक्रवार को दूसरा टेस्ट का आयोजन किया गया।जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में दूसरा टेस्ट पेपर संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -2 हुआ। जिसमें कुल 150 नंबर का पेपर हुआ। इसमें बाल विकास, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण आदि के प्रश्न पूछे गए थे। टेस्ट सीरीज को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह देखा जा रहा है। दूसरा टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 95 परीक्षार्थियों और अन्य शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी करने वाले 66 परीक्षार्थियों कुल 161 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 10 टेस्ट के क्रम में तीसरा टेस्ट का आयोजन 08 जून को संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट-3 टेस्ट आयोजित होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी दी।

विवादित तहसीलदार हटाए गए

कुटरू में आदिवासी का मकान को तोड़े जाने पर हुआ था विवाद

बीजापुर,8 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कुटरू में आदिवासी सोमा चिड़ियाम के मकान को तोड़े जाने के खिलाफ आदिवासी समाज और कांग्रेस पार्टी ने खुल कर विरोध शुरू कर दिया था तथा आदिवासी समाज द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या सहित मकान तोड़ने में जल्दबाजी का आरोप लगाया था।जिले के कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने प्रशासनिक व्यवस्था के तहत कुटरू तहसीदार वीरेंद्र श्रीवास्तव को हटा कर उनके स्थान पर मोहन लाल नायब तहसीलदार को प्रभार दिया है। जारी आदेश में कहा है कि कार्यालयीन कार्यो के सूचारू रूप से संचालन हेतु पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये जिले में पदस्थ नायब तहसीलदार में कार्य विभाजन किया जाता है।

नई 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा से गर्भवती माताओं व नवजात बच्चों को मिल रहा लाभ

रायगढ़, 8 जून। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में नई 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा से गर्भवती माताओं व नवजात बच्चों को लाभ मिल रहा है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिये महतारी एक्सप्रेस 102 एंबुलेंस सेवा का परिचालन छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में किया जा रहा है। शासन द्वारा अक्टूबर 2023 से 102 महतारी एक्सप्रेस एंबुलेंस के संचालन का जिम्मा नई संस्था को दिया गया है जिसके द्वारा छत्तीसगढ़ में 380 नई एंबुलेंस के माध्यम से सेवा प्रदान किया जा रहा है जिसका लाभ लगातार गर्भवती माता एवं नवजात शिशुओं को मिल रहा है उक्त योजना से माह अक्टूबर 2023 से लेकर अप्रैल माह तक जिले में कुल 6000 लाभार्थी लाभान्वित हो चुके है। 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा से घर से अस्पताल एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल रेफर तथा अस्पताल से घर जाने की सुविधा गर्भवती माता एवं शिशुओं को दिया जाता है। महतारी एक्सप्रेस सेवा का लाभ प्रसव पूर्व जांच के लिए किया जाता है। रायगढ़ स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल 11 नई एम्बुलेंस के द्वारा सेवा का संचालन किया जा रहा है। जो कि जीपीएस से सुसज्जित है जिससे सही समय में वाहन की मॉनिटरिंग किया जा सकें और लाभार्थी को त्वरित लाभ पहुँचाया जा सकें।

जिले के पांच वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त स्काउट गाइड्स का सम्मान

महासमुंद। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर में 6 जून 2024 को बृजमोहन अग्रवाल अध्यक्ष स्काउट्स व गाइड्स छत्तीसगढ़ एवं शिक्षा मंत्री के मार्गदर्शन, डा. सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त के नेतृत्व, कैलाश सोनी राज्य सचिव, टीकेएस परिहार राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, सीएल चंद्राकर सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट, सरिता पांडे राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड एवं डा. करुणा मसीह राज्य संगठन आयुक्त गाइड की उपस्थिति में महासमुंद जिला के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर वरिष्ठ स्काउटर रामकुमार साहू जिला सचिव, वरिष्ठ गाइडर मधु शर्मा पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, वरिष्ठ गाइडर गौरी मोवले एएलटी फ्लाक लीडर, वरिष्ठ स्काउटर टीआर डरसेना एलटी स्काउट एवं अरुण कोसे एचडब्ल्यूबी स्काउट को मोमेंटो व शाल प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य से 39 शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त वरिष्ठ स्काउटर्स-गाइडर्स का भी सम्मान किया गया। जिसमें महासमुंद जिले पांच वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त स्काउटर्स गाइडर्स का सम्मान किया गया। इन सबके स्काउट्स एवं गाइड्स क्षेत्र में देश, राज्य, जिला, विखं, संस्था व समाज में किए गए स्कॉउटिंग के क्षेत्र में अमूल्य व निःस्वार्थ भाव से किए गए योगदान को याद करते हुए वर्तमान व भविष्य में मार्गदर्शन व सहयोग लेने की बात कही गई। इनका सुझाव व मार्गदर्शन लेकर भविष्य में छत्तीसगढ़ राज्य में स्काउटिंग गतिविधियों को शिखर तक पहुंचाने का विचार राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव ने कहीं।

बिजनेसमैन के घर डकैती

भिलाई, 8 जून। भिलाई बिजनेसमैन के घर में डकैती की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आधा दर्जन से अधिक नकाबपोश बदमाश घर में घुसे विजनेसमैन दिलीप मिश्रा के हाथ-पैर को रस्सी से बांध दिया। इसके बाद घर की तलाशी लेकर 35 तोला सोना लेकर भाग गए सूचना मिलने पर पुलिस विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थाना और एसीसीयू टीम ने मामले में जांच शुरू कर दी है पुलगांव थाना पुलिस ने बताया कि शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी रात 2.30 बजे की घटना है रसमझा दिलीप टिम्बर के संचालक दिलीप मिश्रा का घर नेशनल हाइवे के किनारे है। वे अपने परिवार के साथ घर में सोए थे। आधा दर्जन से अधिक नकाबपोश पहुंचे घर के सामने दरवाजा को तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद दिलीप मिश्रा को घेर लिए। उसका हाथ पैर को बांध दिए आतमारी को तोड़ा और पूरा सामान बिखरा दिया आलमारी में रखे 35 तोला सोना पर हाथ साफ कर दिए इसके बाद मौके से फरार हो गएसीसीटीवी कैमरे में नजर आए बदमाश सूचना पर पुलगांव थाना और एसीसीयू की टीम पहुंची। पुलिस के मुताबिक दिलीप की फर्नीचर की दुकान और आरामिल है। वहीं घर भी बनाया है। दूसरा मकान दुर्ग में भी है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में नकाबपोश कैद हो गए है।

फुटेज के आधार पर आरोपियों की खोजबीन की जा रही है बाहरी गैंग की आशंका मामले में दुर्ग पुलिस ने जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि वारदात के तरीका से आशंका जताई जा रही है कि यह बाहरी गैंग है। अक्सर झबुआ गिरोह ऐसी घटना को अंजाम देता है। रायपुर, राजनांदगांव और डोंगरगढ़ में सेमपैटर्न पर वारदात को अंजाम दिया है। वे नेशनल हाइवे के किनारे लगे घरों को निशाना बनाते है। ट्रक से उतरते है और वारदात को अंजाम देकर भाग जाते है। फिलहाल पुलिस टीम मामले में आरोपियों की खोजबीन में लग गई है ।

शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेशित एवं शाला त्यागी बच्चों की करें मॉनिटरिंग:कलेक्टर

रायगढ़, 8 जून। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट के सृजन सभा कक्ष में जिले में संचालित निजी स्कूलों के संचालकों की बैठक ली। उन्होंने शिक्षा के अधिकार के तहत् प्रवेशित बच्चों एवं उन स्कूलों से शाला त्यागी बच्चों के बारे में गहन समीक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, डीईओ श्री बी.बाखला उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि शासन द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश देने का प्रावधान किया गया है, लेकिन कुछ वर्ष से ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है। यह अच्छी बात नहीं है, आपको उन बच्चों के टीसी देने तक सीमित नहीं रहना है, यह जानना होगा कि बच्चे स्कूल क्यों छोड़ रहे हैं। ऐसे बच्चों को नियमतः दसवीं तक की पढ़ाई तक स्कूलों में शिक्षा प्रदान करनी होगी। हमें उन्हें अच्छी शिक्षा मुहैया करवाना है। जितने बच्चे प्रवेश ले रहे हैं, उतने आखिरी कक्षा तक दिखने चाहिए। अगर स्कूल छोड़ भी रहे है तो उसका वाजिब कारण जानने के साथ ट्रैकिंग भी करें, कि बच्चा कहां पढ़ रहा है। उन्होंने कम ड्रॉप आउट वाले स्कूल संचालकों के प्रयासों की सराहना भी की। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी स्कूल संचालकों से कहा कि पालकों को किसी भी प्रकार के स्कूल सामग्री खरीदी के लिए दबाव नही डालेंगे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल संचालकों से उन्होंने समान खरीदी हेतु किसी प्रकार का दबाव नहीं बनाया है यह शपथ पत्र लें। शुल्क की जानकारी, दावा भुगतान के संबंध में सभी स्कूलों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्कूलों के लंबित भुगतान अतिशीघ्र करवाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने शासन के पोर्टल खुलने पर बिना त्रुटि पूर्ण दावा करने हेतु निर्देशित किया ताकि भुगतान संबंधी किसी प्रकार की दिक्कत न हो। कलेक्टर श्री गोयल ने स्कूली बच्चों के सुरक्षा के लिहाज से स्कूलों के मेन गेट को कव्हर करते हुए सीसी टीवी कैमरा लगवाने के निर्देश दिए। जहां बच्चों एवं बसों की आवाजाही स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। उन्होंने सभी स्कूलों में तड़ित चालक लगवाने एवं जहां लगे हैं उसे रिपेयर करने के निर्देश दिए। साथ ही जल स्तर वृद्धि हेतु स्कूलों में रेन हार्वेस्टिंग की दिशा में कार्य करने हेतु कहा। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि बच्चों के लिए प्रतिसप्ताहीं माहौल तैयार करने हेतु सभी स्कूल क्विज क्लब, डिबेट क्लब बनाए। ताकि बच्चे में रिजनिंग के साथ ही किसी भी विषय में बोलने का आत्मविश्वास हो व जिले के बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों को निर्देशित किया कि आगामी दिनों में जिला स्तर पर क्विज कॉम्पीटिशन आयोजित की जाएगी। जिसके लिए सभी स्कूल अपने बच्चों की तैयारी करवायें। इस दौरान स्कूल संचालकों को दामिनी एवं मेघदूत एप के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दामिनी एप के माध्यम से आकाशीय बिजली के संभावनाओं के संबंध में आधे घंटे पहले ही सूचना उपलब्ध हो जाती है। इसी प्रकार मेघदूत एप के माध्यम से मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त की जा सकती हैए जो शिक्षकों के साथ ही बच्चों के सुरक्षा के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है।

किशोरी बच्चियों की करें काउंसिलिंग, गुड टच-बेड टच की दें जानकारी

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि 10 साल से अधिक उम्र कि किशोरी बालिकाओं को उनके स्कूल की शिक्षिकाओं के माध्यम से घर के बड़े-बुजुर्ग की भांति उनके हार्मोनल चेंज के संबंध में जानकारी दें कि इस उम्र में इस प्रकार के बदलाव होते है। ताकि बच्चियां घबराएं नहीं। इसी प्रकार उन्होंने यूनिसेफ अथवा किसी भी शासकीय संस्थान से अधिकृत कार्टून वीडियो के माध्यम से बच्चियों को गुड टच और बैड टच के बीच का फर्क समझाएं। इस दौरान उन्होंने माहवारी स्वच्छता के संबंध में भी बालिकाओं को जानकारी देने के निर्देश दिए, ताकि किशोरी बालिकाएं स्वस्थ रहें।

किसान का 2.75 करोड़ लेकर जमीन दलाल फरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 8 जून। ग्राम कचना निवासी बुधारु सतनामी व गंगाप्रसाद सतनामी का ग्राम कानामुका प.ह.न. तहसील-भखारा में खसरा - नंबर 358/1, रकबा - 0.18 है किसान की भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है उक्त भूमि धमतरी -रायपुर मार्ग के किनारे स्थित है उक्त भूमि बहुमूल्य कीमती भूमि है रायपुर निवासी जिसने अपना नाम विकास लोहाना बताया है विकास लोहाना किसान की जमीन दो करोड़ पचहत्तर लाख रुपए में सौदा किया गया।

किसान को ग्यारह सौ रुपए ब्याना के तौर पर दिया गया। उक्त सौदा के अनुसार क्रेता के द्वारा एक सप्ताह के अन्तर्गत रजिस्ट्री करने का आश्वासन दिया था तथा सौदे के अनुसार स्वयं एवं उनके भतीजे के साथ 31 मई को उपपंजीयक कार्यालय कुरुद में उपस्थित हुए थे व उपस्थिति के समय क्रेता दिव्येश अतुल संघानी एवं उसके प्रतिनिधि विकास लोहाना को पूर्ण प्रतिफल की राशि देने के लिए बोले तो क्रेता ने चेक के माध्यम से संपूर्ण रकम रजिस्ट्री होने के बाद बैंक में जाकर आर.टी.जी.एस के माध्यम से पूर्ण प्रतिफल अदा करने का वादा किया गया था जिसके पश्चात किसान रजिस्ट्री हेतु सहमत हो गये।और रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित करायें। रजिस्ट्री होने के पश्चात क्रेता एवं उनके प्रतिनिधि के द्वारा किसानों को एक्सिस बैंक कुरुद लें गये।चेक के माध्यम से RTGS के माध्यम से गाईडलाइन के अनुसार किसान को 3 लाख 67 हजार रुपए किसान के भतीजे गंगाप्रसाद वगैरह को 2 लाख

88 हजार रूपए किसानों के खाते में रकम हस्तांतरण किया गया। क्रेता एवं प्रतिनिधि के द्वारा शेष प्रतिफल की राशि अधिक होने के कारण एवं बैंक का सर्वर नहीं होने के कारण 2 करोड़ 68 लाख 25 हजार रूपए RTGS नहीं हो पायेगा कहकर दोनों किसानों को शेष राशि को मैं 1-2 दिन पश्चात उनके खाते में हस्तांतरण कर दूंगा कहकर गुमराह किया गया वहीं आज दिनांक तक किसानों को कोई राशि नहीं दी गई है। बसपा नेता आशीष राजे व सतनामी समाज के विरेन्द्र सोनवानी ने इस पूरे प्रकरण को लेकर धमतरी एसपी से किसानों के साथ मुलाकात करके किसानों को न्याय दिलाने कि मांग कि गयी और छल-कपट पूर्वक धोखाधड़ी करने वाले के ऊपर एफआईआर दर्ज कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन पुलिस अधीक्षक द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर बसपा नेता आशीष राजे, सतनामी समाज के विरेन्द्र सोनवानी, दुष्यंत टंडन, पीड़ित किसान बुधारु मारकडेय, गंगाप्रसाद मारकडेय उपस्थित रहे।

समर कैंप में मेहंदी, रंगोली पेंटिंग, कर्सिव राइटिंग का दिया गया निःशुल्क प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 8 जून। किरण इवेंट फ्यूजन के अरूण छाबड़ा बंटी व्दारा निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिसमें मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग, करसिव राईटिंग, डांस आदि का प्रशिक्षण, प्रशिक्षित शिक्षका के व्दारा, 27 मई से 8 जून 2024 को 13 दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय किरण इवेंट फ्यूजन, पंचम दीवान नगर पालिका कन्या शाला भाटापारा में दिया जा रहा है जिसमे 302 बच्चो ने भाग लिया इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्मी की छुट्टी में बच्चों प्रतिभा और योग्यता को आगे बढ़ाने का प्रयास संस्थान द्वारा किया जाता है इन प्रशिक्षण शिविर अपनी सहभागिता प्रदान की जिसमें प्रमुख रूप अतिथि राधेश्याम शर्मा, गौरी भृगु, अरूण 'बंटी छाबडा, जितू तिवारी, सुधीर मिश्रा, , बलवंत छाबड़ा वीणा साहू, सीमा मल, मनीषा गट्टानी, प्रकृति साहू, श्रुति साहू, देवेन्द्र निषाद, गुलशन वर्मा निवेदिता वर्मा, जागृति साहू, रानी यादव, केशनी जयसवाल, पुजा देशमुख, नेहा वर्मा, संजना साहू, दीपिका पांजा, पूर्वाश छाबड़ा, यशदीप छाबड़ा संस्था सदस्य आदि शामिल हुए।

ट्रक से दबकर युवक की मौत

शव थाना लेकर पहुंचे परिजन, मुवावजे की मांग, प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 8 जून। बीते गुरुवार को शाम 7 बजे के आसपास धान से भरे एक ट्रक ने एक्सीडेंट कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसका रायपुर मे उपचार के दौरान मौत हो गई, इससे नाराज परिजन व वार्डवासियों ने मृतक के परिजन को मुवावजा की मांग सहित वाहन मालिक व चालक पर मामला पंजीबद्ध किये जाने की मांग को लेकर शव को शहर थाना लेकर पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया वही परिजनो का यह भी आरोप था कि जो वाहन चालक के दुर्घटना किया है उसके स्थान पर किसी दूसरे के नाम से मामला पंजीबद्ध किया जा रहा है इसे लेकर बडी संख्या मे थाना पहुंचे लोगो ने आक्रोश व्यक्त किया मामले की जानकारी एसपी सदानंद कुमार को मिलने के बाद पूरे घटना क्रम की जानकारी ली और एसडीओपी आशीष अरोरा को जांच अधिकारी बनाया और मामले मे एक प्रधान आरक्षक ईतवारी राम वर्मा को सस्पेंड कर दिया गया है

वहीं मामले को लेकर एसडीओपी आशीष अरोरा की पहल पर व प्रदर्शन कर रहे लोगो के बीच समझौता वार्ता कर वाहन मालिक से मुवावजा देने की बात व तत्काल तय राशि का आधा पैसा देने को राजी होने मामला शांत हुआ।

टी.आई.योगिताबाली खापर्डे ने बताया प्रार्थी कैलाश कुमार साहू पिता पीला राम साहू उम्र 30 वर्ष निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा ने 6/ 6 /2024 को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया की बड़े भाई चेतन साहू को ट्रक क्रमांक सीजी 04 जब 3882 का चालक गोलू ठाकुर निवासी नेहरू वार्ड ने तेजी व लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाकर एक्सीडेंट किया है जिससे इसके दोनों पैर में गंभीर चोट आई है। उक्त ट्रक सन्नी मक्कड की बतायी गई है। पुलिस ने धारा 279 337 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई की विवेचना के दौरान ट्रक चालक जीवनलाल ध्रुव उर्फ गोलू पिता हरिकिशन को दूसरे दिन शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है एवं वाहन को जप्त किया गया है घायल को गंभीर चोट आने से रायपुर में इलाज के लिए भर्ती किया गया था जहां उपचार दौरान उसकी मृत्यु हो गई है।

सांख्यिकी दिवस पर निबंध स्पर्धा के लिए 20 जून तक कर सकते हैं आवेदन

बलौदाबाजार, 8 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस 29 जून को मनाया जायेगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सुमीत कुमार मेरावी ने बताया कि राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पद्म विभूषण प्रो. पी. सी. महालनोबिस के जन्मदिवस के दिन मनाया जाता है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। निबंध का विषय राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के थीम पर आधारित ''राज्य और देश के बीच समन्वय से सतत् विकास'' है। निबंध प्रतियोगिता का उद्देश्य आम जनता को सांख्यिकी के महत्व के प्रति जागरूक करना है। निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां इमेल अथवा हार्डकॉपी में 20 जून 2024 तक जमा कर सकते हैं। निबंध हस्तलिखित होने चाहिए तथा कही से कापी किया हुआ नही होना चाहिए, केवल मौलिक लेखन ही मान्य होगा। शब्द सीमा 500 निर्धारित की गई है। निबंध हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो भाषाओ में लिखे जा सकते है। निबंध लिखने के पश्चात प्रतिभागी उसकी फोटो खीचकर ईमेल डीपीएसओ बलौदाबाजार एट दी रेट जीमेल डॉट कॉम पर भेज सकते है अथवा जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय, सयुक्त जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक 91 में भी जमा कर सकते है। प्रतियोगिता में केवल बलौदाबाजार- भाटापारा जिलें के प्रतिभागी जिनकी उम्र 30 वर्ष से कम हो भाग ले सकेंगे। प्रतिभागी निबंध के अंत में अपना नाम, पता, ईमेल आई.डी. तथा मोबाईल नंबर जरूर लिखें। सर्वश्रेष्ठ तीन निबंधकारों को सांख्यिकी दिवस के दिन क्रमशः 500रू, 300रू एवं 200रू के साथ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा।

तीन शराब कोचियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 8 जून। थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस ने ग्राम कोकडी रिसदा बाईपास, ग्राम सुढेली, बलौदाबाजार में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 3 शराब कोचिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपियों से से 54 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब किमती 10, 800 रूपये 71 पाव देशी मसाला शराब 12.780 बल्क लीटर किमती 7810 रूपये कुल 66.78 लीटर शराब जुमला किमती 23, 580 रूपये को जब्त किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार

अविनाश सिंह ठाकुर वं एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी अजय झा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 6-7 जून को थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से प्र आ अंजोर मांझी समीर शुक्ला संतराम बंजारे आर. रमाकांत भारद्वाज, अकरम खान, मोहन मेश्राम, द्वारा आरोपीगणो से अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु 03 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपीगण से कुल 66.78 लीटर शराब जुमला किमती 23580 रूपये को किया गया जप्त। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्र. 368/24, 371/2024, 372/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

आबकारी एक्ट में गिरफ्तार आरोपियों के नाम कैलाश यादव पिता भोला यादव उम्र 30 साल साकिन पहंदा रोड भैंसा पसरा बलौदाबाजार, सुनील कुमार ऊर्फ बंधु भारद्वाज पिता स्व0 चिंताराम उम्र 25 साल निवासी सुढेली, पुष्पेंद्र ऊर्फपुसऊ यादव पिता लतेल यादव उम्र 24 साल साकिन छुईहा मालगुजारी है।

आंधी-तूफान के कारण बाधित विद्युत सेवा को अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल सुधारा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 8 जून। जिले में गुरुवार के शाम को आई तेज आँधी तूफान ने जनहित सेवाओं में महत्वपूर्ण विद्युत सेवा को कुछ देर के लिये ठप्प कर दिया था। तेज आँधी तूफान ने कसडोल संभाग अंतर्गत 132/33 के व्ही उपकेन्द्र सेल से निकलने वाली 33 के व्ही विद्युत लाइनों को खासा नुकसान पहुंचाया। इस उपकेन्द्र से निकलने वाली 33 के व्ही बरपाली फीडर का पोल टूट गया और दूसरी 33 के व्ही पचरी फीडर के 8 स्पान के तार टूट कर नीचे गिर गए, जिसके कारण क्षेत्र के 5 नग 33/11 के व्ही उपकेंद्र बन्द हो गए और रात्रि में क्षेत्र के 144 ग्रामो एवं 3 नगर पंचायतों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनहित सेवाओं में तत्परता के साथ निष्ठापूर्वक कार्य करने के निर्देश हैं जिसके परिपालन में विद्युत कंपनी के चैयरमेन पी दयानंद एवं प्रबंधक निदेशक राजेश कुमार शुक्ला द्वारा क्षेत्रीय अमलो को विद्युत बहाली हेतु

सभी कार्य तत्परता से करने हेतु निर्देशित है।

इसी तारतम्य में बलौदाबाजार वृत्त के अधीक्षण अभियंता जी पी अनन्त के निर्देशन में एवं आर के साहू कार्यपालन अभियंता के नेतृत्व में कसडोल संभाग की टीम द्वारा रात्रि में टूटे पोल बदलने एवं तार जोड़ने का काम किया गया। रात्रि लगभग 2बजे पोल गाड़ने का काम पूरा किया गया किंतु तेज आँधी के साथ आकाशीय बिजली ने विद्युत लाइन के 12 से 15 स्थानों के पिन इंसुलेटर खराब कर दिये थे जिसे बदले बगैर विद्युत आपूर्ति बहाल नही की जा सकती। सुबह 9 बजे तक 3 उपकेंद्रों की विद्युत आपूर्ति चालू की गई और लगभग 12 बजे सभी उपकेंद्रों की विद्युत आपूर्ति बहाल हो गयी।

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202405092200079

विषयः-ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्:- 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- किशोर सहारे,
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोर सहारे आ. नत्थूराम सहारे जाति महार सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री मुस्कान सहारे आ. किशोर सहारे का जन्म दिनांक 13.12.2005 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 12.06.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/05/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
डोंगरगढ़

मुहर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
जोन क्रमांक-1, संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी
E-mail:- rmczone1@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 165/न.पा.नि./जोन क्र. 1/2024 — रायपुर, दिनांक 07/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें एस.ओ.आर दर के आधार पर दो लिफाफा पद्धति में दिनांक 28/06/2024 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 01. में कार्यालयीन दिवस में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये दिनांक 19/06/2024 शाम 4:00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा करने उपरांत दिनांक 20/06/2024 को निविदा प्रपत्र जारी किये जावेंगे। प्राप्त निविदायें दिनांक 01/07/2024 को दोपहर 12.00 बजे तक उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

प्रथम आमंत्रण सूचना

क्र.	कार्य का नाम	मद का नाम	अनुमानित व्यय (लाख में)	अमानती राशि (रूपये में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र	समयावधि	एस.ओ.आर. /अन्य पंजीयन	ठेकेदार श्रेणी
1	2		3	4	5	6	7		8
1	यतियतन लाल वार्ड अंतर्गत मोहनलाल देवांगन निवासी छठवां तालाब के पास विजय नगर में सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	3.18	4800.00	750.00	A	03 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
2	यतियतन लाल वार्ड अंतर्गत भन्पुरी में बिंदास शॉप से सांई मंदिर तक गहरी एवं कच्चाई नाली निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	3.59	5500.00	750.00	A	03 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
3	यतियतन लाल वार्ड अंतर्गत गोवर्धन नगर आदर्श चौक अविनाश नारायण निवास से पंचराम निवास तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	14.93	15000.00	750.00	A	04 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
4	यतियतन लाल वार्ड अंतर्गत गोवर्धन नगर में नंद भवन श्रीवास्तव निवास से वकील एवं वर्मा जी घर से मानसी प्रोविजन स्टोर से महाराज जी निवास तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	14.74	14800.00	750.00	A	04 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
5	यतियतन लाल वार्ड अंतर्गत फैकरा जी मकान से कल्याण साहू मकान तक गुड्डू निषाद गली, मनोज ध्रुव गली एवं संतोष साहू गली में सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	12.23	12500.00	750.00	A	04 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
6	यतियतन लाल वार्ड अंतर्गत गोवर्धन नगर में फैकरा जी मकान से कल्याण साहू मकान तक गुड्डू निषाद गली, मनोज ध्रुव गली एवं संतोष साहू गली में नाली निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	18.88	19000.00	750.00	A	04 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
7	यतियतन लाल वार्ड अंतर्गत गोवर्धन नगर में मौर्या चौक से आर.एस. किराना तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	14.28	14500.00	750.00	A	04 माह	PWD Road SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
8	यतियतन लाल वार्ड अंतर्गत गोवर्धन नगर में रिता पटेल से गोकुल विहार एवं शिव मंदिर से महाराज जी निवास तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	14.64	14700.00	750.00	A	04 माह	PWD Road SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
9	यतियतन लाल वार्ड अंतर्गत रिंग रोड नंबर 01 से अशोक विहार गेट तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	11.31	11500.00	750.00	A	04 माह	PWD Road SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
10	नेताजी कन्हैयालाल वार्ड क्र. 15 के मच्छी तालाब तुलसी सेन के घर के पास नाली निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	8.00	8000.00	750.00	A	04 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
11	नेताजी कन्हैयालाल वार्ड क्र. 15 के गुडमॉर्निंग प्रोविजन के पीछे कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	8.00	8000.00	750.00	A	04 माह	PWD Road SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
12	नेताजी कन्हैयालाल वार्ड क्र. 15 के महेश कॉलोनी में श्रवण शर्मा अभिषेक अग्रवाल के घर से झंडा चौक राम मंदिर होते हुए बालाजी चौक तक नाली निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	7.00	7000.00	750.00	A	04 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
13	वीर शिवाजी वार्ड क्र. 16 अंतर्गत खमतराई बाजार स्थित आंगनबाड़ी भवन एवं प्रथम तल में जिम भवन निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	10.00	10000.00	750.00	A	04 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
14	वीर शिवाजी वार्ड क्र. 16 अंतर्गत खमतराई मुक्तिधाम में सौंदर्यीकरण एवं रंगरोगन एवं पेंटिंग कार्य एवं बाऊंड्रीवाल निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	10.00	10000.00	750.00	A	04 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
15	वीर शिवाजी वार्ड क्र. 16 अंतर्गत खमतराई वीर शिवाजी गार्डन में पेंटिंग एवं मरम्मत कार्य।	अधोसंरचना मद	5.00	7500.00	750.00	A	03 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
16	वीर शिवाजी वार्ड क्र. 16 अंतर्गत रेनबसेरा संतोषी नगर में नीचे तल से टाईल्स मरम्मत एवं पेंटिंग कार्य व गेट मरम्मत कार्य।	अधोसंरचना मद	5.00	7500.00	750.00	A	03 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
17	वीर शिवाजी वार्ड क्र. 16 अंतर्गत सियान सदन शिवानंद नगर में नीचे तल में टाईल्स एवं पेंटिंग कार्य।	अधोसंरचना मद	5.00	7500.00	750.00	A	03 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
18	वीर शिवाजी वार्ड क्र. 16 अंतर्गत बरमदेईपारा झूलाघर में मरम्मत एवं पेंटिंग कार्य।	अधोसंरचना मद	5.00	7500.00	750.00	A	03 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
19	वीर शिवाजी वार्ड क्र. 16 अंतर्गत खमतराई बाजार गांधी चौक स्थित दीवालों पर पेंटिंग कार्य।	अधोसंरचना मद	5.00	7500.00	750.00	A	03 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
20	वीर शिवाजी वार्ड क्र. 16 अंतर्गत शासकीय स्कूल खमतराई के बाऊंड्रीवाल में पेंटिंग कार्य।	अधोसंरचना मद	5.00	7500.00	750.00	A	03 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
21	ठक्कर बापा वार्ड क्र. 17 के अंतर्गत सोनकर किराना स्टोर्स के पास बोर उत्खनन एवं पंप व्यवस्था।	अधोसंरचना मद	8.00	8000.00	750.00	A	04 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
22	ठक्कर बापा वार्ड क्र. 17 के शिवानंद नगर बिजली ऑफिस के पास आदर्श आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	10.00	10000.00	750.00	A	04 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
23	ठक्कर बापा वार्ड क्र. 17 के गीतांजली नगर, दीक्षा नगर में उद्यान एवं जिम निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	15.00	15000.00	750.00	A	04 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
24	दीक्षा नगर नहरपारा में च्वॉइस सेंटर भवन निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	10.00	10000.00	750.00	A	06 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
25	बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्र.18 के आदर्श नगर में सड़क व नाली निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	10.00	10000.00	750.00	A	04 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
26	बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्र.18 के महतारी चौक के पास स्मार्ट सुलभ शौचालय निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	10.00	10000.00	750.00	A	06 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
27	बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्र.18 के आदर्श आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	10.00	10000.00	750.00	A	06 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर
28	बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्र.18 के अशोक नगर उपरपारा में सड़क नाली निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद	10.00	10000.00	750.00	A	04 माह	PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर

निविदा की शर्तें:-

1. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक-01, से प्राप्त की जा सकती है एवं वेबसाइट www.nagarnigamraipur.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर

एक नजर

पार्किंग से एक्टिवा पार

रायपुर, 8 जून। रहेजा रेसीडेंसी पार्किंग में खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रतिमा सोलंकी 48 वर्ष रहेजा रेसीडेंसी खम्हारडीह की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिव्हा क्रमांक सीजी 04 एनयू 7995 को कालोनी के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दामाद ने ससुर से की मारपीट

रायपुर, 8 जून । न्यू राजेन्द्र नगर स्थित स्माइल टाउन सिटी के पास पारिवारिक विवाद को लेकर दामाद ने ससुर के साथ गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया संघमित्रा वाहने 57 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी डॉ. प्रतिक चौधरी 35 वर्ष उसका दामाद है। आरोपी ने पारिवारिक विवाद को लेकर प्रार्थिया के पति संतोष कुमार वाहने से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी दामाद के खिलाफ धारा 294,323,506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 5 गिरफ्तार

रायपुर, 8 जून। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने मल्टीलेवल पार्किंग के पीछे सरेआम शराब पीते आरोपी कौस्तुभ पाण्डेय 32 वर्ष व मोहित कुमार रोहरा 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी संतोष यादव 48 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी भोजराम साहू 50 वर्ष व मिश्री यादव 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

एमआईसी की बैठक 10 को

रायपुर, 8 जून । नगर पालिक निगम रायपुर के सचिवालय द्वारा महापौर एजाज ढेबर के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर की मेयर इन काउंसिल एमआईसी की बैठक दिनांक 10 जून 2024 सोमवार को दोपहर 12 बजे महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में आहुत की है। उक्त जानकारी नगर पालिक निगम के अपर आयुक्त एवं सचिव विनोद पाण्डेय ने दी है।

विप्र नगर में महिला मंच सर्व ब्राह्मण समाज का गठन

रायपुर 8 जून। समाज कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी में सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की उपस्थिति में महिला मंच सदस्यों की बैठक आहूत की गई। विप्र नगर महिला मंच का सर्वसम्मति से गठन किया गया। चुने गए पदाधिकारी निम्नानुसार है-- प्रभारी कविता शर्मा , अध्यक्ष सोनिया शर्मा, उपाध्यक्ष रीता शर्मा, ममता पांडे, श्रद्धा उपाध्याय, सचिव रश्मि दीवान, गायत्री शर्मा, रश्मि अवस्थी, सह सचिव लीला ओझा, रश्मि शर्मा, संगठन सचिव रंजना तिवारी, उषा चौबे, कार्यकारिणी सदस्य ज्योति शर्मा, सुनीता शर्मा, शहर प्रचार सचिव ज्योति त्रिपाठी, ऋषिका शर्मा, सचिव कविता शर्मा तथा संगठन सचिव सोनिया शर्मा चयनित हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने नियुक्ति पत्र प्रदान कर स्वागत किया एवं बधाई दी।

जीएसटी के संयुक्त आयुक्त ने ली ट्रांसपोर्टरों की बैठक

रायपुर, 8 जून । इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत आज जीएसटी संभाग दो रायपुर ने ट्रांसपोर्टरों की बैठक ली, जिसमें संयुक्त आयुक्त सीआर महिलांगे ने हाल ही में लागू किए गए ई वे बिल से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी. बैठक में बताया गया कि ई-वे बिल का निर्माण क्रेता एवं विक्रेता व्यवसाइयों के साथ-साथ विभिन्न परिस्थितियों में ट्रांसपोर्टर भी जारी कर सकते हैं. बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए ट्रांसपोर्टरों ने ई वे बिल से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं को रखा. संयुक्त आयुक्त महिलांगे ने आश्वासन दिया कि यथासंभव समस्याओं का निदान किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के इन कर्मचारियों को मिलेगी बड़ी सौगात

रायपुर, 8 जून। निगम ,मंडल, आयोग अर्धशासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए एक अच्छी खबर निकलकर सामने आई है। वित्त विभाग ने सभी कर्मचारियों के सातवें वेतनमान की अंतिम किश्त के भुगतान की स्वीकृत दे दी है। राज्य शासन के वित्त विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य के शासकीय सेवकों के अनुरूप निगम, मंडल, आयोग, अर्धशासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं के कर्मचारियों को माह फरवरी 2018 से जून 2018 तक की अवधि के एरियर राशि के भुगतान किए जाने की स्वीकृति दे दी है।

अमन गैंग को पिस्टल उपलब्ध कराने वाला राजवीर मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

■ आरोपी राजवीर सिंह चावला स्वयं पिस्टल बनाकर करता था खरीदी-बिक्री का व्यापार

रायपुर 8 जून। राजधानी के पुलिस ने अमन साहू गैंग के राजवीर सिंह चावला को मध्यप्रदेश के बड़वानी में गिरफ्तार कर लिया गया है। चावला साहू गैंग को हथियारों की सप्लाई करता रहा है। ज्ञात हो कि थाना गंज में दर्ज अपराध क्रमांक 223/24 धारा 399, 402, 386, 120बी भादवि. एवं 25 आर्म्स एक्ट के प्रकरण में अमन साहू गैंग के 04 शुटरों रोहित स्वर्णकार पिता निरंजन स्वर्णकार उम्र 26 साल निवासी गली नंबर 13 बोकारो थाना चास जिला बोकारो झारखण्ड , मुकेश कुमार पिता चिमनलाल उम्र 26 साल निवासी ग्राम सारन थाना सियारी जिला पाली राजस्थान, देवेन्द्र सिंह पिता मोहन सिंह उम्र 20 साल निवासी ग्राम सारन थाना सियारी जिला पाली राजस्थान, पप्पू सिंह उर्फ पप्सा पिता मोहन सिंह उम्र 31 साल निवासी ग्राम सारन थाना सियारी जिला पाली राजस्थान को पूर्व में गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित 01 नग पिस्टल जप्त किया गया था।

पुलिस की टीम द्वारा आरोपियों की पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर संगठित अपराधिक गिरोह के सदस्यों की जानकारी प्राप्त करने के प्रयास किये जा रहे थे। टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त आरोपी रोहित स्वर्णकार से पूछताछ में उसके द्वारा पिस्टल को सेंधवा, इन्दौर, मध्यप्रदेश से 01 नग पिस्टल प्राप्त करना बताया गया था। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा आरोपी रोहित स्वर्णकार के बताये अनुसार व्यक्ति को तकनीकी माध्यमों से लगातार लोकेट करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को पिस्टल उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति को बड़वानी मध्य प्रदेश निवासी राजवीर सिंह चावला के रूप में लोकेट करने में सफलता प्राप्त हुई। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन कर उसे मध्य प्रदेश रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा बड़वानी मध्य प्रदेश पहुंच कर लगातार कैम्प कर आरोपी राजवीर सिंह चावला को स्थानीय बड़वानी पुलिस की सहायता से पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी राजवीर सिंह चावला ने बताया कि उसके द्वारा अवैध रूप से पिस्टल बनाने एवं उसकी खरीदी-बिक्री का कार्य किया जाता है। उसके द्वारा पिस्टल बिक्री हेतु मोन्टू सिंह नाम से अपनी फर्जी फेसबुक आई.डी. का प्रयोग किया जाता था आरोपी द्वारा पिस्टल बनाकर अपनी फेसबुक आई.डी. में अपलोड किया जाता था, ग्राहक द्वारा आरोपी के आई.डी. में डली पिस्टल की फोटो को देखकर उससे फेसबुक के माध्यम से सम्पर्क किया जाता था एवं उसके पश्चात व्हॉट्सएप कॉलिंग के माध्यम से पिस्टल की खरीदी-बिक्री की जाती है। अवैध हथियार के खरीदी बिक्री हेतु व्हॉट्सएप कॉलिंग के लिये आरोपी द्वारा 02 विदेशी व्हॉट्सएप नम्बर अजरबाईजान (+994) एवं पुर्तगाल (+351) का उपयोग किया जाता है। इसी प्रकार कुछ दिनों पूर्व मयंक सिंह द्वारा आरोपी के फर्जी फेसबुक आई.डी. से सम्पर्क कर आरोपी को कहा था कि कुछ दिनों बाद तुमसे रोहित नाम का व्यक्ति आकर मिलेगा तुम उसे पिस्टल दे देना। जिस पर रोहित के द्वारा आरोपी से मिलने पर आरोपी द्वारा 35,000/- रूपये रोहित से प्राप्त कर रोहित स्वर्णकार को 01 नग पिस्टल दे दिया गया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना से संबंधित 01 नग मोबाईल फोन तथा नगदी रकम जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

रायपुर 8 जून। छत्तीसगढ़ के नव निर्वाचित लोक सभा सदस्यों के सम्मान में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में रात्रिभोज का आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नव निर्वाचित सांसदों का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि सांसदों की भूमिका राज्य के विकास में अहम है और सभी को मिलकर छत्तीसगढ़ की प्रगति के लिए कार्य करना होगा।

सीएम ने स्वेच्छानुदान से दिए 1.50 करोड़ से अधिक राशि

रायपुर, 8 जून । राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया के ग्राम बाहपानी में 20 मई को हुई दुःखद सड़क दुर्घटना एवं बेमेतरा जिले की भिंभौरी तहसील के ग्राम पिरदा में 25 मई को स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में मृतकों के परिजनों तथा घायलों सहित 51 अनुदानग्रहिताओं को अपने स्वेच्छानुदान मद से कुल 01 करोड़ 51 लाख 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए तथा घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी की सड़क दुर्घटना में 19 मृतकों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से 95 लाख रूपए तथा इस घटना में 16 घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से कुल 8 लाख रूपए की राशि मुख्यमंत्री साय द्वारा स्वेच्छानुदान मद से मंजूर की गई है। इसी प्रकार बेमेतरा जिले के ग्राम पिरदा की स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में 25 मई को हुए ब्लास्ट में एक मृतक एवं 8 लापता व्यक्तियों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से कुल 45 लाख रूपए की आर्थिक सहायता तथा इसी घटना में 7 घायलों को 50 हजार रूपए के मान से कुल 3 लाख 50 हजार रूपए की सहायता राशि की मंजूरी मुख्यमंत्री ने दी है। मुख्यमंत्री ने कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी की सड़क दुर्घटना में मृतक श्रीमती प्यारी बाई, कुमारी सोनम बाई धुर्वे, आदि की सहायता राशि मुख्यमंत्री साय द्वारा मंजूर की गई है।

गैर मान्यता स्कूलों के खिलाफ एनएसयूआई ने खोला मोर्चा

■ प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल ने दी तालाबंदी की चेतावनी

रायपुर 8 जून। लगातार राजधानी में गैर मान्यता स्कूलों का संचालन किया जा रहा है जिसके खिलाफ एनएसयूआई प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल के नेतृत्व में डीईओ कार्यालय का घेराव किया। नियमानुसार छत्तीसगढ़ अशासकीय स्कूल विनिमयन अधिनियम 1975. निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत मान्यता प्राप्त किया बिना रकूल का संचालन किया जा रहा है, इन स्कूलों में फीस नियामक अधिनियम 2020 का भी पालन नहीं किया जा रहा है. इन्ही में से कृष्णा किड्स एकाडमी चैतन्य टेक्नो स्कूल जैसे आदि स्कूल गैर मान्यता स्कूलों का संचालन कर रहे है।

एनएसयूआई प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल ने आरोप लगाया की राजधानी में गली मोहल्ले में केपीएस के अनेक गैर मान्यता स्कूल चलाया जा रहा है एनएसयूआई लगातार इसकी सूचना कारवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को देते रहा है पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कोई कारवाई नही किया जाता है जिसको लेकर एनएसयूआई ने काली पट्टी बांध कर डीईओ कार्यालय का घेराव किया है। अगर स्कूल खुलने तक ऐसे गैर मान्यता स्कूलों को मान्यता नहीं मिला तो एनएसयूआई ऐसे स्कूलों पर तालाबंदी करेगी। प्रदर्शन में प्रदेश सचिव कुणाल दुबे, मोनू तिवारी , वाइस चेयरमैन पुनेश्वर लहरे , जिला सचिव गावेश साहू, विधानसभा उपाध्यक्ष विकाश पांडे, मनीष बांधे, तनिष्क मिश्रा अंकित बंजारे अन्य मौजूद थे।

बृजमोहन ने जन्मदिन पर रामसुन्दर दास को दी बधाई

रायपुर 8 जून। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज पीठाधीश्वर श्री दूधाधारी मठ रायपुर एवं श्री शिवरीनारायण मठ का जन्मोत्सव बहुत ही गरिमामयी वातावरण में बड़े ही सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया। मठ मंदिर में भगवान राघवेंद्र सरकार की विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर लोगों ने समूह में, अपने परिवार के साथ तथा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर उन्हें शुभकामनाओं के साथ बधाई देकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षा मंत्री एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने शुभचिंतकों के सहित दूधाधारी मठ पहुंचकर राजेश्री महन्त जी महाराज को जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी, उन्होंने साल, पुष्प माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। राजेश्री महन्त जी ने उनका स्वागत शाल, श्रीफल एवं पुष्प माला से की एवं रिकॉर्ड मत से विजय प्राप्त करने पर उन्हें बधाई दी। इनके अतिरिक्त राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री श्री प्रेम साय सिंह टेकाम, कसडोल विधानसभा क्षेत्र के विधायक संदीप साहू सहित अनेक अति विशिष्ट लोगों ने मठ पहुंचकर महाराज जी को जन्म दिवस के अवसर पर बधाई दी।

जैतु साव मठ ट्रस्ट के सदस्यों ने अपने पूरे स्टाफ सहित श्री दूधाधारी मठ पहुंचकर महाराज जी से सौजन भेंट मुलाकात की इसमें श्री अजय तिवारी, दाऊ महेंद्र अग्रवाल, रमेश यदु, चंद्रकांत यदु सहित ट्रस्ट कमेटी के सभी सदस्य एवं पुजारीगण उपस्थित थे। श्री दूधाधारी मठ के पुजारी एवं विद्यार्थियों ने स्वस्तिवाचन करके विधिवत पूजा अर्चना कर पूज्य गुरुदेव महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

सेवा दिवस के रूप में मनाया जन्मदिन

रायपुर 8 जून। सिटी डेंटल केयर के द्वारा डॉ एम एस नवाज के जन्मदिन के उपल्क्ष जनसेवा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम कोट में किया गया चिकित्सक इन क्षेत्रों में पहुंच कर लोगों को सेहतमंद बनाने में मददगार बने इसी उद्देश से आयोजन किया गया !साफ सफाई का विशेष ध्यान दें बच्चों को बीमारियों से दूर रखने के लिए नियमित रूप से साफ सफाई ध्यान रखना जरूरी है अधिकांश बीमारियों की वजह साफ सफाई ठीक नही होती है बच्चों की सफाई की देख भाल उनके माता पिता की है खराब हाइजिन एवम गंदगी से इस मौसम में होने वाली प्रमुख बीमारियां डायरिया,हैजा,ब्लैक फंगस,वायरल बुखार, फंगल इन्फेक्शन ,अल्सर,पेट का संक्रमण तथा पीलिया आदि प्रमुख है साफ सफाई न रखना बीमारियों को आमंत्रित करने जैसा है लोगो को जागरूक किया गया !

दो दिनों बाद छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगा मानसून

रायपुर, 8 जून। नौतपा में भीषण गर्मी का सामना करने वाले छत्तीसगढ़ को अंततः थोड़ी राहत मिल गई है। प्रदेश में प्री मानसून गतिविधियां प्रारंभ हो गई हैं। सुकमा में 3 सेमी और अंबागढ़ चौकी में 2 सेमी वर्षा सहित प्रदेश के कई हिस्सों में बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश दर्ज की गई है। इस बार मानसून तय वक्त से पहले ही केरल प्रवेश कर चुका है। इसके प्रभाव छग में भी देखने को मिलेगा। यहां भी तय समय से पहले ही मानसून प्रवेश होगा। वर्तमान में बन रही स्थिति के अनुसार मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून छग में 10 जून के आस- पास प्रवेश करेगा। इसके 3 दिनों पश्चात अर्थात 13 जून के करीब मानसून की दस्तक राजधानी में होगी।

गौरतलब है कि, छत्तीसगढ़ में मानसून आने की सामान्य तिथि 13 जून है। इसके तीन दिनों बाद 16 जून को रायपुर में दस्तक होती है तथा 21 जून को अंबिकापुर पहुंचने के साथ ही यह पूरे प्रदेश में छा जाता है। शुक्रवार को भी छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज के साथ बिजली चमकने और तेज हवा चलने की आशंका भी मौसम विभाग द्वारा जताई गई है। अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, कर्नाटक के अधिकतर हिस्सों, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के अधिकतर हिस्सों और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मानसून की उत्तरी सीमा रत्नागिरी, सोलापुर, मेडक, भद्राचलम, विजयनगरम और इस्लामपुर से होकर गुजरना रही है। अगले 3-4 दिनों के दौरान मध्य अरब सागर के कुछ हिस्सों, कर्नाटक और तटीय आंध्रप्रदेश के शेष हिस्सों, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, तेलंगाना, दक्षिण छत्तीसगढ़ और दक्षिण ओडिशा के कुछ हिस्सों, पश्चिम मध्य के शेष हिस्सों और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। राजधानी सहित प्रदेश के कई हिस्सों में आसमान आंशिक मेघमय रहेगा। गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा भी संभावित है। गुरुवार को सर्वाधिक तापमान 426 डिग्री दुर्ग में दर्ज हुआ। सबसे ङ्क कम न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री नारायणपुर में दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक 42.3 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 11 डिग्री अधिक 29.3 डिग्री दर्ज किया गया।

शिक्षित एवं दक्ष बेरोजगारों के लिए 10 को लगेंगे जॉब फेयर

रायपुर, 8 जून। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से दिनांक 10 जून 2024 को स्थान- रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में 11.00 बजे से सायं 02:00 बजे तक जॉब फेयर आयोजित है। जिसके माध्यम से निजी क्षेत्र के श्री माँ आशा आर्गेनिक फार्मिंग फ्रंडेशन एवं एलक्सर कन्सेल्टेंसी प्रा. लि. मि. द्वारा न्यूनतम 8वी से स्नातक उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती वेटर, टेलिकॉतर, हैल्पर, टेक्निशियन सोलर टेक्निशियन एवं डी. एम.एस / सेल्स एक्झीक्यूटी के 75 से अधिक पदों पर भर्ती की जावेगी। जिसके लिए न्यूनतम 10,000/- से 14,500/- तक वेतनमान निर्धारित है। अतः जाब फेयर में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बायोडाटा/आधार कार्ड एवं शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता के प्रमाण पत्रो की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

रामकृष्ण केयर की अंगदान मुहिम ने दिया 10 लोगों को जीवनदान

रायपुर 8 जून। विगत कई दिनों से रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने प्रदेश में अंगदान के लिए विशेष मुहिम चला रखी थी। इस मुहिम के तहत ब्रेन डेड मरीजों के परिजनों की काउंसलिंग कर उन्हें अंगदान कर दूसरों को जीवनदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा था। इस मुहिम के तहत रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के डॉक्टर्स एवं स्टाफ ने भी विगत दिनों अंगदान के लिए संकल्प पत्र भरा था।

इस विषय पर चर्चा करते हुए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने बताया कि मेडिकल क्षेत्र में हुए नवाचारों के कारण अब बहुत से अंगों का प्रत्यारोपण संभव है जैसे कि किडनी, लिवर, हार्ट इत्यादि। इन प्रत्यारोपणों की सफलता का प्रतिशत भी लगातार बेहतर होता चला जा रहा है जिससे कि कई कम उम्र के लोगों को नया जीवन प्राप्त हो रहा है। परंतु समस्या यह है कि हमारे देश में इस विषय पर जागरूकता कम होने के कारण अंगों की आवश्यकता लाखों में है जबकि दानदाता सिर्फ कुछ हजार ही आगे आते है। इन परिस्थितियों में ऐसे मरीज, जिन्हें अंग प्राप्त होने पर वे लंबा जीवनयापन कर सकते हैं, उन्हें असमय काल के गाल में समाता हुआ देख कर बेहद पीड़ा महसूस होती है। इसी लिए हमने इस विषय पर जगरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाया है। हॉस्पिटल के डॉ. अखिल जैन ने बताया कि विगत 1 जुन को फुटबॉल खेलते समय सर पर गहरी चोट आने के कारण 11 वर्षिय बालक प्रखर को अस्पताल लाया गया था। 5 दिनों तक हर संभव प्रयास के बाद भी बालक का ब्रेन डेड हो गया। तब हमारी डॉक्टर्स की टीम ने बालक के पिता रमेश साहू एवं माता मंजू साहू की अंगदान के लिए काउंसलिंग की और उन्होंने यह साहसिक निर्णय लेते हुए सहमति प्रदान कर दी।

इसके पश्चात रामकृष्ण केयर के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे के नेतृत्व में अनुभवी डॉक्टर्स की टीम जिसमें न्यूरो सर्जन डॉ. एस. एन. मढ़रिया, किडनी ट्रांस्प्लांट टीम के डॉ. अजय पराशर, डॉ. संजीव अनंत काले, डॉ. प्रवाश चौधरी, डॉ. हर्ष जैन, डॉ. मलय रंजन, लिवर ट्रांस्प्लांट टीम के डॉ. मोहम्मद अब्दुन नईम, डॉ. अजित मिश्रा, डॉ. युक्तांश पाँडे, डॉ. राजकुमार, डॉ. धीरज प्रेमचन्दानी, क्रिटिकल केयर टीम के डॉ. विशाल कुमार, डॉ. राकेश अग्रवाल, एनेस्थिस्ट डॉ. श्रुति खारखेड़कर, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के डॉ. अखिल जैन एवं ओटी, नर्सिंग व ट्रांस्प्लांट सहायक टीम आदि शामिल थे, ने मिलकर किडनी एवं लिवर ट्रांसप्लांट की जटिल प्रक्रिया को पूरा किया। इसके अतिरिक्त पुलिस प्रशासन के सहयोग से ग्रीन कॉरीडोर का निर्माण कर अंगों को समय से अन्य अस्पतालों में भर्ती जरूरतमंद मरीज़ों को पहुँचाया गया। डॉक्टर संदीप दवे ने कहा कि डोनर परिवार की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है क्योंकि उन्होंने अपने को खो कर 10 दूसरे लोगों को जीवनदान दे दिया7 इनमें से एक तो मात्र 10 वर्ष का बालक है जो आशाहीन अंत से सामान्य जीवन की ओर अपने कदम बढ़ाएगा और यह इस परिवार के संकल्प के बगैर संभव नहीं था। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि इस प्रकरण के द्वारा अंगदान के महत्व को समझते हुए भविष्य में और लोग भी आगे आकर अन्य मरीजों के लिए जीवन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26